आज का तापमान

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 19°C | 9°C |

इनसाइड न्यूज

सीएम योगी के नेतृत्व में पिछड़ा वर्ग कल्याण की योजनाओं ने रची नए...

उत्तर प्रदेश पेज : 03

लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# जन एक्सप्रेस



मंगलवार 30 दिसंबर, 2025 / पेज : 12 / मूल्य : ₹3.00/- लखनऊ वर्ष : 17, अंक : 79 www.janexpresslive.com/epaper

डीएसी ने सेना के आधुनिकीकरण के लिए... 12

# अरावली खनन मामले में 'सुप्रीम' रोक

## पहले 100 मीटर से छोटी पहाड़ियों पर खनन को मंजूरी दी थी, अब रोक लगाई

- भूपेंद्र यादव ने फैसले का किया स्वागत, कांग्रेस ने बताया उम्मीदों की किरण

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

अरावली खनन मामले में सुप्रीम कोर्ट ने आज यानी सोमवार को अपने पुराने फैसले पर रोक लगा दी। ऐसे में केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने सोमवार को सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले का स्वागत किया है। भूपेंद्र यादव ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर कहा कि वे सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले और मुद्दों का अध्ययन करने के लिए एक नई कमेटी बनाने के निर्देशों का स्वागत करते हैं। उन्होंने कहा कि पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय सुप्रीम कोर्ट के इस नई समिति को हर जरूरी सहयोग देगा। अपने पोस्ट में मंत्री ने साफ किया कि अभी भी अरावली क्षेत्र में नई खनन लीज देने या पुरानी लीज को नवीनीकरण करने पर पूरी तरह रोक जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि सरकार अरावली पहाड़ियों की सुरक्षा और दोबारा सुधार के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।



### सुप्रीम कोर्ट ने सरकार से मांगा स्पष्ट जवाब

अरावली खनन मामले में सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को अपने पुराने फैसले पर रोक लगा दी है। सरकार से स्पष्ट जवाब मांगते हुए शीर्ष अदालत की पीठ ने कहा, इस मामले में स्पष्टीकरण जरूरी है। बता दें कि कोर्ट ने इस मामले का स्वतः संज्ञान लिया है। अरावली पहाड़ियों और पर्वत श्रृंखलाओं की परिभाषा नए सिरे से तय किए जाने के इस मामले में सुप्रीम कोर्ट ने कहा, 20 नवंबर के फैसले में दिए गए निर्देशों को स्थगित रखा जाएगा। अपने आदेश में अदालत ने कहा, इसमें कुछ ऐसे मुद्दे हैं जिन पर स्पष्टीकरण आवश्यक हैं।

### कांग्रेस ने भी किया फैसले का स्वागत

उधर, कांग्रेस ने भी सोमवार को अरावली पहाड़ियों की नई परिभाषा को लेकर सुप्रीम कोर्ट के फैसले का स्वागत किया। पार्टी ने केंद्र सरकार और खास तौर पर केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव पर हमला बोलते हुए उनसे इस्तीफे की मांग की है। कांग्रेस पहले से ही इस नई परिभाषा का विरोध कर रही थी। ऐसे में पार्टी का कहना है कि अगर यह परिभाषा लागू होती, तो अरावली पहाड़ियों को खनन, रियल एस्टेट और अन्य परियोजनाओं के लिए खोल दिया जाता, जिससे पहाड़ों को भारी नुकसान होता। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा कि सुप्रीम कोर्ट का यह फैसला 'उम्मीद की एक किरण है। उन्होंने कहा कि अब इस मुद्दे पर और विस्तार से अध्ययन होगा। जयराम रमेश ने यह भी कहा कि इस नई परिभाषा का विरोध पहले ही फॉरेस्ट सर्वे ऑफ इंडिया, सुप्रीम कोर्ट की सेंट्रल एम्पावर्ड कमेटी भी कर चुकी है।

### कांग्रेस ने मांगा भूपेंद्र यादव का इस्तीफा

जयराम रमेश ने आगे कहा कि फिलहाल राहत जरूर मिली है, लेकिन अरावली को बचाने की लड़ाई अभी खत्म नहीं हुई है। कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि मोदी सरकार अरावली को खनन और रियल एस्टेट के लिए खोलना चाहती है। इतना ही नहीं मामले में कांग्रेस ने सुप्रीम कोर्ट के ताजा आदेश के बाद केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव से तुरंत इस्तीफा देने की मांग की है। पार्टी का कहना है कि अदालत का फैसला मंत्री के उन सभी तर्कों को खारिज करता है, जिनके जरिए वे नई परिभाषा का समर्थन कर रहे थे।

### 24 दिसंबर के निर्देश क्या कहते हैं?

बता दें कि इस अत्यंत संवेदनशील मुद्दे पर विगत 24 दिसंबर को केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने नए निर्देश जारी किए थे। इनमें केंद्र सरकार ने कहा है कि नए खनन के लिए मंजूरी देने पर रोक संपूर्ण अरावली क्षेत्र पर लागू रहेगी। इसका उद्देश्य अरावली रेंज की अखंडता को बचाए रखना है। इन निर्देशों का लक्ष्य गुजरात से राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र तक फैली एक सतत भूवैज्ञानिक श्रृंखला के रूप में अरावली का संरक्षण करना और सभी अनियमित खनन गतिविधियों को रोकना है।

### 21 जनवरी को होगी अगली सुनवाई

सोमवार को अवकाश पीठ में हुई सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने संबंधित क्षेत्र के विशेषज्ञों को मिलाकर एक उच्चस्तरीय समिति गठित करने का प्रस्ताव भी रखा। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र और अन्य पक्षों को नोटिस जारी करते हुए कहा कि इस मामले में आगे की सुनवाई 21 जनवरी को होगी।

### 24 दिसंबर के निर्देश क्या कहते हैं?

बता दें कि इस अत्यंत संवेदनशील मुद्दे पर विगत 24 दिसंबर को केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने नए निर्देश जारी किए थे। इनमें केंद्र सरकार ने कहा है कि नए खनन के लिए मंजूरी देने पर रोक संपूर्ण अरावली क्षेत्र पर लागू रहेगी। इसका उद्देश्य अरावली रेंज की अखंडता को बचाए रखना है। इन निर्देशों का लक्ष्य गुजरात से राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र तक फैली एक सतत भूवैज्ञानिक श्रृंखला के रूप में अरावली का संरक्षण करना और सभी अनियमित खनन गतिविधियों को रोकना है।

### सॉलिसिटर जनरल ने कहा, गलतफहमियां फैलाई जा रहीं

सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने अदालत से कहा कि इस मामले में अदालत के आदेशों, सरकार की भूमिका और पूरी प्रक्रिया को लेकर कई तरह की गलतफहमियां फैलाई जा रही हैं। इन्हीं भ्रमों को दूर करने के लिए एक विशेषज्ञ समिति गठित की गई थी। समिति ने अपनी रिपोर्ट सौंपी थी, जिसे अदालत ने स्वीकार भी किया था।

### कोर्ट ने कहा, अदालत की टिप्पणियों का गलत अर्थ निकाला जा रहा

मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने कहा कि अदालत की भी यही भावना है कि विशेषज्ञ समिति की रिपोर्ट और उसके आधार पर अदालत द्वारा की गई कुछ टिप्पणियों को लेकर गलत अर्थ निकाले जा रहे हैं। सीजेआई ने संकेत दिया कि इन गलत धारणाओं को दूर करने के लिए स्पष्टीकरण की जरूरत पड़ सकती है, ताकि अदालत की मंशा और निष्कर्षों को लेकर कोई भ्रम न रहे। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि विशेषज्ञ समिति की रिपोर्ट या अदालत के फैसले को लागू करने से पहले एक निष्पक्ष और स्वतंत्र मूल्यांकन जरूरी है, ताकि कई अहम सवालों पर स्पष्ट दिशा मिल सके।

### अशोक गहलोत बोले, मंत्री जनता की इच्छा क्यों नहीं समझ पा रहे

कांग्रेस नेता अशोक गहलोत ने कहा- हमें बहुत खुशी है कि सर्वोच्च न्यायालय ने आज स्थगन आदेश जारी किया है। हम इसका स्वागत करते हैं और आशा करते हैं कि सरकार भी जनता की इच्छा को समझेगी। चारों राज्यों की जनता, और वास्तव में पूरे देश की जनता, इस आंदोलन में शामिल हुई है। सड़कों पर उतरी है। विभिन्न रूपों में विरोध प्रदर्शन किया है। यह समझ से परे है कि मंत्री (पर्यावरण मंत्री) इसे क्यों नहीं समझ पा रहे हैं।

## दुष्कर्म के दोषी कुलदीप सेंगर को सुप्रीम कोर्ट से झटका

# दिल्ली हाईकोर्ट के फैसले पर रोक



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट में उन्नाव दुष्कर्म मामले में दोषी पाए गए भाजपा के पूर्व विधायक कुलदीप सिंह सेंगर के मुकदमे पर सुनवाई हुई। शीर्ष अदालत की पीठ ने सेंगर को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। सुनवाई के दौरान पीठ ने कहा कि दिल्ली हाईकोर्ट के आदेश पर फिलहाल रोक लगाई जाती है। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जेके माहेश्वरी और ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ में सुनवाई के दौरान सीबीआई की ओर से पेश हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने उच्च न्यायालय के आदेश पर रोक लगाने की अपील की। पीठ ने कहा कि वह इस मामले की जांच करेगी क्योंकि इस मुकदमे पर विचार करना आवश्यक है। शीर्ष अदालत ने साफ किया कि कि उच्च न्यायालय के 23 दिसंबर के आदेश के आधार पर सेंगर को हिरासत से रिहा नहीं किया जाएगा। ▸ संबंधित खबर पेज 12 पर

### चार हफ्ते बाद होगी सुनवाई

मामले की सुनवाई चार सप्ताह करने की बात कहते हुए सुप्रीम कोर्ट की बेंच ने कहा, इस मामले में महत्वपूर्ण कानूनी प्रश्नों पर विचार किया जाना है। सुनवाई के दौरान सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा, ये मामला बच्ची के साथ भयावह दुष्कर्म का है। दोषी पर आईपीसी की धारा 376 और पॉक्सो कानून की धारा पांच और छह के तहत आरोप तय किए गए हैं। अदालत ने इस बात को नोट किया कि अपराध के समय पीड़िता की आयु 15 साल 10 माह थी। तमाम दलीलों को सुनने के बाद चीफ जस्टिस सूर्यकांत ने कहा, हम हाईकोर्ट के फैसले पर रोक लगाने के पक्ष में हैं।

### सेंगर के खिलाफ सीबीआई की याचिका

गौरतलब है कि सुप्रीम कोर्ट में चीफ जस्टिस की अगुवाई वाली पीठ ने आज केंद्रीय जांच ब्यूरो की याचिका पर सुनवाई की। इसमें दिल्ली हाईकोर्ट द्वारा कुलदीप सिंह सेंगर की उम्रकैद की सजा निलंबित करने के फैसले को चुनौती दी गई थी। बता दें कि दिल्ली हाईकोर्ट ने 23 दिसंबर को सेंगर की उम्रकैद की सजा निलंबित कर दी थी, जिसके बाद सीबीआई ने इस फैसले के खिलाफ शीर्ष अदालत का रुख किया।

### पीड़ित पक्ष का बयान, सुप्रीम कोर्ट पर पूरा भरोसा

इससे पहले उन्नाव दुष्कर्म पीड़िता और उसकी मां ने रविवार को जंतर मंतर पर कुलदीप सिंह सेंगर को मिली जमानत के खिलाफ प्रदर्शन किया। इस दौरान प्रदर्शनकारी बड़ी संख्या में हाथों में बैनर व तख्तियां लिए पहुंचे। पीड़िता की मां ने बताया कि उन्हें सुप्रीम कोर्ट पर पूरा भरोसा है और उन्हें उम्मीद है कि वहां से उन्हें न्याय मिलेगा। उन्होंने बताया कि उनपर केस वापस लेने का दवाब बनाया जा रहा है। हम बिना किसी डर के अपनी कानूनी लड़ाई लड़ना चाहती है और इसके लिए उसे सुरक्षा की जरूरत है।

## योगी के निर्देश पर एफएसडीए का बड़ा एक्शन

# कोडीनयुक्त कफ सिरप की पैरेलल सप्लाई चेन ध्वस्त

- 52 जिलों में सघन जांच, 161 फर्मों पर एफआईआर, 36 जनपदों में अवैध डायवर्जन का हुआ खुलासा
- कोडीन कफ सिरप का गैर-चिकित्सीय उपयोग सिद्ध, 700 करोड़ से अधिक की संदिग्ध आपूर्ति जांच के घेरे में
- मुख्यमंत्री के निर्देश पर चला प्रदेशव्यापी अभियान, एनडीपीएस और बीएनएस के तहत हुई सख्त कानूनी कार्रवाई

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

योगी सरकार ने पिछले पौने नौ वर्षों में अवैध नशे के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की है। योगी सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति के तहत ताबड़तोड़ एक्शन ने अवैध नशे के सौदागरों की कमर तोड़ दी है। इसी क्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन (एफएसडीए) को कोडिनयुक्त कफ सिरप एवं एनडीपीएस श्रेणी की औषधियों के अवैध भंडारण, क्रय-विक्रय, वितरण तथा अवैध डायवर्जन पर प्रभावी नियंत्रण के लिए अभियान चलाने के निर्देश दिये। इस पर तीन माह पहले अभियान शुरू किया। विभाग ने कोडिनयुक्त कफ सिरप के अवैध डायवर्जन को लेकर देश का सबसे बड़ा क्रैक डाउन शुरू करने से पहले अंदरुनी गहन जांच शुरू की। इस दौरान झारखंड, हरियाणा, हिमाचल, उत्तराखंड जैसे राज्यों में विवेचना की गई और यूपी के सुपर स्टॉकिस्ट और होलसेलर के साथ उनके कारोबारी रिश्तों के सबूत जुटाए। इसके बाद प्रदेश में क्रैक डाउन शुरू हुआ, जिसने सिरप के अवैध डायवर्जन की परतें उधेड़ दीं। एसएसडीए की रिपोर्ट के आधार पर पुलिस और एसटीएफ ने नशे के सौदागरों को दबोचने के लिए एक्शन शुरू किया। सीएम के निर्देश पर सिरप का नशे के रूप में इस्तेमाल करने वालों के खिलाफ एनडीपीएस और बीएनएस के तहत मुकदमे दर्ज किये गये। इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने मामले में एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा चलाने को सही ठहराते हुए 22 मामलों में आरोपियों की रिट याचिकाओं को खारिज कर दिया। कोर्ट ने 22 मामलों में आरोपियों द्वारा अरेस्ट स्टे की रिट याचिकाओं को भी खारिज कर दिया।



### लाइसेंसिंग प्रणाली सख्त करने का प्रस्ताव

मुख्यमंत्री के निर्देश पर एफएसडीए मुख्यालय द्वारा थोक औषधि विक्रय लाइसेंसिंग प्रणाली को और अधिक सख्त व पारदर्शी बनाने के लिए शासन को प्रस्ताव भेजा गया है। इसमें थोक प्रतिष्ठान की जीओ टैगिंग, भंडारण क्षमता की पुष्टि और इनकी फोटोग्राफ कराने का प्रस्ताव भेजा गया है। वहीं प्रतिष्ठान के टेक्निकल पर्सन का अनुभव प्रमाण पत्र को ड्रग इंस्पेक्टर द्वारा सत्यापन करने का भी प्रस्ताव भेजा गया है। कोडीनयुक्त कफ सिरप के निर्माण, बल्क सप्लाई, वितरण एवं निगरानी के लिए भारत सरकार से आवश्यक अधिसूचना एवं दिशा-निर्देश जारी करने के लिए प्रस्ताव भेजा जा रहा है!!

### मामले की तह तक पहुंची एफएसडीए और पकड़ में आया पूरा नेक्सेज

एफएसडीए आयुक्त ने मामले की तह तक पहुंचने के लिए जनपद स्तर पर कई टीमें बनाईं। टीमों की निगरानी के लिए मुख्यालय पर एक टीम बनाई गई। विभिन्न टीमें जांच के लिए विभिन्न प्रदेशों में गई और गोपनीय तरीके से साक्ष्य जुटाए। टीम ने केंद्रीय नॉरकोटिक्स ब्यूरो, ग्वालियर, मध्य प्रदेश से कोडीन फॉस्फेट का कोटा एवं उठान के विवरण को एकत्रित किया। वहीं टीम ने कोडिनयुक्त कफ सिरप निर्माता फर्मों की जांच के लिए हिमाचल प्रदेश, हरियाणा और उत्तराखंड गई। यहां से सिरप के निर्माण और वितरण से संबंधित अभिलेख जुटाए। इसके बाद सिरप के क्रय विक्रय अभिलेख के लिए रांची, दिल्ली और लखनऊ का रूख किया। इस दौरान पाया गया कि अधिकांश होलसेल के पास स्टॉक पहुंचने का सत्यापन नहीं है और रिटेल मेडिकल स्टोर के नाम पर कोई भी विक्रय बिल नहीं मिला जबकि दिल्ली, रांची के सुपर स्टॉकिस्ट और इनसे जुड़े कुछ चिन्हित होल सेलर के नाम पर बिलिंग करके सिरप के साथ एनडीपीएस श्रेणी की दवाओं की एक सामानान्तर वितरण श्रृखंला बनायी गयी। इसका खुलासा करने के लिए विभाग द्वारा कड़ी मेहनत की गयी। इसके बाद पूरी चेन को कनेक्ट किया, जिसके बाद सिरप के अवैध डायवर्जन का मामला सामने आया।

### पुलिस और एसटीएफ ने कुल 85 अभियुक्तों को किया अरेस्ट

एफएसडीए ने रिपोर्ट सीएम और पुलिस को सौंपी। इसके आधार पर पुलिस और एसटीएफ ने 79 अभियोग दर्ज किये। इसमें अब तक 85 अभियुक्तों की गिरफ्तारी की जा चुकी है। वर्तमान में एक्शन चल रहा है। वहीं मामले में गठित एसआईटी भी जांच कर रही है। जानकारों की मानें तो अगले माह एसआईटी जांच रिपोर्ट सीएम को सौंप सकती है।

### 332 से अधिक थोक औषधि विक्रय प्रतिष्ठानों की जांच की

एफएसडीए ने पिछले तीन माह में कोडिनयुक्त कफ सिरप और एनडीपीएस श्रेणी की औषधियों के अवैध भंडारण, क्रय-विक्रय, वितरण तथा अवैध डायवर्जन पर कुल 52 जनपदों में 332 से अधिक थोक औषधि विक्रय प्रतिष्ठानों की जांच की। जांच के दौरान प्राप्त अभिलेखीय एवं भौतिक साक्ष्यों के आधार पर 36 जनपदों की कुल 161 फर्मों/संचालकों के विरुद्ध बीएनएस तथा एनडीपीएस एक्ट की सुसंगत धाराओं के तहत रिपोर्ट दर्ज कराई गई। वहीं, जिलाधिकारियों को गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई के लिए पत्र लिखा ताकि अवैध नशे के अर्जित संपत्ति को जब्त किया जा सके। सीएम के निर्देश पर एफएसडीए ने कोडिनयुक्त कफ सिरप की नशे के रूप में तस्करी करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की, जो पूरे देश में सबसे बड़ा क्रैक डाउन है। कई मामलों में फर्में विक्रय बिल प्रस्तुत करने में असफल रहीं, जबकि कुछ फर्मों द्वारा केवल कागजी अभिलेखों में सिरप का क्रय-विक्रय दर्शाया गया। प्रस्तुत विक्रय विवरणों में भी किसी भी फुटकर औषधि प्रतिष्ठान को कोडीनयुक्त की वास्तविक आपूर्ति का सत्यापन नहीं हो सका।

# मुंशीपुलिया से एयरपोर्ट जा रही मेट्रो के अचानक ब्रेक फेल, भेजी गई अतिरिक्त मेट्रो, यात्री परेशान



जन एक्सप्रेस। लखनऊ

लखनऊ में मुंशीपुलिया से एयरपोर्ट जाने वाली मेट्रो के ब्रेक सोमवार दोपहर फेल हो गए। ब्रेक के काम नहीं करने पर ट्रेन अचानक रुक गई। हालांकि इससे कोई हादसा नहीं हुआ। यात्रियों को सकुशल उतारकर दूसरी मेट्रो में सवार किया। उधर मेट्रो में गड़बड़ी होने से एयरपोर्ट पर इंतजार कर रहे यात्रियों के लिए ट्रांसपोर्टनगर डिपो से दूसरी मेट्रो भेजी गई। मामला सोमवार दोपहर करीब बारह बजे के आसपास का है। मुंशीपुलिया से अमौसी एयरपोर्ट के लिए मेट्रो रवाना हुई। कुछ देरी में ट्रेन के ब्रेक फेल हो गए। लोको पायलटों को इसकी जानकारी होते ही तत्काल कंट्रोल रूम को सूचना दी गई। इसके बाद यात्रियों को मेट्रो से उतारा गया। साथ ही इंजीनियरिंग टीम मौके पर पहुंच गई और मरम्मत कार्य में जुट गई। मेट्रो को रूट से हटाकर डिपो ले जाया गया। दूसरी ओर अमौसी एयरपोर्ट पर लैंड होने वाले विमानों के यात्री एयरपोर्ट मेट्रो स्टेशन पहुंच गए थे। उनकी सुविधा के लिए ट्रांसपोर्टनगर डिपो से अतिरिक्त मेट्रो ट्रेन अमौसी भेजी गई। जिससे एयरपोर्ट से उतरे यात्रियों ने सफर किया। दूसरी ओर मुंशीपुलिया से जाने वाली मेट्रो को रेलखंड से हटाने के बाद रूट की अन्य मेट्रो संचालित हुई, जिससे यात्रियों ने सफर किया। मेट्रो जनसंपर्क विभाग ने बताया कि ब्रेक फेल होने से असुविधाएं हुईं। हालांकि यात्रियों की सुविधा के लिए मेट्रो का संचालन अधिक बाधित नहीं हुआ।

### पंद्रह मिनट तक करना पड़ा इंतजार

अमूमन मेट्रो चार से पांच मिनट में स्टेशनों पर उपलब्ध हो जाती है। लेकिन सोमवार दोपहर एक मेट्रो के ब्रेक फेल होने से दिक्कतें हुई, जिससे रूट की अन्य मेट्रों को स्टेशन तक पहुंचने में पंद्रह से बीस मिनट लगे। आईटी मेट्रो स्टेशन पर इंतजार कर रहे यात्री गोविंद पांडेय ने बताया कि उन्हें कानपुर जाना था। मेट्रो के देर से आने के कारण उन्हें दिक्कतें हुईं।

# बंगाल में ममता बनर्जी बनावाएंगी महाकाल का मंदिर

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। कोलकाता

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने विपक्ष द्वारा लगाए जा रहे तुष्टिकरण के आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए खुद को सच्चे अर्थों में धर्मनिरपेक्ष बताया है। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार सभी धर्मों और समुदायों को समान सम्मान देती है और यही उनकी राजनीति की मूल विचारधारा है। कोलकाता में 'दुर्गा आंगन' कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा, कई लोगों ने कहा है कि मैं तुष्टीकरण कर रही हूं, लेकिन मैं सेक्युलर हूं और सभी धर्मों में विश्वास करती हूं। मुझे बंगाल से प्यार है, मुझे भारत से प्यार है। हम सभी जातियों, सभी धर्मों से प्यार करते हैं। यही हमारी विचारधारा है। हर व्यक्ति को अपना लोकतांत्रिक अधिकार है। धर्म व्यक्तिगत पसंद है लेकिन त्यौहार सभी के लिए हैं।ममता ने कहा कि मैं सभी धर्मों के कार्यक्रमों में जाती हूं, जब मैं गुरुद्वारे जाता हूं तो किसी को कोई दिक्कत नहीं होती, लेकिन अगर मैं ईद के कार्यक्रम में जाती हूं तो कुछ लोगों को परेशानी होने लगती है।

# सरमा ने धामी से कार्रवाई की मांग की, नस्लीय हमले में गई थी छात्र की जान

जन एक्सप्रेस। देहरादून

देहरादून में नस्लीय हमले के बाद त्रिपुरा के छात्र की मौत के मामले में न्याय को लेकर मांग तेज हो गई है। ऐसे में अब असम के सीएम हिमंता बिस्वा सरमा ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। दूसरी ओर त्रिपुरा के आदिवासी नेता प्रद्योत किशोर ने हत्याकांड के मास्टरमाइंड की गिरफ्तारी में मदद करने वालों के लिए 10 लाख रुपए के ईनाम की घोषणा की है। उत्तराखंड के देहरादून में बीते दिनों एक त्रिपुरा के छात्र एंजेल चकमा की हत्या मामले ने तूल पकड़ लिया है। जहां अब असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने अपने उत्तराखंड समकक्ष पुष्कर सिंह धामी से अनुरोध किया है कि त्रिपुरा के छात्र एंजेल चकमा पर हुए कथित नस्लीय हमले के पीछे जिम्मेदार लोगों पर जल्दी से जल्दी कार्रवाई की जाए और पीड़ित परिवार को जल्द न्याय दिलाया जाए। उन्होंने एंजेल के परिवार के प्रति अपनी संवेदना भी व्यक्त की। बता दें कि 24 वर्षीय एंजेल चकमा पश्चिम त्रिपुरा के नंदननगर के निवासी और एमबीए अंतिम वर्ष के छात्र थे। उनपर बीते 9 दिसंबर को देहरादून में नस्लीय अपमान का विरोध करने पर छह लोगों के समूह द्वारा हमला किया गया था। गंभीर चोटों के कारण 26 दिसंबर को इलाज के दौरान उनका निधन हो गया। पुलिस ने कहा कि पांच आरोपियों में से छह गिरफ्तार हो चुके हैं, जबकि मास्टरमाइंड अभी भी फरार है। मामले में उत्तराखंड पुलिस ने बताया कि इस मामले में पांच लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है, जबकि एक आरोपी जो नेपाल का रहने वाला था, अपने देश लौट सकता है। वहीं त्रिपुरा के मुख्यमंत्री माणिक साहा को भी सरमा ने ट्वीट में टैग कर संवेदना व्यक्त की। घटना ने पूरे देश में नस्लवाद और हिंसा के खिलाफ गहरी चिंता और आक्रोश पैदा किया है।



### सीएम सरमा ने सीएम धामी से किया अनुरोध

मामले में असम सीएम ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट में लिखा कि देहरादून में बेरहमी से नस्लीय अपमान का विरोध करने वाले एंजेल चकमा की दुखद मौत हृदयविदारक और अस्वीकार्य है। मैं उत्तराखंड के मुख्यमंत्री से अनुरोध करता हूं कि दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए ताकि न्याय सुनिश्चित हो।

### हत्याकांड के मास्टरमाइंड की गिरफ्तारी पर 10 लाख रुपए का ईनाम

दूसरी ओर अब इस पूरे मामले के नया मोड़ तब सामने आ गया जब त्रिपुरा के आदिवासी नेता और टीपरा मोथा के सुप्रीमो प्रद्योत किशोर मानिक्य देबबरमा ने सोमवार को एंजेल चकमा हत्याकांड के मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी में मदद करने वाले व्यक्ति के लिए 10 लाख रुपए का नकद ईनाम की घोषणा की। प्रद्योत देबबरमा ने एक वीडियो पोस्ट में कहा कि उत्तराखंड सरकार ने मास्टरमाइंड की गिरफ्तारी में मदद करने वाले व्यक्ति को 25,000 रुपए का ईनाम घोषित किया है। उन्होंने कहा कि क्या यह कीमत है एंजेल चकमा की हत्या के मास्टरमाइंड की गिरफ्तारी की? मैं घोषणा करता हूं कि मैं खुद अपने खर्च से 10 लाख रुपए दूंगा, जो किसी सुराग के आधार पर मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी में मदद करेगा।

### मृतक के परिवार को तीन लाख का मुआवजा भी

इतना ही नहीं इसके अलावा टीपरा मोथा पार्टी (टीएमपी) द्वारा संचालित त्रिपुरा ट्राइबल एरिया ऑटोनॉमस डिस्ट्रिक्ट काउंसिल ने मृतक के परिवार को 3 लाख रुपए का मुआवजा देने की घोषणा की। TTAADC के मुख्य कार्यकारी सदस्य पूर्ण चंद्र जमातिया ने फेसबुक पर लिखा कि यह कदम दुख की इस घड़ी में एकजुटता, करुणा और सामूहिक जिम्मेदारी का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि हमारे विचार और प्रार्थनाएं मृतक के परिवार के साथ हैं।

# धर्मनगरी में चल रहे पर्यटन विकास कार्यों का डीएम ने लिया जायजा

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट



जिलाधिकारी पुलकित गर्ग ने सोमवार को धर्मनगरी के कामदगिरि परिक्रमा में यूपी प्रोजेक्ट्स कारपोरेशन लिमिटेड इकाई-13 बांदा के द्वारा श्रद्धालुओं के सुविधार्थ कराए जा रहे सांस्कृतिक एवं शहरी कायाकल्प व अवस्थापना सम्बन्धी पर्यटन विकास कार्य, कामदगिरि महाआरती स्थल का पर्यटन विकास व कुण्ड सौन्दर्थीकरण आदि के कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान डीएम ने कार्यों का जायजा लेकर सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।
कामदगिरि परिक्रमा मार्ग पर श्रद्धालुओं के सुविधार्थ सांस्कृतिक एवं शहरी कायाकल्प व अवस्थापना सम्बन्धी पर्यटन विकास कार्य के निरीक्षण के में डीएम ने परिक्रमा मार्ग पर केविल ट्रेन्च एवं आरसीसी, नाली की खुदाई, पीसीसी एवं सरिया बांध कर, कंक्रीट की ढलाई का कार्य प्रगति पर पाया गया। साथ ही कामदगिरी मार्ग पर पत्थर लगाने के लिए सामग्री आपूर्ति किये जाने एवं मार्ग पर स्टोन बिछाने का कार्य प्रगति पर पाया गया है। निरीक्षण के दौरान कार्यदायी संस्था के उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिये गये कि परिक्रमा मार्ग पर बनायी जा रही स्ट्रोम वाटर ड्रेन निर्माण कार्य का स्लोप सही तरीके से किया जाये। निर्देश दिए कि निर्माण कार्यों में मैन पावर बढ़ाकर अपेक्षित प्रगति लाते हुए समयान्तर्गत गुणवत्तापरक निर्माण कार्य पूर्ण करायें। डीएम ने कामदगिरि महा आरती स्थल के पर्यटन विकास कार्यों के अन्तर्गत मौके पर कराये जा रहे निर्माणाधीन नाला के रिटेनिंग वाल का कार्य, शेड का स्ट्रक्चर कार्य तथा आरती स्थल के चबूतरे एवं फर्श में पी0सी0सी0 व बाउण्ड्रीवाल का स्ट्रक्चर आदि के कार्यों के अवलोकनोपरान्त सम्बन्धित कार्यदायी संस्था के अधिकारियों को निर्देश दिये कि आरती स्थल में लगाये जाने वाले रेड स्टोन पत्थरों के पैर्टन को अवलोकित कराने के बाद ही अग्रेतर निर्माण कार्य कराएं। साथ ही कागदगिरी परिक्रमा मार्ग में पर्यटन विकास अन्तर्गत कराये जा रहे पूर्ण कार्यों के रख-रखाव के लिए नगर पालिका परिषद कर्वी को नियमानुसार परियोजना से संबन्धित अभिलेखों के साथ अविलम्ब हस्तगत किये जाने के निर्देश दिये। परिक्रमा गार्ग पर स्थित कुण्ड के सौन्दर्यीकरण कार्यों के निरीक्षण के दौरान कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधि ने बताया कि यह कार्य बीती 15 अक्टूबर 2025 को पर्यटन विभाग को हस्तानान्तरित किया जा चुका है। इस पर डीएम ने सम्बन्धित अधिकारियों को हस्तानान्तरित परियोजना के रख-रखाव के लिए नगर पालिका परिषद कर्वी को दो से तीन दिवस में नियमानुसार हस्तगत किये जाने के निर्देश दिए। इस मौके पर उप निदेशक पर्यटन आर के रावत, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद कर्वी लालजी यादव आदि मौजूद रहे।

# सदर विधायक व पालिका अध्यक्ष ने वितरित की ठंड राहत सामग्री

जन एक्सप्रेस। बांदा



भीषण ठंड और शीतलहर के प्रकोप को देखते हुए नगर पालिका परिषद द्वारा एक सराहनीय पहल की गई है। शहर के अवस्थी पार्क में आयोजित एक विशाल कार्यक्रम के दौरान नगर पालिका ने मानवता की मिसाल पेश करते हुए 1000 से अधिक जरूरतमंदों को ठंड से बचाव हेतु कंबल और जैकेट वितरित किए। जनप्रतिनिधियों ने बढ़ाया मदद का हाथ कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी मौजूद रहे।उनके साथ नगर पालिका अध्यक्ष मालती बासू,भाजपा जिला अध्यक्ष कल्लू सिंह राजपूत और पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि अंकित बासू ने शिरकत की।
अतिथियों ने स्वयं अपने हाथों से वृद्धजनों को कंबल ओढ़ाए और मेहनत कश ई-रिक्शा व रिक्शा चालकों को जैकेट प्रदान की। अंतिम पायदान तक मदद पहुँचाना लक्ष्य इस अवसर पर सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी ने कहा कि सरकार और स्थानीय प्रशासन का लक्ष्य समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति की सेवा करना है। पालिका अध्यक्ष मालती बासू ने कहा कि कड़ाके की ठंड में श्रमिक वर्ग और बुजुर्गों को राहत देना हमारी प्राथमिकता है, इसी उद्देश्य से यह आयोजन किया गया है। अधिकारियों और समाजसेवियों की रही उपस्थिति कार्यक्रम में नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी, विभिन्न वार्डों के सभासद और शहर के गणमान्य समाजसेवी उपस्थित रहे। समाजसेवियों ने नगर पालिका की इस संवेदनशीलता की प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से गरीब तबके को संबल मिलता है। चेहरों पर दिखी मुस्कान कंबल और जैकेट पाकर लाभार्थियों के चेहरे खिल उठे। सहायता प्राप्त करने वाले नागरिकों ने नगर पालिका प्रशासन और जनप्रतिनिधियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के अंत में अधिशासी अधिकारी ने सभी आगंतुकों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

# गौ आधारित प्राकृतिक कृषि करने के लिए किसानों को किया गया प्रेरित

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट



अखिल भारतीय समाज सेवा संस्थान द्वारा टाटा ट्रस्ट के सहयोग से जनपद की पांच ग्राम पंचायतों (डोडामाफी, टिकरिया, मनगवां, बम्भिया, इटवा डुडैला) के 15 गाँवों में संचालित किए जा रहे कृषि, बागवानी, जल संरक्षण, एवं आजीविका सम्बन्धी कार्यक्रम के तहत ग्राम विकास समितियों का दो दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। जिसमें ग्राम विकास से जुड़ी संस्थागत गतिविधियों की जानकारी प्रदान की गई। जिला मुख्यालय के रानीपुर भट्ट स्थित भारत जननी परिसर में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में पाँचों गाँवों के विकास समिति के 20 सदस्यों ने प्रतिभाग किया। संस्थान इन समितियों के सहयोग से मेडबंधी, खेत तालाब, वर्षा जल संचयन के लिए दोहा, महिलाओं के लिए सामुदायिक स्नान घर आदि विविध कार्य सम्पन्न करेगी। प्रशिक्षण में सभी सदस्यों को संस्थापक गोपाल भाई ने बताया कि गाँव के विकास में समितियों की भागीदारी महत्वपूर्ण होती है। उन्होंने गीतों के माध्यम से सभी किसानों को गौ-आधारित प्राकृतिक कृषि करने की प्रेरणा दी। प्रशिक्षक गजेन्द्र ने सहभागिता के महत्व की जानकारी देते हुए कहा कि जिस प्रकार घर के किसी बड़े एवं महत्वपूर्ण कार्य को सभी के सहयोग एवं जिम्मेदारी से सकुशल सम्पन्न किया जाता है, उसी प्रकार ग्राम विकास के महत्वपूर्ण कार्य को सभी के परस्पर सहयोग से किया जाना चाहिय। कहा कि सभी को अपनी बात रखने का सामान अवसर मिलना चाहिए। परियोजना समन्वयक विजय कुमार ने परियोजना की विस्तृत जानकारी प्रदान की। तीन वर्षों में पाँचों ग्राम पंचायतों में होने वाली गतिविधियों की जानकारी देते हुए बताया कि इनसे सभी गांवों के लगभग 2000 परिवार लाभान्वित होंगे। इस मौके पर निदेशक राष्ट्रदीप, विश्वदीप, सरला, राजाराम, भरतलाल, देवकुमार आदि मौजूद रहे।

# गरीबों को ठंड से बचाने के लिए वितरित किए गए कंबल



जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

भगवान भजनाश्रम वृंदावन द्वारा सदर तहसील क्षेत्र के कंठीपुर व बनकट गांव में शीतलहर से बचाव के लिए 400 गरीब परिवारों को कम्बल वितरित किया गया।
कंबल वितरण कार्यक्रम में संस्था के चित्रकूट शाखा प्रबंधक राम अवतार यादव ने बताया कि ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष बिहारी लाल सर्राफ व नवल कनौडिया के सौजन्य से सेवा का यह काम भजनाश्रम द्वारा पिछले माह से शुरु है। जिसमें ठंड के दृष्टिगत ग्रामीण क्षेत्रों के गरीब आदिवासी, अनुसूचित जाति/जनजाति के लोगों, महिलाओं तथा दिव्यांगों को उनकी आवश्यकता के अनुसार खाद्य सामग्री (आटा, दाल, चावल, तेल, मसाला, गुड आदि) का वितरण किया जा रहा है। साथ ही ठंड से बचाव के लिए कम्बल, स्वेटर, मोजा, टोपा सहित अन्य ऊनी वस्त्र वितरित किए जा रहे है। यह कार्य पिछले कई वर्षों से अनवरत चल रहा है। इस मौके पर पूर्व जिला जज एसपी वर्मा, अधिवक्ता अमित यादव, पूर्व पुलिस निरीक्षक राजेन्द्र शर्मा, उपभोक्ता फोरम के पूर्व सदस्य केशव प्रसाद यादव, लवकुश सभासद, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष शिवशंकर सिंह, पूर्व रेंजर श्यामलाल, समाजेसवी प्रेमचंद्र दुबे आदि मौजूद रहे।

# भारत रत्न बी0 आर0 अम्बेडकर की मूर्ति को किया गया स्थापित



जन एक्सप्रेस। हमीरपुर

राठ के बसेला, पहारी गाँव में भारत रत्न डा0 बी0 आर0 अम्बेडकर की मूर्ति स्थापित किया गया। इस मौके पर जालौन सपा सांसद नारायण दास अहिरवार ने मूर्ति का अनावरण किया। इस मौके पर बोलते हुये सांसद ने कहां हम सभी को बाबा साहब के बताये हुये रास्तों पर चलना चाहिये, साथ ही उन्होंने स्वामी ब्रह्मानंद महाराज को याद करते हुये कहा कि इस महाविद्यालय को यूनिवर्सिटी जरूर बनाना ही चाहिये। कार्यक्रम का आयोजन वलवान सिंह लोधी, जबकि संचालन बिहारी लाल महान् ने किया। इस मौके पर पूर्व मंत्री चौधरी धूराम सिंह लोधी, पुष्पेन्द्र सिंह यादव, अनिल अहिरवार, राजपूत चन्द्रवती वर्मा, कप्तान सिंह राजपूत, कंचन राजपूत, सतपाल यादव, रिंकी वर्मा, बलवान सिंह लोधी, प्रताप सिंह लोधी सहित बड़ी तादाद में लोग मौजूद रहे।

## साली को ले बहनोई हुआ फरार, पत्नी ने लगाए पति पर गंभीर आरोप



**जन एक्सप्रेस/बांदा।** जिले में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। एक महिला ने अपने पति पर अपनी सगी बहन को बहला-फुसलाकर अपहरण करने का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल को सौंपे प्रार्थना पत्र में बताया कि उनका पति 10 दिसंबर को दोपहर लगभग 02 :30 शहर से उनकी बहन को सिलाई के कपड़े देने के बहाने रास्ते में रोककर कहीं ले गया। पीड़िता जो खुद एक गृहिणी हैं और तीन बच्चों 12 वर्षीय बेटे, 6 वर्षीय और 15 वर्षीय बेटी की मां हैं ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र में लिखा है कि घटना के बाद से उनका परिवार रो-रोकर बुरा हाल है। बच्चे और वह खुद दर-ब-दर भटक रहे हैं, भूखे-प्यासे दिन काट रहे हैं। पीड़िता को डर है कि उनका पति, जो बेहद शातिर किस्म का व्यक्ति है और सिलाई का काम करता है, बहन को बेच देगा या उसकी हत्या कर देगा। शिकायती पत्र में पीड़िता ने पुलिस से अपील की है कि उनकी दयनीय हो स्थिति को देखते हुए तत्काल प्राथमिकी दर्ज की जाए और आरोपी पति के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

## शहर में पेयजल आपूर्ति का समय बदला

**जन एक्सप्रेस/बांदा।** लगतार पड़ रही भीषण सर्दी को देखते हुए जल संस्थान ने पेयजल आपूर्ति के समय में परिवर्तन कर दिया है। अधिशाषी अभियंता चित्रकूट धाम मण्डल जल संस्थान जनपद शिवराज वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि 30 दिसंबर से शहर के बाम्बेश्वर जोन, अलीगंज जोन, कटरा जोन और सिविल लाईन जोन की पेयजल आपूर्ति सुबह 6.30 बजे से 7.30 बजे तक होगी।

# मामूली विवाद में फायरिंग करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार व अवैध तमंचे बरामद

जन एक्सप्रेस। बांदा



थाना क्षेत्र के ग्राम गड़रिया में मामूली विवाद के दौरान एक-दूसरे पर जान से मारने की नीयत से अवैध तमंचों से फायरिंग करने वाले दो अभियुक्तों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त दो अवैध तमंचे,एक खोखा कारतूस और जिंदा कारतूस बरामद किए गए हैं।पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण तथा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई।पुलिस के अनुसार बीती 26 दिसंबर की शाम थाना क्षेत्र के ग्राम गड़रिया में दो पक्षों के बीच किसी मामूली बात को लेकर विवाद हो गया था।विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर जान से मारने की नीयत से अवैध तमंचों से फायरिंग कर दी।
घटना के संबंध में दोनों पक्षों की ओर से थाने में तहरीर दी गई थी। प्राप्त तहरीरों के आधार पर थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सोमवार को दोनों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया।गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान अभय सिंह पुत्र रामबाबू सिंह और अभिषेक यादव पुत्र रामनिवास यादव, दोनों निवासी ग्राम गड़रिया रूप में हुई है। पुलिस ने अभिषेक यादव के कब्जे से घटना में प्रयुक्त अवैध तमंचा तथा अभय सिंह के कब्जे से अवैध तमंचा और एक खोखा कारतूस बरामद किया है।पुलिस ने बताया कि दोनों अभियुक्तों के खिलाफ थाना जसपुरा में अलग-अलग मुकदमे पंजीकृत किए गए हैं, जिनमें भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं के साथ 3/25 आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार, उपनिरीक्षक आकाश, कांस्टेबल गौरव परिहार और कांस्टेबल दिलीप कुमार शामिल रहे।पुलिस का कहना है कि क्षेत्र में शांति व्यवस्था भंग करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

# जंगल से अज्ञात युवती का शव बरामद, पुलिस जांच में जारी

जन एक्सप्रेस। बांदा



थाना क्षेत्र के तरौड़ा गांव के जंगलों में सोमवार को लगभग 25 वर्षीय युवती का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई।शव की सूचना चरवाहों के माध्यम से थाना प्रभारी अनिल कुमार को दी गई।सूचना मिलते ही थाना प्रभारी अनिल कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचकर उच्च अधिकारियों को अवगत करवाया। जानकारी मिलने पर फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल पर पहुंचकर साक्ष्य जुटाए।
पुलिस ने घटनास्थल को घेराबंदी कर सुरक्षित किया।प्रारंभिक तौर पर शव अविवाहित युवती का प्रतीत हो रहा है और शव एक दो दिन पुराना माना जा रहा है।घटना स्थल पर सीओ सिटी मोविस टॉक,सीओ सदर राजवीर सिंह गौर ने पहुंचकर पड़ताल किया।शांति व्यवस्था की दृष्टि से पैलानी थाना प्रभारी राजेश कुमार भी अपनी टीम के साथ में पहुंची।थाना प्रभारी अनिल कुमार ने बताया कि जंगल में एक अज्ञात युवती का शव मिला है।शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया गया है। पुलिस शिनाख्त कराने और मामले की हर पहलू से जांच में जुटी हुई है।वही क्षेत्र में अज्ञात युवती का शव मिलने पर सनसनी फैल गई है।घटना स्थल से कुछ दूरी पर खून की बूंदे मिली हुई है।

# जनपद में गूंजेगा पं0 धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री का जयघोष

## आयोजक प्रवीण सिंह ने सहयोगियों संग घर-घर बांटा अक्षत

जन एक्सप्रेस। बांदा

पूज्य आचार्य पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री जी (बागेश्वर धाम सरकार) की आगामी भव्य श्री हनुमंत कथा एवं दिव्य दरबार के उपलक्ष्य में जनपद के नगर एवं बिसंडा बाजार में उत्साहपूर्वक अक्षत वितरण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य आयोजक, भाजपा नेता एवं संस्थापक प्रवीण सिंह के नेतृत्व में आयोजित इस अभियान के माध्यम से जन-जन को कथा में सम्मिलित होने का भावपूर्ण निमंत्रण दिया गया। यह दिव्य कथा आगामी 16 जनवरी 2026 से 20 जनवरी 2026 तक जनपद के मवई बाईपास चौराहा पर आयोजित की जा रही है। जनपद के नगर में अक्षत वितरण यात्रा का शुभारंभ होटल सारंग से हुआ, जो बलखंडी नाका, माहेश्वरी देवी चौक, अमर टाकीज, बाबूलाल चौराहा और कालीदेवी मंदिर होते हुए गणेश भवन पर संपन्न हुई।
इस अभियान में मुख्य रूप से बागेश्वर धाम समिति के समन्वयक दीपक तिवारी उपस्थित रहे। साथ ही, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राजकुमार राज, विनोद जैन, मनोज पुरवार गोपाल कृष्ण अवस्थी (मुलू महाराज), प्रभा गुप्ता, द्वारिका सोनी, नबीन प्रकाश गुप्ता बोंडे, पप्पू शिवहरे, अमन जैन, प्रमोद जैन, अर्चना शुक्ला, संत शरण अवस्थी, ममता मिश्रा, जागृति वर्मा, नीलेंद्र सिंह, धीर सिंह, सुरेश गुप्ता कान्हा, अमित सेठ भोलू, मछंदर सिंह, चारु चंद खरे, प्रेम गुप्ता, शरद गुप्ता, मंगल जैन, जीवन जैन, रमेश अवस्थी, ओम प्रकाश सिंह और हिमांशु सिंह अशोक चौहान,सौरभ मिश्रा, पप्पू जैन, प्रमोद जैन, रिंकू गुप्ता, दीपांग मेहरा, अंशुमान जड़या, अमन गोयल, अंशु धर गोयल, सत्यप्रकाश सराफ, धर्मु सोनी,संजीव जैन, अंकित सोनी, जैसे समस्त रामभक्तों ने सक्रिय सहभागिता की। यात्रा के दौरान समाज के विभिन्न वर्गों की अभूतपूर्व एकजुटता देखने को मिली।
प्रमुख समाजसेवी, प्रतिष्ठित व्यापारीगण, गौसेवक और बागेश्वर धाम के समर्पित शिष्यगणों के साथ-साथ महिला संपर्क समिति, प्रचार-प्रसार समिति और बुंदेलखंड यूथ फाउंडेशन के सभी माननीय सदस्यों ने घर-घर जाकर अक्षत वितरित किए। पूरे बांदा शहर में यात्रा का भव्य स्वागत हुआ और श्रद्धालुओं ने जय श्री राम एवं बागेश्वर धाम सरकार के जयघोष से वातावरण को भक्तिमय बना दिया। मवई बाईपास चौराहा पर होने वाले इस भव्य आयोजन को लेकर लोगों में भारी उत्साह है। आयोजक प्रवीण सिंह ने इस अवसर पर सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पूज्य महाराज श्री की कथा बुंदेलखंड की इस धरा के लिए सौभाग्य का प्रतीक है। उन्होंने बताया कि समाज के हर वर्ग, संस्थाओं और युवाओं का यह एकजुट प्रयास इस आयोजन को ऐतिहासिक बनाएगा। बुंदेलखंड यूथ फाउंडेशन और विभिन्न समितियों के सदस्य लगातार क्षेत्र में सक्रिय हैं ताकि कथा की जानकारी और निमंत्रण प्रत्येक घर तक पहुँच सके।

## चोरी के जेवर के साथ चोर को किया गिरफ्तार

**चित्रकूट।** जनपद में अपराध पर अंकुश लगाने के लिए अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में चौकी सीतापुर पुलिस टीम ने एक चोर को चोरी के जेवर के साथ गिरफ्तार किया है। कर्वी कोतवाली प्रभारी श्याम प्रताप पटेल ने बताया कि सीतापुर चौकी क्षेत्र के कटरागूदर गांव निवासी नीलम यादव ने कोतवाली कर्वी में सूचना दी उसने अपने जेवर अपने ही घर में जमीन खोदकर गाड़ दिए थे, जो चोरी कर लिए गए है। महिला ने अपने फूफा गुड्डू यादव व बुआ गुड़िया यादव के ऊपर चोरी करने की आशंका जाहिर की। जिसके बाद इस सम्बन्ध में कोतवाली कर्वी में सम्बन्धित धाराओं के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया। साथ ही चोरी की घटना का अनावरण कर आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम को लगाया गया। जिसके क्रम में सोमवार को चौकी सीतापुर के उपनिरीक्षक जंगबहादुर, आरक्षी जयप्रकाश व अजय कुमार वर्मा द्वारा गुड्डू यादव निवासी कटरागूदर चौकी सीतापुर को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ करने पर आरोपी ने बताया कि उसने ही अपनी भतीजी नीलम यादव के जेवर चोरी कर किए थे।

# मोरम के अवैध धुलाई सेन्टरों पर एआरटीओ की सख्त कार्यवाही, कार्यवाही से मचा हड़कंप

जन एक्सप्रेस। हमीरपुर



राठ रोड पर लम्बे वक्त से चल रहे मोरम के अवैध धुलाई सेन्टरों पर एआरटीओ अमिताभ राय ने की सख्त कार्यवाही।
कृषि कार्य में इस्तेमाल होने वाले पम्पिंग सैट लगाकर ट्रकों में लोड मोरम की धुलाई किये जा रहे अवैध सेन्टरों को तेज तर्रार एआरटीओ अमिताभ राय ने मार्ग बनवाने वाली कार्यदाई संस्था जीएचवी के साथ ही लोकल पुलिस की मदद से बंद करा दिया गया, एआरटीओ अमिताभ राय ने बताया कि इन अवैध धुलाई सैन्टरों से सड़क के क्षतिग्रस्त होने के साथ ही हजारों लीटर पानी भी बर्बाद हो रहा था, जबकि मोरम की धुलाई से सड़क पर होने वाली कीचड़ दुर्घटनाओं को खुली दावत दे रही थी।

# आभास महासंघ ने कराया सामान्य डॉ भीमराव अम्बेडकर सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

संविधान निर्माता डॉ भीमराव अम्बेडकर के महा परिनिर्वाण दिवस के तहत चल रही श्रृंखला के तहत रविवार को सदर तहसील क्षेत्र के बघौडा गांव में आभास महासंघ द्वारा एक विचार संगोष्ठी व डॉक्टर भीमराव अम्बेडकर सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पाने वाले बच्चों को पुरस्कार वितरण किया गया।
महासंघ के जिलाध्यक्ष दिनेश कुमार सनेही ने बताया कि डॉ भीमराव अम्बेडकर सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में 65 बच्चों ने प्रतिभाग किया। जिनमें प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पाने वाले बच्चों को सील्ड, प्रमाण पत्र व पेन देकर सम्मानित किया गया। साथ ही उत्कृष्ट प्रर्दशन करने वाले 10 अन्य बच्चों को सांत्वना पुरस्कार के रूप में मेडल, प्रमाणपत्र व पेन देकर सम्मानित किया गया।
जिसमें उच्च कम्पोजिट विद्यालय कोठिलिहाई की कक्षा सात की छात्रा खुशी वर्मा, कम्पोजिट विद्यालय कोठिलिहाई की कक्षा सात की छात्रा अंजना देवी व कम्पोजिट विद्यालय कोठिलिहाई के कक्षा आठ के छात्र हिमांशु कुमार ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया।



इस मौके पर डॉ ज्ञानचंद बौद्ध, लालमुनि, कैलाश चंद्र, रामकुमार व कुशल चैधरी द्वारा विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। सांत्वना पुरस्कार से अभिषेक, प्रबल सिंह, जयकुमार, राधिका देवी, अभिषेक, अंशु कुमार, कृष्ण कुमार, प्रिया, सोनम व प्रियंका को सम्मानित किया गया। उन्होंने कहा कि बाबा साहब के बताए मार्ग पर चलते हुए शिक्षा के क्षेत्र में मेहनत करने पर गरीब परिवारों के बच्चों को भी समाज और क्षेत्र में उच्च सम्मान हासिल होता है। इस मौके पर जानकीशरण प्रजापति, दिनेश कुमार आर्टिस्ट, शत्रुघन सक्सेना, गुलाम सिंह, प्रियंका वर्मा, गोमती, रमा, कविता, बालगोविंद मौर्या, रामू पटेल, अनितराज, कल्लू, नीरज कुमार वर्मा, रामविलास उर्फ चुन्ना, रामकल्यान, हनुमान टेलर, अजय मूलनिवासी, धर्मराज आदि मौजूद रहे।

# हरियाली पर चल रहा आरा, पुलिस-विभागीय मिलीभगत के आरोप

जन एक्सप्रेस। अमेठी



सरकार द्वारा पर्यावरण संरक्षण को लेकर लगातार सख्त निर्देश जारी किए जाने के बावजूद शुक्ल बाजार थाना क्षेत्र में प्रतिबंधित हरे वृक्षों की कटान धड़ल्ले से जारी है। आरोप है, कि स्थानीय स्तर पर जिम्मेदारों और पुलिस विभाग की मिलीभगत से खुलेआम हरियाली पर आरा चलाया जा रहा है, जिससे न केवल पर्यावरण को गंभीर क्षति पहुंच रही है,बल्कि शासन-प्रशासन की कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। पूरा मामला पारा गांव का थाना क्षेत्र शुक्ल बाजार अंतर्गत पारा गांव में प्रतिबंधित हरे वृक्षों की अवैध कटान की जानकारी सामने आई है। ग्रामीणों का कहना है कि यह कटान कोई नई बात नहीं है, बल्कि लंबे समय से लगातार जारी है। दिनदहाड़े वृक्ष काटे जा रहे हैं और लकड़ी को सुरक्षित स्थानों तक पहुंचाया जा रहा है, लेकिन कार्रवाई के नाम पर अब तक केवल औपचारिकताएं ही निभाई गई हैं।ग्रामीणों का आरोप है कि स्थानीय प्रशासन और पुलिस की अनदेखी या संरक्षण के बिना यह अवैध कार्य संभव नहीं हो सकता।हरे-भरे वृक्षों की अंधाधुंध कटान से क्षेत्र का पर्यावरणीय संतुलन तेजी से बिगड़ रहा है।तापमान में वृद्धि, प्रदूषण और घटती हरियाली का सीधा असर आम जनजीवन पर पड़ रहा है। एक ओर सरकार वृक्षारोपण और पर्यावरण संरक्षण के लिए अभियान चला रही है,वहीं दूसरी ओर जमीनी स्तर पर हो रही अवैध कटान इन प्रयासों को खोखला साबित कर रही है।ग्रामीणों में आक्रोश, सख्त कार्रवाई की मांग, अवैध कटान को लेकर ग्रामीणों में भारी रोष व्याप्त है। लोगों ने उच्चाधिकारियों से मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए और अवैध कटान पर तत्काल रोक लगाई जाए। अब देखना यह है कि जिम्मेदार अधिकारी इस गंभीर मुद्दे पर कब ठोस कदम उठाते हैं और हरियाली बचाने की दिशा में क्या कार्रवाई होती है।

## बिजली बिल राहत योजना 2025 का 31 दिसंबर तक उठाएं लाभ

**जन एक्सप्रेस/बलरामपुर।** जनपद बलरामपुर में रोडवेज के समीप स्थित कैश काउंटर पर उपभोक्ता लगातार बिजली बिल में छूट प्राप्त कर रहे है। सोमवार को काफी संख्या में उपभोक्ताओं ने कार्यालय संपर्क किया है। अधिशासी अभियंता विद्युत ने बताया कि विभाग द्वारा कुल 3 अतिरिक्त काउंटर चलाकर उपभोक्ताओं को बिजली बिल में अभूतपूर्व और ऐतिहासिक राहत दी जा रही है। उन्होंने बताया कि काउंटरों पर उपभोक्ताओं द्वारा सुबह 9 बजे से ही संपर्क कर लाभ लिया जा रहा है। देर शाम तक कैश काउंटर चलेंगे। उन्होंने उपभोक्ताओं से अपील किया है कि बिना देर किए तत्काल अपने नजदीकी जन सुविधा केंद्र अथवा बिजलीघर पर संपर्क कर छूट का लाभ अवश्य उठाएं। 31 दिसंबर को विशेष छूट का समय समाप्त हो जाएगा।

# भीषण ठंड में जनसेवा की मिसाल, तिलोई तहसील में हजारों गरीबों को मिला कंबल

जन एक्सप्रेस। तिलोई,अमेठी



कड़ाके की ठंड के बीच जरूरतमंदों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश सरकार के चिकित्सा शिक्षा एवं स्वास्थ्य राज्य मंत्री तथा तिलोई विधायक राजा मयंकेश्वर शरण सिंह ने तिलोई ब्लॉक प्रमुख कृष्ण कुमार सिंह के साथ तिलोई तहसील पहुंचकर हजारों गरीब,असहाय और जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल वितरण किया। इस मानवीय पहल से भीषण ठंड से जूझ रहे लोगों को बड़ी राहत मिली और लाभार्थियों के चेहरे खुशी से खिल उठे।

कार्यक्रम तिलोई तहसील परिसर में आयोजित किया गया, जहां उप जिलाधिकारी तिलोई, क्षेत्राधिकारी, तहसीलदार सहित क्षेत्र के लेखपालों की उपस्थिति रही। प्रशासनिक निगरानी में सुव्यवस्थित तरीके से कंबल वितरण किया गया,जिससे किसी प्रकार की अव्यवस्था न हो और सभी पात्र लोगों तक सहायता पहुंच सके। राज्य मंत्री राजा मयंकेश्वर शरण सिंह ने इस अवसर पर कहा कि प्रदेश सरकार का उद्देश्य है कि कोई भी गरीब और असहाय व्यक्ति ठंड के कारण पीड़ित न रहे।

सरकार समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं और राहत सामग्री को पहुंचाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों और प्रशासन के समन्वय से ही ऐसी जनकल्याणकारी योजनाएं सफल होती हैं। वहीं ब्लॉक प्रमुख मुन्ना सिंह ने कहा कि जनसेवा ही उनका मुख्य उद्देश्य है और आगे भी जरूरतमंदों की सहायता के लिए ऐसे कार्यक्रम जारी रहेंगे। कंबल पाकर लाभार्थी भावुक नजर आए और उन्होंने सरकार व जनप्रतिनिधियों का आभार व्यक्त किया।

# बेटियों के नाम उत्सव, 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' अभियान के तहत 267 नवजात बालिकाएं सम्मानित

जन एक्सप्रेस। अमेठी




जनपद में **बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ** अभियान को मजबूती देने के उद्देश्य से सोमवार को कन्या जन्मोत्सव का भव्य एवं प्रेरणादायी आयोजन किया गया। जिलाधिकारी संजय चौहान के निर्देशानुसार एवं उप जिलाधिकारी, प्रभारी जिला प्रोबेशन अधिकारी सात्विक श्रीवास्तव के नेतृत्व में जिला चिकित्सालय गौरीगंज सहित जनपद के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर यह कार्यक्रम संपन्न हुआ।

कन्या जन्मोत्सव के तहत नवजात बालिकाओं के जन्म को उत्सव के रूप में मनाते हुए उनके माता-पिता को सम्मानित किया गया। तथा बालिकाओं को बेबी किट प्रदान की गई। जनपद भर में कुल 267 नवजात बालिकाओं शिशुओं को इस योजना का लाभ मिला। गौरीगंज, जामों, शाहगढ़, अमेठी, भादर, भेटुआ, संग्रामपुर मुसाफिरखाना, जगदीशपुर बाजार शुकुल, तिलोई, फुरसतगंज और सिंहपुर के स्वास्थ्य केंद्रों पर कार्यक्रम उत्साहपूर्वक आयोजित हुआ।

कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों ने **बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ** योजना के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इसका लक्ष्य लिंगानुपात में सुधार, बालिकाओं की शिक्षा व सशक्तिकरण, कन्या भ्रूण हत्या एवं बाल विवाह की रोकथाम के साथ-साथ महिलाओं के विरुद्ध प्रचलित कुरीतियों को समाप्त करना है।इस अवसर पर महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित मिशन शक्ति, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना,वन स्टॉप सेंटर सहित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई। साथ ही महिला एवं बाल सुरक्षा से जुड़े हेल्पलाइन नंबरों का प्रचार कर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। अभियान में संबंधित विभागों की सक्रिय सहभागिता रही और बेटियों के उज्ज्वल भविष्य का संदेश दिया गया।

## अवैध शराब के खिलाफ आबकारी विभाग का बड़ा एक्शन, 78 लीटर कच्ची शराब बरामद,150 किलो लहन नष्ट

जन एक्सप्रेस। अमेठी

**अमेठी।** अवैध शराब के विरुद्ध प्रवर्तन अभियान के अंतर्गत जनपद अमेठी में आबकारी विभाग ने सख्त कार्रवाई करते हुए कई गांवों में आकस्मिक दबिश दी।जिलाधिकारी अमेठी एवं उप आबकारी आयुक्त अयोध्या प्रभार के निर्देशन तथा पुलिस अधीक्षक व जिला आबकारी अधिकारी अमेठी के पर्यवेक्षण में सोमवार को गठित आबकारी टीम ने यह कार्रवाई की।अभियान के दौरान ग्राम बलई का पुरवा,सनहा,काजी पट्टी,बनभरिया, शुक्लन का पुरवा, मंगरौरा एवं रुस्तमपुर में छापेमारी की गई। दबिश के समय थाना बाजार शुकुल क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम शुक्लन का पुरवा एवं रुस्तमपुर से लगभग 78 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की गई,वहीं मौके पर लगभग 150 किलोग्राम लहन यानी महुआ को नष्ट किया गया।इस कार्रवाई में आबकारी अधिनियम के तहत तीन अभियोग पंजीकृत किए गए।टीम द्वारा क्षेत्र के ग्रामीणों को अवैध शराब के सेवन से होने वाले गंभीर दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया गया तथा अवैध शराब के निर्माण और बिक्री की सूचना विभाग के टोल फ्री नंबर या संबंधित आबकारी निरीक्षक के मोबाइल नंबर पर देने की अपील की गई।अभियान के दौरान आबकारी दुकानों का सघन निरीक्षण किया गया और अवैध भट्टियों की भी गहन चेकिंग की गई।कार्रवाई में आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-3 चंद्रभान वर्मा के साथ प्रधान आबकारी सिपाही सहित स्टाफ शामिल रहे।आबकारी विभाग की इस कार्रवाई से क्षेत्र में अवैध शराब कारोबारियों में हड़कंप मच गया है और प्रशासन ने आगे भी अभियान जारी रखने की बात कही है।

# हिंदू सम्मेलन में दिखी एकजुटता की शक्ति सिंहपुर के सरदारगंज गांव में हुआ आयोजन

जन एक्सप्रेस। सिंहपुर, अमेठी



क्षेत्र के सरदारगंज गांव में सोमवार को हिंदू सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया,जिसमें बड़ी संख्या में लोगों की सहभागिता देखने को मिली। सम्मेलन में हिंदू धर्म की एकजुटता,संगठन और सामाजिक समरसता को लेकर जबरदस्त उत्साह दिखाई दिया। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज को जाति और वर्ग से ऊपर उठकर संगठित करने का संदेश देना रहा। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित विश्व हिंदू परिषद काशी प्रांत के संगठन मंत्री नितिन ने अपने संबोधन में कहा कि आज आवश्यकता है कि समाज के सभी वर्ग आपसी भेदभाव को त्यागकर एकजुट हों। उन्होंने कहा कि मजबूत परिवार ही सशक्त समाज और राष्ट्र की नींव होते हैं, इसलिए पारिवारिक संस्कारों को सुदृढ़ करना अत्यंत आवश्यक है। वहीं मुख्य अतिथि शिव बरन पाठक ने भारतीय संस्कृति, पारिवारिक मूल्यों और सामाजिक दायित्वों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि भारतीय सभ्यता विश्व को दिशा देने वाली रही है। उन्होंने समाज से संगठित रहने और राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखने का आह्वान किया। वक्ताओं ने **हिंदू जगेगा तो विश्व जगेगा** उद्घोष के साथ सामाजिक समरसता सांस्कृतिक चेतना और राष्ट्र निर्माण का संदेश दिया। सम्मेलन की अध्यक्षता राम सुमिरन पासी ने की,जबकि विशिष्ट अतिथि गीता मौर्या मौजूद रहीं। इस अवसर पर प्रमोद त्रिपाठी, सियाराम पासी, इन्द्र कुमार चौधरी, आलोक त्रिपाठी सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## फार्मर रजिस्ट्री न कराने पर रूक सकती है किसान सम्मान निधि

**अम्बेडकरनगर।** जनपद के जिलाधिकारी के निर्देश पर उपनिदेशक कृषि ने बताया कि सरकारी योजनाओं का लाभ पाने के लिये किसानों को फार्मर रजिस्ट्री कराना आवश्यक है फार्मर रजिस्ट्री नहीं कराने वाले किसान प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना से वंचित हो जायेगें। जनपद के सभी कृषक बन्धुओं से अनुरोध के साथ अपील है कि वे अपने नजदीकी कॉमन सर्विस सेन्टर पर जाकर फार्मर रजिस्ट्री/ किसान बही बनवा सकते है, साथ ही साथ अपने ग्राम पंचायत सहायकों से भी सम्पर्क कर व स्वयं अपने मोबाइल से सेल्फ मोड ऐप को प्ले स्टोर के माध्यम से डाउनलोड करते हुये कर सकते है। उक्त कार्य को प्रत्येक दशा में सभी कृषकों को कराना अनिवार्य है, अन्यथा की दशा में भारत सरकार द्वारा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की अगली किस्त जो भेजी जानी हैं स्वतः अवरूद्ध हो जायेगी।

# सर्दियों में स्वस्थ रहने के लिए खानपान व दिनचर्या पर दें विशेष ध्यान: डा. पंकज

जन एक्सप्रेस। बलरामपुर




सर्दियों में स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देने की जरूरत होती है। ठंड के मौसम में हार्ट अटैक का खतरा बढ़ जाता है। लापरवाही करना जानलेवा भी साबित हो रहे हैं। यह बात हिन्द हार्ट इंस्टिट्यूट एवं दुख निवारण गुरुद्वारा मालवीय नगर में एक निशुल्क हृदय स्वास्थ्य जांच शिविर में वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डॉक्टर पंकज कुमार श्रीवास्तव ने कही। शिविर में शहर व आस-पास के क्षेत्रों से आए 85 मरीजों ने भाग लेकर अपने स्वास्थ्य की जांच कराई। शिविर में उपस्थित लोगों का ईसीजी, ब्लड शुगर, बीपी जांच के साथ-साथ हृदय रोग संबंधी परामर्श वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डा. पंकज कुमार श्रीवास्तव द्वारा निशुल्क परामर्श दिया गया। उन्होंने कहा कि हाई बी पी कोलेस्ट्रॉल तनाव, गलत खान-पान और कम एक्टिव लाइफस्टाइल, ये सभी हार्ट को कमजोर बनाते हैं। इकबाल सिंह खुराना ने कहा हार्ट की समस्या दिन प्रतिदिन युवाओं में तेजी से बढ़ रही है।

उन्होंने कहा कि यदि हम थोड़ी सी सावधानी और नियमित दिनचर्या अपनाएं तो इन बीमारियों से आसानी से बचा जा सकता है। गुरुद्वारा कमेटी के अध्यक्ष हरजीत सिंह छाबड़ा ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से लोगों को अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक होने का अवसर मिलता है। अजीत सलूजा ने कहा कि भविष्य में भी ऐसे ही निशुल्क स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन करते रहेंगे ताकि अधिक से अधिक लोगों को स्वस्थ जीवन के प्रति जागरूक किया जा सके और समाज में हृदय रोगों से बचाव का संदेश फैलाया जा सके। इस कैंप को सफल बनाने परसपुर विकास मंच के डॉ अरुण सिंह के बी सिंह, रेड क्रॉस सोसाइटी के मंडल प्रभारी कासिम सिद्दीकी रेड क्रॉस सोसाइटी के उपाध्यक्ष, जसपाल एमएलसी डिग्री कॉलेज की वनस्पति विज्ञान की विभाग अध्यक्ष डॉ राजीव रंजन टेक्नीशियन राघवेंद्र द्विवेदी, मो अली,हिन्द हॉस्पिटल हार्ट इंस्टीट्यूट के पी आर ओ पंकज सिन्हा एवं संतोष गुप्ता का अहम योगदान रहा।

## बीसीएम ने किया 25 दिसंबर तक गन्ना मूल्य भुगतान

**बलरामपुर।** जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय स्थित बलरामपुर चीनी मिल्स लिमिटेड ने पेराई सत्र 2025-2026 में 25 दिसंबर तक खरीद किए गए गन्ने का मूल्य भुगतान सोमवार को संबंधित किसानों के बैंक खातों में भेज दिया है। जानकारी के अनुसार 29 दिसंबर को बलरामपुर चीनी मिल्स लि0, बलरामपुर इकाई बलरामपुर द्वारा नये पेराई सत्र 2025-2026 का 20 दिसंबर 2025 से 25 दिसंबर 2025 तक (6) दिन) खरीदे गये गन्ने का गन्ना मूल्य भुगतान 3074.85 लाख रूपये किसानों के बैंक खाते में भेज दिया गया है। चीनी मिल के अधिशासी अध्यक्ष के0 के0 बाजपेई ने बताया कि बलरामपुर चीनी मिल्स लि0, बलरामपुर किसानों की खुशहाली के लिये सदैव प्रतिबद्ध है। गन्ना मूल्य भुगतान में हमारी चीनी मिल गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी प्रदेश में अग्रणी रहेगी। साथ ही यह भी बताया कि इस समय शीतलहर चल रही है।

# गायत्री महायज्ञ में योगदान करने वालों को किया सम्मानित

जन एक्सप्रेस। बलरामपुर

108 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ तथा सजल श्रद्धा -प्रखर प्रज्ञा लोकार्पण व भगवान महाकाल की प्राण प्रतिष्ठा में अतुलनीय योगदान हेतु गायत्री शक्तिपीठ के प्रांगण में एक भव्य अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया जिसमें आयोजन में योगदान करने वाले सभी परिजनों, कार्यकर्ताओं, मीडिया कर्मियों व अन्य गणमान्य जनों को सम्मानित किया गया। जानकारी के अनुसार 29 दिसंबर को सम्मान समारोह का शुभारंभ शान्तिकुंज प्रतिनिधि अयोध्या जोन प्रभारी देशबन्धु तिवारी, गायत्री परिवार जिला संयोजक सत्य प्रकाश शुक्ला, भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा संयोजक गुलाब चन्द भारती, वरिष्ठ ट्रस्टी अशोक कुमार गुप्ता तथा शक्तिपीठ व्यवस्थापक सतीश चन्द्र मिश्रा के संयुक्त रूप से देव पूजन के साथ हुआ। इसके पूर्व नानबाबू, प्रदीप व संजय की संगीत टोली ने गुरू वन्दना व प्रज्ञा गीत से लोगों का मन मोह लिया। विशेष प्रस्तुति नन्हे बालक नमो कश्यप द्वारा जो नहीं दे सका कोई आज तक, गाये प्रज्ञा संगीत ने सभी लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए युवा ट्रस्टी कृष्ण कुमार कश्यप ने इस आयोजन में सभी के योगदान हेतु विशेष आभार करते हुए सभी को नमन वंदन किया। शक्तिपीठ व्यवस्थापक सतीश चन्द्र मिश्रा ने सभी को इस आयोजन की पूरी विवेचना की। इसके बाद सुरेश वर्मा, जगदीश वर्मा, सुरेश तिवारी, लोकेश श्रीवास्तव, कल्पना, नीलम, महिला मंडल प्रमुख रामदुलारी, मीरा मिश्रा, रानी मिश्रा, गैसड़ी के राजकुमार सहित कई परिजनों 108 कुण्डीय आयोजन से जुड़े अपने अपने अनुभव साझा किए। इसके बाद आयोजन में महत्वपूर्ण योगदान करने वाले नगर के गणमान्य, मीडिया बन्धुओं व श्रमवीरों को अयोध्या जोन प्रभारी द्वारा अंगवस्त्र व टेबुल कैलेण्डर भेट कर सम्मान किया गया। इसके पश्चात अयोध्या जोन प्रभारी देशबन्धु तिवारी ने 108 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ की भव्य सफलता हेतु पूरी आयोजन समिति व सभी कार्यकर्ताओं, विशेषकर पूरी महिला मंडल की टीम को विशेष बधाई व साधुवाद देते हुए कहा कि ऐसे बड़े आयोजन से पूरे जिले में जागरूकता फैलती है। इस जागरूकता व गायत्री परिवार को घर घर पहुचाना है। आप सभी अपने संगठन को ऐसे मजबूती प्रदान करे। इसके बाद सभी कार्यकर्ताओं को जोन प्रभारी देशबन्धु तिवारी, जिला संयोजक सत्य प्रकाश शुक्ला, भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा संयोजक गुलाब चन्द भारतीय व ट्रस्ट मंडल के सदस्यों द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। वरिष्ठ ट्रस्टी सीताराम वर्मा, विजलेश्वरी कसेरा, डॉ के0 के0 राणा, घनश्याम चौहान, व्योम गुप्ता, तुलसीपुर के श्रीराम भारती, अनुरोध पाण्डेय, जनपद युवा प्रभारी संन्दीप जायसवाल, पचपेड़वा के बालेश्वर, महिला मंडल के पूनम श्रीवास्तव, चेतना कुण्ड सहित बाल सेना व विभिन्न कार्यक्रताओं को सम्मानित किया गया।

## न धर्म दीवार बना, न समाज-इंस्टाग्राम से मंदिर तक पहुंची सन्नी-रूबी की प्रेम कहानी



जन एक्सप्रेस। रायबरेली

हरचंदपुर में एक हिंदू युवक और मुस्लिम युवती की प्रेम कहानी सबको छू रही है। कहते हैं प्यार में न धर्म देखा जाता है, न जाति.बस दिल मिल जाते हैं। ऐसा ही हुआ सन्नी कुशवाहा और रूबी के साथ.दोनों ने समाज और परिवार के बीच शादी कर ली और अब बहुत खुश हैं। उनकी शादी की तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहे हैं. सन्नी कुशवाहा रायबरेली हरचंदपुर क्षेत्र के मवईया के रहने वाला है.रूबी भदोही जिले की है.दोनों की मुलाकात इंस्टाग्राम सोशल मीडिया पर हुई.इंस्टाग्राम पर बातचीत शुरू हुई.पहले दोस्ती हुई, फिर धीरे-धीरे प्यार हो गया। करीब 1 साल पहले दोनों पहली बार आमने-सामने मिले। पहली मुलाकात में ही उन्होंने फैसला कर लिया कि जिंदगी साथ बिताएंगे. दोनों ने तय किया कि जीएंगे तो साथ, वरना कुछ और नहीं। सनी एक मंदिर पहुंचा और पंडित जी से शादी की बात की। रायबरेली के हरचंदपुर स्थित अचलेश्वर मंदिर प्रांगण में दोनों ने हिंदी रीति रिवाज के साथ विवाह किया सर्व समाज में करणी सेवा के जिला अध्यक्ष मोनू भदोरिया, कमलेश यादव प्रधान फरीदपुर, राजनाथ रास्ट्रीय स्वयं सेवक संघ हरचंदपुर कार्यवाह, सतीश सिंह, धनंजय रास्ट्रीय स्वयं सेवक संघ जिला प्रचार प्रमुख, अभिषेख पजपेई, संतोष सिंह संजीत सिंह, चंदन द्विवेदी, अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

## ट्रक की टक्कर से बाइक सवार युवक की दर्दनाक मौत, मचा कोहराम

**रायबरेली।** जिले के मिल एरिया थाना स्थित सुल्तानपुर हाईवे पर सारदा नहर पुल के पास ट्रक की टक्कर से बाइक सवार युवक की दर्दनाक मौत हो गई। वहीं एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। मिलएरिया पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। वहीं गंभीर रूप से घायल को अस्पताल पहुँचाया है। यह हादसा रविवार रात करीब 8 बजे की है। मिल एरिया थाना क्षेत्र के पूरे बन मजरे रूपामऊ गांव निवासी शिव कुमार मौर्य पुत्र धर्मराज शहर के प्रगतिपुरम मोहल्ले मे रहता है। रविवार को देर शाम अपनी बाईक से अपने गांव के ही अमित के साथ रायबरेली से लौट रहा था। तभी बड़े वाहन की नो इंट्री होने से पुलिस बल द्वारा रोके जाने पर एक ट्रक बेकाबू होकर उसे जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी की 35 वर्षीय शिवकुमार की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। वहीं अमित गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया. जहाँ हालत गंभीर होने से ट्रामा सेंटर लखनऊ रिफर कर दिया गया, जहाँ इलाज जारी है। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## मातृभूमि सेवा मिशन - रायबरेली इकाई सिर्फ योग तक सीमित नहीं है

जन एक्सप्रेस। रायबरेली

यह समाज के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर सक्रिय एक सेवा आंदोलन है। मातृभूमि सेवा मिशन के प्रमुख प्रकल्प–

बच्चों की शिक्षा के लिए सहयोग एवं शैक्षिक सामग्री उपलब्ध कराना बुजुर्गों के सम्मान, सेवा और सामाजिक सहभाग के प्रयास पर्यावरण संरक्षण एवं सामाजिक जागरूकता अभियान महापुरुषों की जयंती, संस्कारात्मक व सांस्कृतिक कार्यक्रम योग, स्वास्थ्य, साधना और जीवन मूल्यों का प्रचार समाज की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए मातृभूमि सेवा मिशन के सभी सदस्य निरंतर विचार कर रहे हैं, ताकि नए प्रकल्पों की योजना बनाकर अच्छे, सकारात्मक और जनकल्याणकारी कार्य समाज तक पहुँचाए जा सकें । सेवा को लक्ष्य, संस्कार को आधार और समर्पण को पहचान बनाकर मातृभूमि सेवा मिशन समाज के हर वर्ग के साथ कदम से कदम मिलाकर कार्य कर रहा है।

# आखिल भारतीय प्रगतिशील महिला एसोसिएशन ने निकाला प्रतिवाद मार्च

जन एक्सप्रेस। रायबरेली




अखिल भारतीय प्रगतिशील महिला एसोसिएशन ( ऐपवा) के नेतृत्व में कुलदीप सेंगर की सजा निलम्बित करने के फैसले के विरुद्ध प्रतिवाद मार्च निकाला गया । जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर सभा में बदल गया।

सभा को संबोधित करते हुए ऐपवा जिलाध्यक्ष गायत्री ने कहा की उन्नाव में नाबालिक के साथ बलात्कार और उसके पिता सहित अन्य परिजनों व पीड़िता के अधिवक्ता की हत्या में संलिप्त सजायाफ्ता पूर्व विधायक कुलदीप सेंगर को एक अदालती फैसले के तहत सजा स्थगित करते हुए रिहा कर दिया गया है ,यद्यपि कि माननीय उच्चतम न्यायालय ने उस फ़ैसले को भी स्थगित करते हुए देश भर में न्यायालय की सुचिता पर उठ रहे सवाल को विराम देने की कोशिश है।

उन्होंने कहा कि इसी तरह पूर्व में गुजरात के बिल्किस बानो के बलात्कारियों और परिजनों सहित उसकी नवजात बेटी की हत्या में सजा भुगत रहे अपराधियों की रिहाई कर भाजपा सरकार ने अपने महिला सुरक्षा से नारे की सच्चाई और सरोकार को स्पष्ट कर दिया था।

जिला उपाध्यक्ष विद्या देवी ने कहा कि पिछले दिनो बिहार के मुख्यमंत्री ने एक समारोह में एक महिला चिकित्सक का मंच पर हिजाब खींचने की घोर आपराधिक और अमर्यादित कार्यवाही की। उत्तर प्रदेश के एक कैबिनेट मंत्री संजय निषाद में उस घटना पर बेहद गंभीर और सभ्य समाज को शर्मिंदा करने वाला बयान मीडिया में दिया। इन्हीं सत्ता संरक्षित कृत्यों ने पूरे देश में महिलाओं के प्रति अपराधों को बढ़ावा दिया है। और महिला हत्या ,हिंसा,बलात्कार की बाढ़ आ गई हैं। सहसचिव माधुरी ने कहा कि सैकड़ों राजनीतिक कार्यकर्ता , पर्यावरणविद , शोध छात्र, पत्रकार ,लेखक निरपराध जेलो में सड़ रहे हैं, उनकी जमानत याचिकाएं सुनने में दशक गुजर जा रहे हैं, किंतु राम रहींम ,आशाराम, चिन्मयानंद,सेंगर जैसे सत्ता पोषित अपराधियों के लिए समय ही समय हैं। न्यायालय को अपनी गरिमा के अनुरूप व्यवहार करना चाहिए।

बाद में राष्ट्रपति को संबोधित कुलदीप सेंगर की सजा बहाल कर उसे तत्काल जेल भेजने के साथ उसकी सजा स्थगित कर रिहाई का आदेश पारित करने वाले जजों के विरुद्ध जांच कराए जाने , बिहार के मुख्यमंत्री द्वारा महिला चिकित्सक का हिजाब खींचने के अपकृत्य के लिए सार्वजनिक रूप से माफी मांगने के लिए निर्देशित किये जाने तथा नीतीश कुमार के अपकृत्य पर सार्वजनिक रूप से घोर अमर्यादित टिप्पणी करने वाले उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री संजय निषाद को बर्खास्त किये जाने तथा महिला अपराधों पर रोक के लिए राज्य सरकारों को जवाबदेह बनाने के लिए सर्कुलर जारी किये जाने सम्बन्धी 5 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन नगर मेजिस्ट्रेट को सौंपा गया।

# भ्रष्टाचार के आकंठ में डूबा सीतापुर जिला पंचायत राज विभाग

**जन एक्सप्रेस। सीतापुर**

जनपद में जिला पंचायत राज अधिकारी निरीश चन्द्र शाहू की उदासीनता के चलते पंचायत राज विभाग इन दिनों भ्रष्टाचार के गंभीर आरोपो की जद में है। विभागीय स्तर पर जारी विकास कार्यों, सामग्रियों की खरीद, मजदूरी भुगतान और शासनादेशों के अनुपालन में भारी अनियमितताएँ सामने आने से ग्रामीण विकास की विश्वसनीयता पर सवाल खड़े हो गए हैं।सूत्रों के अनुसार कई विकास खण्डों में तैनात सचिवों और ग्राम प्रधानों की मिलीभगत से सरकारी धन का जारी आदेशों को ताख पर रखकर बंदरबॉट किया जा रहा है। ग्राम निधि से लेकर मनरेगा और अन्य योजनाओं के भुगतानों में गलत कार्य आईडी, फर्जी बिल वाउचर, मनमानी कार्यप्रणाली और आदेशो की खुलेआम अनदेखी के आरोप बार-बार उठ रहे हैं।सामाजिक संगठनों के द्वारा शिकायतें करने के बावजूद विभागीय अधिकारियों की उदासीनता के चलते भ्रष्टाचारियों के हौसले बुलंद हैं। कई मामलों में ग्राम पंचायतों में एक ही व्यक्ति को दोदूदो




कार्यों का भुगतान, प्रधान परिजनों के नाम से सामग्री व मजदूरी राशि निर्गत करना, तथा बिना कार्य कराए राशि निकाल लेने जैसे गंभीर मामले सामने आए हैं। बताते चले कि जनपद के विकास खण्ड पिसावां, ऐलिया, पहला, परसेण्डी, महोली, मछरेहटा, हरगॉव आदि में सचिवो के द्वारा लगातार प्रधानो से मिलीभगत कर ग्राम निधि की धनराशि पर डांका डालने का काम कर रहे है जनपद मुख्यालय पर बैठे जिम्मेदार भ्रष्टाचार उजागर होने के बाद भी कार्यवाही के नाम पर कागजी खानापूर्ति कर भ्रष्टाचारियो को बचाने का काम किया जा रहा है, विकास खण्ड पहला की ग्राम पंचायत शमसाबाद में सचिव ने प्रधान से सांठगांठ कर प्रधान के परिजनों के नाम ग्राम निधि से भुगतान किया है सचिव ने ग्राम प्रधान के पति के भाई कमलेश पुत्र मैकू,भतीजे अजीत पुत्र कमलेश व रोहित पुत्र संतोष के नाम ग्राम निधि से भुगतान कर वित्तीय अनमित्तताये करने का काम किया है। ग्राम पंचायत बेरसापुर में सचिव ने प्रधान अमित कुमार तिवारी से मिलीभगत कर प्रधान के भाई नीरज के नाम पर ग्राम निधि से वित्तीय वर्ष 2022-23 में 105938 रुपये, वित्तीय वर्ष 2023-24 में 87160 रुपये, वित्तीय वर्ष 2024-25 में 30878 रुपये व वित्तीय वर्ष 2025-26 में 40341 रूपये के भुगतान कर घोटाला किया है, ग्राम पंचायत सन्दीर में सचिव ने प्रधान के देवर कमल किशोर, दो पुत्रों कुणाल तिवारी व आयुष तिवारी के नाम ग्राम निधि से भुगतान कर सरकारी धन का बंदरबॉट किया गया है।

### ऐलिया की ग्राम पंचायत नौव्वा व भेलवां खुर्द में खुला फर्जीवाडा

विकास खण्ड ऐलिया में तैनात सचिवो के द्वारा जारी आदेशो को ताख पर रखकर लगातार भुगतान किए जा रहे है ग्राम पंचायत नौव्वा में सचिव ने मानदेय व मजूदरी की कार्य आईडी पर साफ सफाई के नाम पर 28500 रूपये,प्रशासनिक व्यय के नाम पर 19800 रूपये,आंगनबाड़ी की किट खरीद के नाम पर 17000 रूपये,नल मरम्मत के नाम पर 19500 रूपया, सामुदायिक शौचालय पानी सप्लाई के नाम पर 19650 रूपये व ग्राम पंचायत में पानी सप्लाई के कार्य की कार्य आईडी पर मंदिर से बुद्धा तक इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य के नाम पर लगभग दो लाख रुपये का भुगतान कर फर्जीवाडा किया गया है। वही सचिव लवकुश भारती ने ग्राम पंचायत भेलावां खुर्द में फर्जी कार्य आईडी संख्याओं का प्रयोग कर सरकारी धन का बंदरबॉट करने का काम किया है नाली निर्माण कार्य के कार्य आईडी पर आंगनबाड़ी निर्माण कार्य के नाम पर क्रमशः 77278 रूपये, 30908 रूपये, 71390 रूपये, 158118 रूपये व 40303 रूपये का भुगतान किया गया वही प्रशासनिक व्यय की कार्य आईडी पर नल मरम्मत के नाम पर 19500 रूपये, रोड़ा राबिश के नाम पर 13500 रूपये का भुगतान कर घोटाला किया गया है। जब उक्त प्रकरण में एडीओ पंचायत ऐलिया से जानकारी की गई तो उन्होंने बताया कि प्रकरण संज्ञान में आया है जांच कर कार्यवाही की जाएगी।

# कारण कुछ भी रहे हो लेकिन परिणाम तो लैला–मजनू की कहानी जैसा रहा

**जन एक्सप्रेस। सीतापुर**



महामाई के मंदिर में प्रेमियों ने शादी की और बाइस दिनों बाद महामाई के दरबार की सीमा में नव दम्पति के शव मिले। पुलिस जांच कर र ही है अभी तक पुलिस किसी भी खास नतीजे पर नही पहुंच सकी है। नव दम्पति बने प्रेमी युगलो की कहानी और कारण कुछ भी रहे हो लेकिन नतीजा लैला मजनू जैसी कहानी का आया है और साबित हो गया कि शायद कुदरत ने खुशीराम और मोहनी को एक दूजे के लिये बनाते हुए दोनो की सांसों की डोर एक में बांध दी थी। दोनो ने एक साथ मौत को गले लगाया जब परिवारीजनों की समझ में आया कि कुदरत ने दोनो को एक दूसरे के लिये बनाया था तो दोनो लोगो का अंतिम संस्कार एक ही चिता पर किया गया। जमाना कुछ भी कहे लेकिन जीते जी न सही मरने के बाद खुशीराम और मोहिनी एक हो गये। गौरतलब हो कि लहरपुर में खुशीराम और मोहिनी के शवों का एक ही चिता पर अंतिम संस्कार किया गया। रविवार को दोनों के शव हरगांव के अनिया कला गांव के एक ही पेड़ की टहनी से एक ही रस्सी के फंदे के सहारे लटके मिले थे। पुलिस के अनुसार पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हैंगिंग आई है।

### चचेरे भाई बहन थे प्रेमी युगल

प्रेमी युगल चचेरे भाई बहन थे और परिजनों की इच्छा के खिलाफ इसी मंदिर में प्रेम विवाह किया था। ग्रामीणों के अनुसार शादी के बाद परिजन राजी हो गए थे। ऐसे में घटनाक्रम को संदिग्ध मानते हुए, पुलिस ने जांच शुरू की है। पुलिस के अनुसार यह हत्या का भी मामला हो सकता है। बस्तीपुरवा निवासी खुशीराम (22) और मोहिनी (19) पट्टीदार थे। करीब तीन वर्ष पहले दोनों करीब आए। पट्टीदार होने के कारण विवाह संभव नहीं था। इसलिए उन्होंने छह दिसंबर को महामाई मंदिर में पहुंचकर शादी कर ली। इसके बाद परिजन भी मान गए। दोनों घर पर ही रह रहे थे। खुशीराम के परिजनों के अनुसार, रविवार तड़के करीब पांच बजे दोनों घर से बाहर निकले। काफी देर तक नहीं लौटे तो तलाश शुरू की गई। घर से करीब एक किमी दूर महामाई मंदिर के पास पेड़ से दोनों के शव लटकते मिले। इंस्पेक्टर बलवंत शाही ने बताया कि दोनों के परिजनों ने अभी किसी पर कोई आरोप नहीं लगाया है।

# अतिक्रमण हटाओं अभियान से व्यापारी दो गुटो में बंटे

- एक गुट कह रहा हमने हमेशा किया है प्रशासन का सहयोग तो दूसरा गुट लगा रहा मनमानी का आरोप

**जन एक्सप्रेस। सीतापुर**

**खैराबाद।** अतिक्रमण हटाओं अभियान ने व्यापारियों के दो गुट बना दिये है। व्यापारियों का एक गुट विगत दिनों उपजिलाधिकारी सदर से मिलकर ज्ञापन दिया और कहा कि हमने सदा ही प्रशासन का सहयोग किया है इस कारण अतिक्रमण हटाते समय हम लोगो पर विशेष ध्यान दिया जाये। व्यापारियों द्वारा प्रशासन को सहयोग दिये जाने की बात को लोग अपने अपने नजरिये से समझ रहे है। यह भी देखा जा रहा है कि नगर के बड़े अतिक्रमणकारियों पर किसी न किसी बहाने से छोड़ा जा रहा है। सबसे बड़े विरोध का कारण है कि उन व्यवसायिक भवनों पर कोई कार्यवाही नही की जा रही है जो व्यवयायिक भवन बिना पार्किंग नाले और नजूल की जमीन पर बने है उनके पास पार्किंग की कोई व्यवस्था तक नही है। इसी तरह से बने कुछ भवनों को किराये पर दिया गया है जिससे सवाल उठ रहा है कि नजूल और नाले की भूमि पर बने भवनों को किराये पर दिया जा रहा है। इस तरह का गोलमाल हो रहा है अधिकारी ध्यान नही दे रहे है जो कार्यवाही का बड़ा विरोध बनता जा रहा है। इसी क्रम में विगत दिवस दुकानों के आगे पड़े टिन शेड को प्रशासन की टीम ने बुलडोजर से ढहा दिया। दुकानदारों ने प्रशासन पर गलत तरीके से कार्रवाई करने का आरोप लगाया है। तहसीलदार अतुलसेन सिंह राजस्व टीम और पुलिस बल के साथ रविवार दोपहर मछरेहटा मार्ग पर पहुंचे।




### कुछ न कुछ तो गड़बड़ है!

अतिक्रमण हटाओं अभियान लगे अफसर भले ही निष्पक्ष कार्यवाही करने का दावा कर रहे हो लेकिन इस अभियान का बड़े स्तर पर विरोध हो रहा है। क्योकि जो दिखाई दे रहा है उसको नजरंदाज भी नही किया जा रहा है। नगर के भीड़भाड़ वाले इलाके में नजूल भूमि पर बने कार्मिर्शिलय भवन जो बिना पार्किंग के संचालित हो रहे ऐसे कामिर्शिलय भवनों को अतिक्रमण हटाओं अभियान से दूर रखा जा रहा है जबकि ऐसे भवनों पर बुलडोजर का मुख पहले होना चाहिए। विरोध के स्वर लगातार बढ़ रहे है प्रशासन का कह रहा है कार्यवाही नियमानुसार की जा रही है। बाते अलग अलग है इस कारण इस अभियान में कुछ न कुछ तो गड़बड है।

यहां दुकानदारों द्वारा टिन शेड डालकर किए गए अवैध निर्माण को बुलडोजर से ढहा दिया गया। तहसीलदार अतुलसेन सिंह ने बताया कि मछरेहटा-नैमिषारण्य मार्ग पर किए गए अवैध अतिक्रमण को हटाने के लिए दुकानदारों से कहा गया था। इसके बावजूद कई दुकानदारों ने स्वयं अतिक्रमण नहीं हटाया। इसके चलते ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गई है। दुकानदारों ने प्रशासन पर मनमानी का आरोप लगाया है। दुकानदारों का कहना है प्रशासन ने अनुचित कार्रवाई कर दुकानदारों का लाखों का नुकसान कर दिया। जायसवाल मिष्ठान भंडार के संचालक सुरेंद्र जायसवाल व प्रमोद शुक्ला, डॉ. संजीव श्रीवास्तव, तौकीर अहमद, सत्यम पाल, राकेश मिश्र, रामप्रसाद राजपूत आदि दुकानदारों ने आरोप लगाया कि एक सप्ताह पहले नाले तक अतिक्रमण हटाने को कहा गया था। इसके बावजूद प्रशासन ने गलत तरीके से लाखों का नुकसान किया है।

# बोले थाना प्रभारी जल्द होगा चोरियों का खुलासा

**जन एक्सप्रेस। सीतापुर**

जनपद के पिसावां कस्बे में तीन घरों से हुई पांच लाख की चोरी पर थानाध्यक्ष कहा कि पुलिस कार्यवाही कर रही है चोरो की तलाश की जा रही है जल्द ही चोर जेल की सलाखों के पीछे होगे। गौरतलब हो कि आईटीआई के ठीक सामने बने तीन घरों से चोर नकदी समेत करीब पांच लाख का माल समेट ले गए। सूचना पाकर पुलिस ने मौके का मुआयना किया। महेश्वरी देवी के अनुसार शनिवार को वह रिश्तेदारी में गई थीं। उसी रात चोरों ने घर का ताला तोड़कर बक्से और अटैची में रखे सोने-चांदी के जेवरात समेत करीब तीन लाख का माल पार कर दिया। चोरों ने खाली बक्सा व अटैची घर के पीछे फेंक दी। पास में ही अनिल कुमार का घर बना है। अनिल अपने गांव खजुन्ना गए हुए थे।मकान का ताला तोड़कर घुसे चोरों ने दो हजार रुपये समेत करीब डेढ़ लाख का माल पार कर दिया। चोर कमलू के मकान का ताला तोड़कर घर घुसे और 50 हजार का माल पार कर दिया। महेश्वरी, अनिल कुमार ने पुलिस को तहरीर दी है। थानाध्यक्ष वीरेंद्र ने बताया कि घटनास्थल का निरीक्षण किया है। जल्द खुलासा किया जाएगा।

जनपद के थानगांव थाना क्षेत्र में शातिर चोरों ने कम्पोजिट शराब की दुकान में सेंध लगाकर शराब सहित हजारों रूपये का माल चोरी कर फरार हो गये। घटना के सम्बन्ध में राजपुर चैराहे से गंगापुरवा मार्ग पर स्थित दुकान के सेल्समैन रिंकू जायसवाल ने बताया कि चोर नकब लगाकर दुकान में घुसे चोरों ने दस हजार रुपये, 10 कैन बियर, सीसीटीवी आदि चोरी कर लिए।

सुबह होने पर उनको मामले की जानकारी हुई। लोगों ने बताया कि जहां चोरी हुई है। वहां से कुछ ही दूरी पर पुलिस का पहरा भी लगता है। थानाध्यक्ष विमल गौतम ने बताया तहरीर के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है।

# बिल्हौर में उप निबंधक कार्यालय निर्माण पर बड़ा फैसला, सुभानपुर की भूमि खारिज

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**



बिल्हौर तहसील बिल्हौर में प्रस्तावित उप निबंधक कार्यालय के भवन निर्माण को लेकर चली आ रही असमंजस की स्थिति पर जिला प्रशासन ने बड़ा और स्पष्ट निर्णय लिया है। जिलाधिकारी कानपुर नगर जितेन्द्र प्रताप सिंह ने संयुक्त समिति की आख्या के आधार पर ग्राम सुभानपुर, मुरादनगर स्थित गाटा संख्या 594क व 594ग क्षेत्रफल 1120 वर्गमीटर को जनहित में अनुपयुक्त घोषित कर दिया है।तहसील बिल्हौर के बार एसोसिएशन एवं अन्य स्तरों से प्राप्त प्रत्यावेदनों के क्रम में अपर जिलाधिकारी न्यायिक की अध्यक्षता में गठित समिति जिसमें सहायक महानिरीक्षक निबंधन एवं उप जिलाधिकारी बिल्हौर शामिल थे द्वारा 22 दिसंबर 25 को प्रस्तुत आख्या में स्पष्ट किया गया कि उक्त भूमि सभी परिस्थितियों में जनहित के अनुरूप नहीं है। समिति ने उप निबंधक कार्यालय के लिए तहसील परिसर की भूमि को श्रेष्ठ और उपयुक्त विकल्प बताया है।इस आख्या के अवलोकन के उपरांत जिलाधिकारी ने अपर जिलाधिकारी वित्त,राजस्व को अग्रेतर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। जिला प्रशासन के इस निर्णय को अधिवक्ताओं की लंबे समय से चली आ रही मांग के रूप में देखा जा रहा है।इधर, बिल्हौर बार एसोसिएशन द्वारा जारी आवश्यक सूचना पत्र में बताया गया कि सोशल मीडिया पर फैल रही अनाधिकृत सूचनाओं की जांच करने पर ज्ञात हुआ है कि इस मामले में जिला प्रशासन से शासन को पत्र भेजे जाने की आधिकारिक जानकारी संभवतः 30 दिसंबर 25 को उप जिलाधिकारी, बिल्हौर द्वारा उपलब्ध कराई जाएगी।

### आज निर्णायक बैठक, आंदोलन जारी


बार एसोसिएशन ने समस्त सम्मानित अधिवक्ताओं से अपील की है कि सभी धरना स्थल पर अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें, ताकि प्राप्त होने वाली सूचना,पत्र पर विचार कर आगे की रणनीति पर सामूहिक निर्णय लिया जा सके। बार एसोसिएशन,एकीकृत बार एसोसिएशन व द लायर्स एसोसिएशन ने स्पष्ट किया है कि निर्णय लिए जाने तक पूर्ववत चल रही कलमबंद हड़ताल,आंदोलन जारी रहेगा। इस पूरे घटनाक्रम से स्पष्ट है कि उप निबंधक कार्यालय के स्थान को लेकर अधिवक्ताओं की आवाज को प्रशासन ने गंभीरता से सुना है और अब तहसील परिसर में निर्माण की दिशा में रास्ता साफ होता नजर आ रहा है।

# कैसे हो सफल स्वच्छ भारत मिशन जब भारी संख्या में अधिकारियों के यहां सम्बद्ध सफाईकर्मी

- जनपद सीतापुर में लगभग दस से पन्द्रह प्रतिशत सफाईकर्मी अफसरों की कर रहे चाकरी

**जन एक्सप्रेस। सीतापुर**

स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) योजना के अन्तर्गत देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में साफ सफाई के सम्बन्ध में एक विशेष योजना संचालित की गई जिसे ग्रामीण क्षेत्रों में जहां एक तरफ साफ सफाई हो सके वहीं दूसरी तरफ ग्रामीण क्षेत्रों में फैल रही गम्भीर बीमारियों पर रोक लगाई जा सके शासन के द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में सफाईकर्मियों की नियुक्ति की गई है साथ ही कूड़े के निस्तारण के लिये आर आर सेण्टर का भी निर्माण कराया है। ग्रामीण क्षेत्रों में निकल रहे कूड़े को निस्तारण केन्द्रों तक पहुंचाये जाने के लिये ई रिक्शा आदि पर भी भारी मात्रा में धनराशि आवंटित की गई जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छ भारत मिशन सफल हो सके। शासन और प्रशासन के हर प्रयास के बाद भी जनपद सीतापुर में जिला प्रशासन की उदासीनता के चलते शासन के द्वारा नियुक्त कुल 2372 सफाईकर्मियों के पद है जिसमें वर्तमान समय में कुल 2285 के लगभग सफाई कर्मी ग्रामीण क्षेत्रों में कार्यरत है और ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छ



भारत मिशन को सफल बनाने की जिम्मेदारी इन सफाईकर्मियों को सौंपी गई है। लेकिन जिला प्रशासन की मनमानी कार्यशैली के चलते लगभग 2285 में से दस से पन्द्रह प्रतिशत ऐसे सफाई कर्मी है जो जिले अफसरों की चाकरी में लगे है। कुछ सफाईकर्मियों को ग्रामीण क्षेत्रों की जिम्मेदारियों देने के बाद भी विकास खण्डों में सम्बद्ध किया गया है तो कुछ सफाईकर्मी विकास भवन में अधिकारियों के कार्यालय में सम्बद्ध किये गये है भारी मात्रा मे सफाई कर्मी जिम्मेदार अफसरों के आवासो के साथ गाड़ियों के चालक के पद पर अधिकारियों की मनमानी कार्यशैली के तहत सम्बद्ध किये गये है। जो कि अफसरो की चाकरी करने में लगाये गये है। बताते चले कि निदेशक पंचायती राज उत्तर प्रदेश के द्वारा समस्त जिला पंचायत राज अधिकारियों को पत्रांक संख्या 2/शा./318/2020-2/ विधिक/ 79/2019 लखनऊ 5जनवरी 2021 को माननीय उच्च न्यायालय में योजित जनहित याचिका संख्या 9967/2020 सुशील कुमार बनाम उत्तर प्रदेश सरकार व अन्य के सम्बन्ध को ध्यान में रखते हुए निर्देशित किया गया है कि जारी पत्र के अनुपालन में शासनादेश दिनांक 29.07.2020 का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किये जाये तथा प्रत्येक सफाईकर्मी की तैनाती राजस्व ग्राम में ही सुनिश्चित की जाये । अगर सफाईकर्मी किसी अन्य स्थान पर तैनात किये जो है तो सम्पूर्ण जिम्मेदारी जिला पंचायत राज अधिकारी की होगी के सम्बन्ध में आदेश को कड़ाई से पालन किये जाने के निर्देश जारी किये गये है। जारी आदेश के बाद भी जनपद सीतापुर में अधिकारियों की मनमानी कार्यशैली के चलते भारी संख्या में सफाईकर्मचारियों को अफसरों की चाकरी करने में सम्बद्ध किया गया है। जो कि जारी आदेशों पर सवालियां निशान खड़े कर रहे है। वही दूसरी तरफ जिले के जिम्मेदार अधिकारियों की उरासीनता के चलते प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के स्वच्छ भारत मिशन के सपने को भी साकार होने में बाधा उत्पन्न कर रहे है।

# सांसद अशोक कुमार रावत ने परिक्रमा पथ निर्माण की उठाई मांग

**जन एक्सप्रेस। सीतापुर**

मिश्रिखमिश्रिख लोकसभा क्षेत्र के सांसद अशोक कुमार रावत ने क्षेत्र की एक गंभीर और लंबे समय से चली आ रही समस्या को लेकर उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक को पत्र लिखकर समाधान की मांग की है। सांसद ने पत्र में मिश्रिख रेलवे स्टेशन के सामने सिधौलीदृमिश्रिख मार्ग पर परिक्रमा करने वाले श्रद्धालुओं को हो रही परेशानियों और संभावित दुर्घटनाओं की ओर ध्यान आकृष्ट कराया है।

सांसद अशोक कुमार रावत ने पत्र में उल्लेख किया है कि मिश्रिख धार्मिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण तीर्थस्थल है। यहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में साधु-संत, महात्मा एवं श्रद्धालु परिक्रमा करते हैं।

परिक्रमा मार्ग मिश्रिख रेलवे स्टेशन के सामने से होकर सिधौलीदृमिश्रिख मार्ग पर निकलता है, लेकिन वर्तमान में इस मार्ग की स्थिति जर्जर बनी हुई है। मार्ग समुचित रूप से विकसित न होने के कारण श्रद्धालुओं को परिक्रमा के दौरान भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।

पत्र में यह भी कहा गया है कि परिक्रमा मार्ग के दौरान श्रद्धालुओं को रेलवे लाइन पार करनी पड़ती है।

# ठण्ड की चपेट में सीतापुर, डीएम ने बचाव के लिये पुख्ता इंतजाम

**जन एक्सप्रेस। सीतापुर**

मौसम विभाग द्वारा जारी पूर्वानुमान के अनुसार आगामी दिनों में जनपद में शीतलहर एवं कोहरे का प्रकोप बढ़ेगा। सर्दी और शीतलहर से बचाव को लेकर जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा एडवाइजरी जारी की गई है। जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 ने ठण्ड से बचाव के लिए गाइडलाइन यानी ठण्ड से बचाव को लेकर क्या करें, क्या न करें के बारे में विस्तार से बताया है। जिलाधिकारी ने बताया कि ठण्ड से बचाव को लेकर जिले में 15 जगहों पर रैन बसेरे बनाये गये है। निराश्रितों, असहायों एवं राहगीरों के ठहरने के लिए रैन बसेरे संचालित हैं। अपर जिलाधिकारी नीतीश कुमार सिंह ने ठण्ड से बचाव के उपायों के बारे में बताते हुए कहा कि जनसामान्य लगातार समाचार पत्रों, रेडियो एवं टीवी के माध्यम से मौसम की जानकारी लेते रहें तथा जिला प्रशासन व राहत आयुक्त कार्यालय द्वारा समय-समय पर जारी किये जाने वाली एडवाइजरी को प्राप्त कर जानकारी लेते रहें। उन्होंने बताया कि कान, नाक व गले को ढककर रखें तथा कई परत वाले गर्म कपड़े पहनें। स्नान हेतु गर्म पानी का प्रयोग करें। विशेष परिस्थितियों के लिए ईंधन बचाकर रखें। शरीर को गर्म रखने हेतु पेय पदार्थों एवं पौष्टिक आहार का सेवन करते रहें। शरीर के अंगों का सुन्न होना, हाथ पैर, कान पर सफेद या पीले रंग के दाग पड़ने पर तुरनत डाक्टर से सम्पर्क करें।

### क्या बोले जिला आपदा विशेषज्ञ हीरालाल

इस सम्बन्ध में क्या बोले जिला आपदा विशेषज्ञ हीरालाल ने बताया कि कमरे को गर्म रखने के लिए जलावन यानी लकड़ी का प्रयोग कतई न करें क्योंकि इससे कमरे में धुआं फैलने का खतरा उत्पन्न हो जाता है। कोयले की अंगीठी, हीटर या ब्लोअर आदि का प्रयोग आप कर सकते हैं, लेकिन सावधानी बरतते हुए। कमरे की खिड़कियां खोल के रखें ताकि अंगीठी से उत्पन्न जहरीले धुएं से आपको नुकसान न हो तथा कमरे में आक्सीजन की कमी भी न होने पाये। ठण्ड से बचने के लिए सर्दियों में तिल का सेवन करना काफी फायदेमंद होता है। इसके अलावा खजूर का सेवन करें खजूर में विटामिन-ए, विटामिन-बी, कैल्शियम, पोटेशियम और अन्य विटामिन भरपूर मात्रा में मौजूद होते हैं, जिससे शरीर के पर्याप्त पोषक तत्व मिलते हैं। सर्दी में अंडे का भी सेवन करना चाहिए, अंडे में प्रोटीन और अन्य पोषक तत्व पर्याप्त मात्रा में पाए जाते हैं। इसके साथ ही गुड़, अदरक, शहद और हल्दी दूध आयुर्वेदिक गुणों से भरपूर है, इसका सेवन भी बहुत फायेदमंद होता है।

### बज्मे उर्दू के 55 साल पूरे होने पर शेरी नशिस्त का ऐलान

**जन एक्सप्रेस। सीतापुर।** बज्मे उर्दू के 55 साल पूरे होने पर 31 दिसंबर को मिरदही टोला स्थित बज्मे उर्दू के ऑफिस में एक खास प्रोग्राम और शेरी नशिस्त का आयोजन किया जा रहा है. इस बारे में जानकारी देते हुए बज्मे उर्दू के अध्यक्ष मशहूर शायर और पत्रकार मस्त हफीज रहमानी ने बताया कि बज्मे उर्दू की स्थापना 55 साल पहले 31 दिसंबर 1970 को सीतापुर में उर्दू भाषा और साहित्य की सेवा के मकसद से हुई थी. इसने अपने मकसद को बड़ी खूबी से लागू करते हुए 55 साल का शानदार सफर पूरा किया है. इस साल बज्मे उर्दू अपना 55वां सालाना जश्न मना रहा है. जिसके तहत पिछले महीने की 23 नवम्बर, 2025 को एक बड़ा सेमिनार किया गया था, जिसमें सीतापुर, लखनऊ और दूसरे जिलों के जाने–माने शायरों, लेखकों और पत्रकारों ने हिस्सा लिया था. इस संबंध में 31 दिसंबर 2025 को 55 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में एक और खास प्रोग्राम व शेरी नशिस्त का आयोजन किया जा रहा है।

## एक्सप्रेस खबरें...

### भाजपा पार्षद बोले बेटा चाबी भरता है महापौर खिलौना है

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर।** कानपुर की मेयर खिलौना है, उनका बेटा बंटी चाभी भरते हैं उतना ही मेयर चलती हैं। उनका बेटा बंटी पांडे ही बड़ा नगर निगम चल रहा है। क्या कहना है भाजपा पार्षद पवन गुप्ता का उन्होंने कहा निकट निगम में भ्रष्टाचार चरम पर है। मेयर का बेटा अपने चाहेतों को ठेका देता है। यह उन्हीं के नाम से खेल करते हैं। उन्हें ठेके और टेंडर दिलवाते हैं। हम तो ठेला लगाने वाले आदमी हैं। पार्षद रहे ना रहे कल फिर ठेला लगा लेंगे। भाजपा पार्षद ने कहा कि हमारे पास ठेकेदारों के नाम भी हैं। जिन्हें मेयर के बेटे के इशारे पर नगर निगम में ठेके दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि नगर निगम में होने वाले इस भ्रष्टाचार की जानकारी पार्टी के उच्च नेतृत्व को भी दी जा रही है। जनता की आवाज उठाने पर उन पर कार्रवाई की जाती है। अपने चहेतों को करोड़ों का टेंडर दे दिया जाता है। कानपुर नगर निगम नरक बनता जा रहा है पीएम और सीएम शहर की ओर ध्यान देंगे तो ही इसे बचाया जा सकता है।

### मंत्री ने किया रजबहा का निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस। सीतापुर।** जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह द्वारा जनपद सीतापुर की सिधौली विधानसभा स्थित मुजफ्फरपुर रजबहा का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उनके द्वारा स्थानीय किसानों से वार्ता की गई। मंत्री द्वारा जनपद में हुई सिल्ट सफाई के बारे में जानकारी भी प्राप्त की गई और उपस्थित अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान मुख्य अभियंता (शारदा) एच0एन0 सिंह, अधीक्षण अभियंता नीलेश कुमार जैन एवं अधिशासी अभियंता विशाल पोरवाल उपस्थित रहे।

### महेश जायसवाल तहसील प्रभारी व ब्लाक अध्यक्ष ऐलिया मनोनीत


**जन एक्सप्रेस। सीतापुर।** विकास खण्ड क्षेत्र की ग्राम पंचायत अडबेनिया ग्रण्ट निवासी महेश जायसवाल को जायसवाल समाज की बैठक में सर्वसम्मति से जिलाध्यक्ष के द्वारा तहसील प्रभारी महोली व ब्लाक अध्यक्ष ऐलिया के पद पर मनोनीत किया गया। महेश जायसवाल के मनोनयन से जायसवाल समाज में खुशी की लहर दौड़ गई। उक्त अवसर पर महेश जायसवाल ने कहा कि जायसवाल समाज के द्वारा हमे जो भी जिम्मेदारियां सौंपी गई है हम उन्हे पूर्णतय निभायेगे और प्रयास करेगे कि अधिक से अधिक समाज को जागरूक कर सके और एकता स्थापित करते हुए एक मंच पर ला सके। जायसवाल समाज का हमेशा यह प्रयास रहा है कि सभी समाजों का हित कर सके और सभी से सामन्जस्य स्थापित कर सके। उक्त अवसर पर भारी संख्या में जायसवाल समाज के पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### पर्यावरण संरक्षण को लेकर चलाया जा रहा जन आन्दोलन

**जन एक्सप्रेस। सीतापुर।** पर्यावरण संरक्षण, वन सुरक्षा और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने के लिए उत्तर प्रदेश में ठोस पहल की जा रही है उत्तर प्रदेश राज्य सदस्य फतेउद्दीन खान द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया कि प्रदेशभर में पर्यावरण संरक्षण को जनआंदोलन का स्वरूप देने हेतु व्यापक जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं।फतेउद्दीन खान ने कहा कि वायु व जल प्रदूषण, घटता वन क्षेत्र और जलवायु परिवर्तन प्रदेश के लिए गंभीर चुनौती हैं। आयोग द्वारा वृक्षारोपण, जल संरक्षण, प्रदूषण नियंत्रण, औद्योगिक इकाइयों में पर्यावरणीय मानकों के अनुपालन और जनशिकायतों के त्वरित निस्तारण को प्राथमिकता दी जा रही है। युवाओं, सामाजिक संगठनों, शिक्षण संस्थानों और प्रशासन की भागीदारी से हरित व स्वच्छ उत्तर प्रदेश के निर्माण की दिशा में सराहनीय प्रयास हो रहे हैं।

पढ़ें पेज 12 पर...


## जन एक्सप्रेस



### सम्पादकीय

# राज्यों के हालिया निकाय चुनाव नतीजों के संदेश

**यह विजय भाजपा के लिए शुभ संकेत है। गोवा में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। आम आदमी पार्टी के नेता अरविंद केरजीवाल यहां पूरा दम लगा रहे हैं और जनता से कह रहे हैं कि कांग्रेस को वोट मत देना क्योंकि उनके विधायक भाजपा में शामिल हो जाते हैं। शेष अन्य दल गोवा में सुस्त पड़े हैं। भाजपा की जीत का यह दौर जारी रहने वाला है क्योंकि कांग्रेस का रेडियो 'वोट चोरी' पर रुक गया है। देश का जनमानस कांग्रेस व राहुल गांधी को चुनाव परिणामों के जरिये बार-बार संदेश दे रहा है किंतु ये अपनी राजनीतिक रणनीति सुधारने को तैयार नहीं हैं।**

*राजधानी दिल्ली के नगर निगम चुनाव से आरम्भ हुआ भाजपा गठबंधन का विजय रथ अब केरल, महाराष्ट्र, अरुणाचल और गोवा तक पहुंच गया है। हाल में महाराष्ट्र, अरुणाचल प्रदेश और गोवा में निकाय चुनावों के परिणाम भाजपा के पक्ष में आए। इससे पहले केरल के चुनाव परिणाम आए, जिसमें केरल की राजधानी तिरुअनंतपुरम में पहली बार भाजपा का मेयर बना, जिसकी चर्चा पूरे भारत में हो रही है। महाराष्ट्र और अरुणाचल के नतीजे कई मायने में महत्वपूर्ण हैं। महाराष्ट्र में 288 नगर परिषद् और नगर पंचायतों के चुनाव में महायुति ने जबर्दस्त प्रदर्शन किया। भाजपा ने कुल 3325 सीटों पर विजय प्राप्त करके कुल पार्षदों का 48 प्रतिशत अपने नाम किया है। नगर परिषद् अध्यक्षों में से करीब 75 प्रतिशत महायुति के हैं। जिनमें सबसे बड़ा योगदान भाजपा का है। भाजपा ने साल 2017 के निकाय चुनाव में 1602 सीटों पर विजय प्राप्त की थी जबकि अबकी बार दोगुनी से भी अधिक 3,325 सीटें जीतने में सफलता प्राप्त की। भाजपा को महाराष्ट्र के ग्रामीण क्षेत्रों में भी भारी सफलता मिली है। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस का कहना हे कि साल 2014 से लेकर अभी तक भाजपा शहरी पार्टी मानी जाती थी किंतु अब भाजपा महाराष्ट्र के ग्रामीण क्षेत्रों में भी अपना दबदबा बढ़ा रही है। आज महाराष्ट्र में विपक्षी गठबंधन अपनी अंतिम सांसें गिनता दिखाई पड़ रहा है। मुंबई नगर निगम के लिए उद्धव और राज हाथ मिला चुके हैं। अगर कुछ अन्य शेष बड़े नगर निगमों में भी विपक्षी गठबंधन जीत नहीं पाता तो वह बुरी तरह से बिखर सकता है। महाराष्ट्र में भाजपा की सफलता का सबसे अधिक श्रेय मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को जाता है जबकि शिवसेना (उद्धव गुट) अपनी दुर्गति के लिए स्वयं दोषी है। शिवसेना के संस्थापक बाला साहेब ठाकरे ने जिन उद्देश्यों के लिए शिवसेना का गठन किया था उससे वह पूरी तरह से भटक चुकी हैं। बांग्लादेश में हिंदुओं के साथ हो रहे अमानवीय अत्याचारों पर शिवसेना (उद्धव गुट) के मुंह में ताला लगा है। वो बांग्लादेश की घटनाओं की निंदा तक नहीं कर पा रही है। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने राज्यभर में 30 से अधिक रैलियां कीं जबकि ठाकरे बंधु अपने महल से बाहर ही नहीं निकले। भाजपा की अरुणाचल विजयः सुदूर सीमावर्ती राज्य अरुणाचल प्रदेश के निकाय चुनावों में भी भाजपा ने जिला परिषद् और ग्राम पंचायत की अधिकांश सीटों पर जीत प्राप्त की और अपना दबदबा कायम रखा। भाजपा ने 245 सीटों में से 170 सीटों पर जीत दर्ज की जिनमें से 59 सीटों पर निर्विरोध विजय हुई। यहां के ग्रामीण इलाकों में भी भाजपा ने मजबूत उपस्थिति दर्ज की, जिसमें ग्राम पंचायत की 8,208 सीटों में से 6,085 सीटों पर जीत दर्ज की है। राजधानी ईटानगर के नगर निगम में भी भाजपा ने 20 मे से 14 सीटों पर विजय प्राप्त करने में सफलता प्राप्त की है यहां नगर परिषद की 59 सीटों पर भाजपा विजयी रही। चुनाव परिणामों से गदगद भाजपा के मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने कहा कि राज्य में एनडीए के मजबूत प्रदर्शन से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत और विकसित अरुणाचल के दृष्टिकोण के प्रति जनता का दृढ़ समर्थन झलकता है। गोवा में भी भाजपा की विजयः गोवा में भी जिला पंचायत चुनाव 2025 के सभी परिणाम सामने आ चुके हैं। ये चुनाव बैलेट बाक्स के माध्यम से हुए थे किंतु यहां भी भाजपा को विजय प्राप्त हुई और कांग्रेस व सहयोगी दलों को करारी पराजय का सामना करना पड़ा।*

### एक्सप्रेस आलेख

**पर्यावरण मंत्रालय के अनुसार, ऐसे ढाँचों से हाथियों की मृत्यु दर में उल्लेखनीय कमी संभव है। पटरियों के किनारे फलदार पेड़ों की कटाई, नियमित सफाई और ट्रेनों में शून्य-कचरा नीति अपनाना भी उतना ही आवश्यक है। 'प्लान बी' जैसी योजनाएँ, जिनमें मधुमक्खियों की आवाज़ से हाथियों को दूर रखा जाता है, व्यवहारिक और मानवीय समाधान प्रस्तुत करती हैं। अंतरराष्ट्रीय अनुभव बताते हैं कि जब संरक्षण को गंभीरता से लिया जाता है, तो विकास और वन्यजीवन के बीच संतुलन संभव है। कनाडा, ऑस्ट्रेलिया और नीदरलैंड जैसे देशों ने वन्यजीव पारगमन संरचनाओं और कठोर गति नियंत्रण से दुर्घटनाओं में भारी कमी लाई है।**


# रेल पटरियों पर वन्य जीवों से जुड़े हादसों को रोका जाना जरूरी



डॉ सत्यवान सौरभ

**भारत भी इन मॉडलों को अपनी परिस्थितियों के अनुरूप अपना सकता है। हाथियों की मौत केवल नैतिक विफलता नहीं है, बल्कि आर्थिक नुकसान भी है। ट्रेन दुर्घटनाएँ, मानवीय क्षति, संपत्ति का नुकसान और सेवा बाधाएँ इन सबकी लागत निवारक उपायों से कहीं अधिक होती है। अंततः, रेलवे ट्रैक पर हाथियों की मौत तकनीकी नहीं, बल्कि नीतिगत असफलता का परिणाम है।**

दिसंबर 2025 में असम के होजाई ज़िले में सात हाथियों की रेल की टक्कर से हुई मौत साधारण हादसा नहीं थी। यह घटना भारत के विकास मॉडल और पर्यावरणीय संवेदनशीलता के बीच बढ़ते टकराव का प्रतीक बनकर सामने आई। तेज़ रफ्तार ट्रेन की चपेट में आकर न केवल हाथियों की जान गई, बल्कि इंजन और कई डिब्बों के पटरी से उतरने से यह भी स्पष्ट हुआ कि ऐसी घटनाएँ केवल वन्यजीवों के लिए ही नहीं, बल्कि मानव जीवन और सार्वजनिक संपत्ति के लिए भी गंभीर खतरा हैं। हाथी भारत का 'राष्ट्रीय धरोहर पशु' है और वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972 की अनुसूची-ढ्ढ में संरक्षित है। इसके बावजूद, हर वर्ष रेलवे ट्रैक पर हाथियों की मौतें यह सवाल उठाती हैं कि क्या हमारा विकास सचमुच सतत है या वह प्रकृति की कीमत पर आगे बढ़ रहा है। सरकारी आँकड़ों के अनुसार, पिछले दो दशकों में सैकड़ों हाथी ट्रेन दुर्घटनाओं में मारे जा चुके हैं, जिनमें असम, पश्चिम बंगाल, ओडिशा और झारखंड सबसे अधिक प्रभावित राज्य हैं। भारत में रेलवे लाइनों, राष्ट्रीय राजमार्गों, बिजली ट्रांसमिशन लाइनों और अन्य रेखीय अवसंरचनाओं का तेज़ी से विस्तार हुआ है। यह विस्तार आर्थिक प्रगति के लिए आवश्यक माना गया, किंतु समस्या तब उत्पन्न होती है जब ये परियोजनाएँ वनों, घास के मैदानों और आर्द्र भूमियों को बिना पर्याप्त पारिस्थितिक योजना के काटती हुई आगे बढ़ती हैं। रेलवे ट्रैक विशेष रूप से घातक सिद्ध होते हैं क्योंकि ट्रेनें न तो दिशा बदल सकती हैं और न ही अचानक रुक सकती हैं। दूसरी ओर, हाथियों की दृष्टि क्षमता सीमित होती है और उनका भारी शरीर तेज़ प्रतिक्रिया में बाधक बनता है। हाथी बड़े भूभाग में विचरण करने वाले जीव हैं और भोजन, पानी तथा प्रजनन के लिए पारंपरिक प्रवासी मार्गों पर निर्भर रहते हैं। जब रेलवे लाइनें इन गलियारों को काट देती हैं, तो हाथियों के सामने ट्रैक पार करने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचता। दुर्भाग्य से, अनेक दुर्घटना-प्रवण क्षेत्र आज भी आधिकारिक रूप से 'हाथी गलियारे' घोषित नहीं किए गए हैं। असम का होजाई क्षेत्र इसका प्रत्यक्ष उदाहरण है, जहाँ वर्षों से हाथियों की नियमित आवाजाही के बावजूद कानूनी संरक्षण का अभाव रहा है। दुर्घटनाओं का एक प्रमुख कारण ट्रेनों की अत्यधिक गति भी है। पर्यावरणीय रूप से संवेदनशील क्षेत्रों में भी ट्रेनों की रफ्तार 90 से 110 किलोमीटर प्रति घंटा तक रहती है। इतनी गति पर हाथियों को देखकर ट्रेन रोक पाना लगभग असंभव हो जाता है। अस्थायी गति प्रतिबंध और चेतावनियाँ प्रायः कागज़ी साबित होती हैं। इससे यह स्पष्ट होता है कि रेलवे संचालन में अभी भी पर्यावरणीय सुरक्षा की तुलना में समय और दक्षता को अधिक प्राथमिकता दी जाती है। दृश्यता की समस्या भी इन दुर्घटनाओं को बढ़ाती है। अधिकांश हाथी-रेल टकराव रात या तड़के होते हैं, जब कोहरा, वर्षा या घनी वनस्पति के कारण ट्रेन चालकों की दृष्टि सीमित हो जाती है। असम और पूर्वोत्तर भारत में यह स्थिति और भी गंभीर है, जहाँ मौसम की अनिश्चितता सामान्य बात है। इसके अतिरिक्त, रेलवे ट्रैक स्वयं हाथियों को आकर्षित करते हैं। यात्रियों द्वारा फेंका गया खाद्य अपशिष्ट, नमकयुक्त मिट्टी और पटरियों के आसपास पकती फसलें हाथियों को जोखिम वाले क्षेत्रों की ओर खींचती हैं, विशेषकर फसल कटाई के मौसम में। रेलवे ट्रैक का डिज़ाइन भी कई बार समस्या को बढ़ाता है। ऊँचे तटबंध, कंक्रीट की दीवारें और बाड़ें हाथियों को ट्रैक पर फँसा देती हैं। शावक जल्दी बाहर नहीं निकल पाते, जिससे पूरा झुंड धीमा हो जाता है और दुर्घटना की संभावना कई गुना बढ़ जाती है। इसके साथ ही, वन विभाग और रेलवे के बीच समुचित समन्वय की कमी भी एक बड़ी चुनौती है। गश्ती दल द्वारा हाथियों की उपस्थिति की सूचना अक्सर समय पर रेलवे नियंत्रण कक्ष तक नहीं पहुँच पाती, जिससे दुर्घटनाएँ रोकी नहीं जा पातीं। हर बड़ी दुर्घटना के बाद जाँच, मुआवज़ा और अस्थायी प्रतिबंध जैसे कदम उठाए जाते हैं, किंतु ये सभी प्रतिक्रियात्मक उपाय हैं। पर्यावरण प्रभाव आकलन अक्सर औपचारिकता बनकर रह जाता है और परियोजना स्वीकृति के बाद पशु व्यवहार में आए परिवर्तनों को गंभीरता से नहीं लिया जाता। आवश्यकता इस बात की है कि संरक्षण को विकास की राह में बाधा नहीं, बल्कि उसका अनिवार्य हिस्सा माना जाए। हाथियों की सुरक्षा के लिए सभी ज्ञात प्रवासी गलियारों को कानूनी संरक्षण देना आवश्यक है, चाहे वे पहले से अधिसूचित हों या नहीं। ऐसे सभी क्षेत्रों में स्थायी गति सीमा लागू की जानी चाहिए। तकनीकी समाधान के रूप में ढ्ढ आधारित इंट्रूज़न डिटेक्शन सिस्टम, जो हाथियों की गतिविधि पहचानकर समय से ट्रेन चालकों को चेतावनी देते हैं, अत्यंत प्रभावी सिद्ध हो सकते हैं। इन प्रणालियों का सीमित प्रयोग पर्याप्त नहीं है; इन्हें राष्ट्रव्यापी स्तर पर अपनाने की आवश्यकता है। इसके साथ ही, वैज्ञानिक रूप से डिज़ाइन किए गए अंडरपास, ओवरपास और मिट्टी के रैंप हाथियों के सुरक्षित पारगमन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। पर्यावरण मंत्रालय के अनुसार, ऐसे ढाँचों से हाथियों की मृत्यु दर में उल्लेखनीय कमी संभव है। पटरियों के किनारे फलदार पेड़ों की कटाई, नियमित सफाई और ट्रेनों में शून्य-कचरा नीति अपनाना भी उतना ही आवश्यक है। 'प्लान बी' जैसी योजनाएँ, जिनमें मधुमक्खियों की आवाज़ से हाथियों को दूर रखा जाता है, व्यवहारिक और मानवीय समाधान प्रस्तुत करती हैं। अंतरराष्ट्रीय अनुभव बताते हैं कि जब संरक्षण को गंभीरता से लिया जाता है, तो विकास और वन्यजीवन के बीच संतुलन संभव है। कनाडा, ऑस्ट्रेलिया और नीदरलैंड जैसे देशों ने वन्यजीव पारगमन संरचनाओं और कठोर गति नियंत्रण से दुर्घटनाओं में भारी कमी लाई है। भारत भी इन मॉडलों को अपनी परिस्थितियों के अनुरूप अपना सकता है। हाथियों की मौत केवल नैतिक विफलता नहीं है, बल्कि आर्थिक नुकसान भी है। ट्रेन दुर्घटनाएँ, मानवीय क्षति, संपत्ति का नुकसान और सेवा बाधाएँ–इन सबकी लागत निवारक उपायों से कहीं अधिक होती है। अंततः, रेलवे ट्रैक पर हाथियों की मौत तकनीकी नहीं, बल्कि नीतिगत असफलता का परिणाम है। भारत को यह तय करना होगा कि उसका विकास प्रकृति को रौंदते हुए आगे बढ़ेगा या उसके साथ सह-अस्तित्व स्थापित करेगा। पर्यावरण-प्रथम इंजीनियरिंग, कानूनी संरक्षण और तकनीकी नवाचार के माध्यम से ही यह सुनिश्चित किया जा सकता है कि प्रगति की रेलगाड़ी, वन्यजीवन को कुचलती न चले।




**भारत को यह तय करना होगा कि उसका विकास प्रकृति को रौंदते हुए आगे बढ़ेगा या उसके साथ सह-अस्तित्व स्थापित करेगा। पर्यावरण-प्रथम इंजीनियरिंग, कानूनी संरक्षण और तकनीकी नवाचार के माध्यम से ही यह सुनिश्चित किया जा सकता है कि प्रगति की रेलगाड़ी, वन्यजीवन को कुचलती न चले।**

### आज का पंचांग

*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरूरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे है या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे है, गृह प्रवेश कर रहे है, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे है, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | दशमी 07:50 तक |
| नक्षत्रः | भरणी 03:58 तक |
| पक्षः | शुक्ल |
| वारः | मंगलवार |
| योगः | सिद्ध, 24:52 तक |
| सूर्योदयः | 07:13 |
| सूर्यास्तः | 17:34 |
| चंद्रमाः | मेष राशि में |
| राहुकालः | 02:59-04:17 |
| विक्रमी संवत्: | 2082 |
| शक सम्वतः | 1947 |
| मासः | पौष |
| शुभ मुहूर्तः | 12:02-12:43 |

## जन एक्सप्रेस

### ना टिकट उपलब्ध !

*खूब चलाई ट्रेन पर ।*
*टिकट नहीं मिल पाया ।।*
*अजब बुकिंग का खेल है ।*
*मंत्रालय की माया ।।*
*माना बढ़ी भीड़ है ।*
*हुआ ना सुधार ।।*
*देखते व्यवस्था ये ।*
*कब लेती आकार ?*
*मारामारी अफरातफरी ।*
*है मचा चहुंओर ।।*
*ना टिकट उपलब्ध है ।*
*हर तरफ ये शोर ।।*
*ना खिड़की ना एजेंट ।*
*कहीं से बनता काम ।।*
*और भी हैं सारे ।*
*लें किस किस का नाम ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

### एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# हेयर वॉश करने से एक घंटे पहले या एक रात पहले ऑयलिंग करना



**हेयर** वॉश करने के सबके अपने-अपने तरीके होते हैं, जैसे कोई सप्ताह में दो बार शैंपू करता है, तो कई तीन बार। ऐसे लोगों की भी कमी नहीं है, जो सप्ताह में एक बार शैंपू करना पसंद करते हैं और ऐसे लोग भी हैं, जो हर दूसरे दिन शैंपू करते हैं। असल में हेयर वॉश करने की जरूरत सबकी अलग-अलग हो सकती है। जैसे अगर किसी के बाल जल्दी ऑयली हो जाते हैं, तो उन्हें हर दूसरे दिन हेयर वॉश करने की जरूरत पड़ सकती है। कई लोग बेहतर देखभाल के लिए हेयर वॉश से एक घंटे पहले हेयर ऑयलिंग करते हैं। वहीं, कुछ लोग एक रात पहले अपने सिर पर ऑयलिंग करते हैं और अगले दिन हेयर वॉश करते हैं।

**हेयर वॉश से एक घंटा पहले ऑयलिंग करने के फायदेः** हेयर वॉश करने से एक घंटा पहले ऑयलिंग करना भी अच्छा होता है। इससे बालों में मॉइस्चर लॉक हो जाता है। इस प्रक्रिया को फॉलो करने से बालों की फ्रिजीनेस और ड्राइनेस दूर होती है। साथ ही बालों को कई जरूरी न्यूट्रिएंट्स भी मिलते हैं। आमतौर पर जिन लोगों की स्कैल्प ऑयली है, उनके लिए यह प्रक्रिया लाभकारी होती है। उन्हें एक रात पहले बालों पर ऑयलिंग करने की जरूरत नहीं होती है। इसके अलावा, जो लोग अपने बालों को फ्रिक्वेंटली वॉश करते हैं, वे भी हेयर वॉश करने से आधा या एक घंटा पहले बालों में ऑयलिंग कर सकते हैं।

**हेयर वॉश करने से एक रात पहले ऑयलिंग करने के फायदेः** जब आप हेयर वॉश करने से एक रात पहले अपने बालों की ऑयलिंग करते हैं, तो इससे बालों को काफी लाभ पहुंचता है। इसकी वजह से बालों की डीप कंडीशनिंग हो जाती है, तेल स्कैल्प के अंदर तक एब्जॉर्ब होता है और डैमेज बालों की हीलिंग भी शुरू हो जाती है। आमतौर पर जिन लोगों की स्कैल्प बहुत ज्यादा ड्राई होती है, उनके लिए यह प्रक्रिया अधिक लाभकारी मानी जाती है। वहीं, अगर किसी के बालों को रूखे, बेजान, हल्के और दो मुंहे बाल हैं, उनके लिए यह एक रात पहले हेयर ऑयलिंग करना बेस्ट होता है। हालांकि, अगले दिन हेयर वॉश करने के लिए माइल्ड शैंपू यूज करें।

**क्या है ज्यादा बेहतर?:** आप चाहें, एक रात पहले हेयर ऑयलिंग करें या शैंपू करने से एक घंटे पहले। दोनों ही प्रक्रिया अपनी-अपनी जगह सही है। हालांकि, जिनके बाल ज्यादा डैमेज हैं, रूखे और बेजान हैं, उन्हें हेयर वॉश करने से एक दिन पहले हेयर ऑयलिंग करनी चाहिए। इससे बालों की डीप कंडीशनिंग होती है और बालों का झड़ना भी कम होता है। वैसे भी हेयर ऑयलिंग करने से स्कैल्प में ब्लड सर्कुलेशन में सुधार होता है, जिससे हेयर फॉलिकल्स मजबूत होते हैं और बालों का झड़ना भी कम होता है।

**निष्कर्षः** कुल मिलाकर, कहने की बात ये है कि आप अपनी पसंद किसी भी प्रक्रिया से हेयर वॉश और हेयर ऑयलिंग कर सकते हैं। हां, अगर आपको किसी तरह की हेयर प्रॉब्लम है, तो बेहतर है कि आप इस संबंध में एक्सपर्ट की सलाह ले लें। इसके अलावा, यह ध्यान रखें कि लंबे समय तक सिर पर तेल लगाकर न छोड़ें। जब आप लंबे समय तक बालों पर तेल लगाकर रखते हैं,तो इसकी वजह से सिर पर अधिक गंदगी चिपक सकती है, जो हेयर फॉल का कारण बन सकता है।

### एक्सप्रेस विशेष

# मानक पर खरा नहीं उतरने वाली दवाओं से तबाह होती जिंदगी



डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा

**आज लोग स्वास्थ्य के प्रति अधिक सजग हुए हैं। जरा सा स्वास्थ्य गड़बड़ाने लगते ही लोग दवाओं का सहारा लेना आरंभ कर देते हैं। ऐसे में दवाओं की गुणवत्ता और मानकों पर खरा होना अधिक आवश्यक हो जाता है।**

**भले** ही यह दावा किया जाता है कि दवाओं की जांच के लिए जो सैंपल लिए जाते हैं उनमें से केवल 3 प्रतिशत दवाएं निर्धारित मानकों पर खरा नहीं उतरती पर हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि दवा के एक भी नमूने में निर्धारित मात्रा व संयोजन में कंपोनेंट नहीं है तो यह स्वीकार नहीं होनी चाहिए। पिछले कुछ माह के समाचारों का ही विश्लेषण किये जाये तो मध्यप्रदेश, राजस्थान सहित देश के कई हिस्सों में खांसी की दवा के चलते बच्चों की जान ना केवल सांसत में आई बल्कि कुछ बच्चों को तो जिंदगी से हाथ धोना पड़ा। हालांकि सफाई दी गई कि दवा डाक्टर ने नहीं लिखी थी या चिकित्सालय से दवा नहीं दी गई थी। मानक पर खरा न उतरने वाली दवा तैयार कर जीवन से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई नहीं होना उनके हौसले को ही बढ़ाती है। माना जाता है कि नकली पेस्टीसाइड बनाने व बेचने वालों के लिए सख्त सजा का प्रावधान है तो फिर दवाओं के सैंपल फेल हो जाने पर उन बेची गई दवाओं को बाजार से हटाने की बात तो कर दी जाती है पर किसी दवा निर्माता को दवाओं के सैंपल विफल होने पर सजा मिलने के समाचार दिखाई नहीं देते। गत पांच सालों में 14 हजार से अधिक दवाओं के सैंपल विफल हुए हैं। इनमें से अधिकांश बुखार, खांसी के साथ ब्लड प्रेशर, शुगर जैसी गंभीर बीमारियों की दवा भी है। अब कल्पना की जा सकती है कि बीपी या शुगर के बीमार पर ऐसी दवाओं का क्या असर होता होगा या हो सकता है। सामान्य से गंभीर बीमारी की दवाओं के सैंपल विफल होना इस बात का साफ संकेत है कि दवा निर्माताओं में ना तो मरीजों के प्रति गंभीरता है और ना ही किसी कानूनी कार्रवाई का डर। यह तो वह आंकड़े हैं जो सामने आ जाते हैं नहीं तो बाजार में आने वाली दवाओं के सभी के सभी बैच के सैंपल जांच के लिए लेना या जांच करना संभव भी नहीं तो व्यावहारिक भी नहीं लगता। ऐसे में अमानक पाये जाने पर कठोर कार्रवाई लोगों की जिंदगी से खिलवाड़ करने वालों में भय व सबक सिखा सकती है। दवाओं के निर्धारित मानकों पर खरा नहीं उतरने के साथ जीवनदायिनी दवाओं के तेजी से बेअसर होना भी एक समस्या होती जा रही है। इसका एक बड़ा कारण जहां एंटीबायोटिक दवाओं का अत्यधिक सेवन है तो दूसरा कारण दवाएं लेने के तौर-तरीके से अनविज्ञ होना या फिर जानबूझकर लापरवाही बरतने के साथ ही खानपान से जुड़ी गलतियां भी हैं। डॉक्टरों की भाषा में बात करें तो एएमआर यानी कि एंटी माइक्रोबाइल रेजिस्टेंस का चिंतनीय खतरा हो गया है। देश-विदेश के चिकित्सक एएमआर को वैश्विक महामारी का नाम देने लगे हैं। देखा जाए तो आज सबसे अधिक मौत का कारण दवाओं का बेअसर होना है। कोरोना के बाद तो एंटीबायोटिक दवाओं का उपयोग बहुत अधिक बढ़ा है। दरअसल कोरोना के बाद जहां एक और आम व्यक्ति स्वास्थ्य के प्रति अत्यधिक सजग हुआ है तो एंटीबायोटिक दवाओं का उपयोग भी बढ़ा है। सर्दी, जुकाम, खांसी आदि वायरल बीमारियों में यदि भारत की बात की जाए तो 95 प्रतिशत तक एंटीबायोटिक दवाओं को इलाज में शामिल किया जा रहा है। यह 95 प्रतिशत का आंकड़ा अतिशयोक्ति पूर्ण भले ही हो सकता है पर इसमें कोई दो राय नहीं कि चिकित्सकों द्वारा एंटीबायोटिक दवाएं धड़ल्ले से लिखी जा रहा है। यह तो तब है जब मेडिकल से जुड़े विभिन्न मंचों व शोध निष्कर्षों में यह खुलासा हो चुका है कि एंटीबायोटिक दवाओं का अत्यधिक उपयोग स्वास्थ्य को नुकसान ही पहुंचाने लगा है तो दूसरी और बैक्टिरिया में प्रतिरोधी क्षमता विकसित होने से दवाओं का असर कम होने लगा है। दवाओं के तेजी से बेअसर होने को लेकर देश-दुनिया के स्वास्थ्य विशेषज्ञ अत्यधिक चिंता में हैं। मेडिकल से जुड़े जर्नल द लैसेंट में इस संबंध में एक के बाद एक चेतावनी भरे लेख सामने आ रहे हैं। यहां तक कि एएमआर को मेडिकल इंमरजेंसी के रुप में देखा जाने लगा है। दरअसल कोरोना के बाद लोग थोड़ा सा स्वास्थ्य खराब होते ही डॉक्टर की शरण में जाने को वरियता देने लगे है।

**यह अच्छी बात भी है पर जिस तरह से कोरोना के दौरान और उसके बाद एंटीबायोटिक का उपयोग अधिक बढ़ा है वह चिंतनीय हो गया है। हालात यहां तक हो गए हैं कि प्रति व्यक्ति 30 प्रतिशत अधिक मात्रा में एंटीबायोटिक का उपयोग होने लगा है। दवाओं का बेअसर होने का सीधा असर किडनी, लीवर, ब्रैन, हार्ट आदि प्रभावित होने लगे हैं। इन गंभीर बीमारियों में एंटीबायोटिक दवाओं का असर कम होने लगा है।**


स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबन्ध संपादक-मनोज तिवारी, सह-संपादकः इमरान खान, राज्य ब्यूरो प्रमुख- सन्तोष कुमार दीक्षित) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)

# शीतलहर में किसानों को राहत, मिल गेट व गन्ना क्रय केंद्रों पर अलाव अनिवार्यः खुशीराम भार्गव

## घटतौली पर सख्ती, बिना कांटा जांच तौल पर पूरी तरह रोक

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत





जनपद में लगातार बढ़ रही शीतलहर को देखते हुए गन्ना किसानों की सुरक्षा और सुविधा को प्राथमिकता देते हुए जिला गन्ना अधिकारी खुशी राम भार्गव ने कड़े निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया है कि जनपद की सभी चीनी मिलों के मिल गेट तथा सभी गन्ना क्रय केंद्रों पर अलाव की व्यवस्था अनिवार्य रूप से की जाए, ताकि गन्ना लेकर पहुंचने वाले किसानों को कड़ाके की ठंड से राहत मिल सके। जिला गन्ना अधिकारी ने बताया कि ठंड के मौसम में किसानों को लंबे समय तक क्रय केंद्रों पर रुकना पड़ता है, ऐसे में उनकी सेहत और सुरक्षा शासन की प्राथमिकता है। अलाव की व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### क्रय केंद्र का औचक निरीक्षण

इसी क्रम में जिला गन्ना अधिकारी ने एल.एच. चीनी मिल के अंतर्गत संचालित क्रय केंद्र वजीरगंज प्रथम ऐट पजावा का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान क्रय केंद्र पर तौल लिपिक ज्ञान प्रकाश तिवारी उपस्थित पाए गए। अधिकारियों के अनुसार इस केंद्र पर अब तक 23,339 कुंतल गन्ने की खरीद की जा चुकी है। मौके पर मौजूद किसानों ने अधिकारियों को बताया कि क्रय केंद्र पर गन्ना खरीद प्रक्रिया सुचारू रूप से चल रही है और फिलहाल किसी प्रकार की अव्यवस्था या शिकायत नहीं है।

### किसानों की मौजूदगी में होगी कांटा जांच

जिला गन्ना अधिकारी ने जनपद के सभी तौल केंद्र प्रभारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि गन्ने की तौल शुरू करने से पहले किसानों की मौजूदगी में कांटे की जांच अनिवार्य रूप से की जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि बिना कांटा जांच के किसी भी स्थिति में तौल नहीं की जाएगी। कांटा जांच के बाद उसकी प्रविष्टि कांटा जांच रजिस्टर में दर्ज करना तथा दैनिक गन्ना खरीद रजिस्टर को समय से पूर्ण करना अनिवार्य होगा।

### दुर्गम व विवादित केंद्रों पर विशेष निगरानी

सभी सचिवों एवं ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षकों को निर्देश दिए गए हैं कि वे प्रतिदिन अपने-अपने क्षेत्रों के गन्ना क्रय केंद्रों का आकस्मिक निरीक्षण करें। विशेष रूप से उन क्रय केंद्रों पर प्राथमिकता से निगरानी रखने को कहा गया है, जो दुर्गम क्षेत्रों में स्थित हैं या जहां पिछले वर्षों में घटतौली अथवा अव्यवस्था की शिकायतें सामने आई हैं। निरीक्षण के उपरांत रिपोर्ट मूल रूप में सहायक चीनी आयुक्त को भेजना अनिवार्य किया गया है।

### घटतौली पर सीधी और कठोर कार्रवाई

जिला गन्ना अधिकारी ने दो टूक चेतावनी दी कि यदि किसी भी क्रय केंद्र पर घटतौली, अनियमित गन्ना खरीद या किसानों के साथ अन्याय पाया गया, तो संबंधित तौल लिपिक का लाइसेंस तत्काल निलंबित किया जाएगा। साथ ही उत्तर प्रदेश गन्ना आपूर्ति एवं खरीद अधिनियम के अंतर्गत विधिक कार्रवाई भी की जाएगी। निरीक्षण के दौरान संजय श्रीवास्तव (ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक, पूरनपुर) के साथ गन्ना किसान श्रीदेव, करुणा शंकर, कमलेश कुमार, सुनील कुमार सहित अन्य किसान मौजूद रहे। प्रशासन की इस सख्ती से गन्ना किसानों में राहत की उम्मीद जगी है और क्रय केंद्रों पर पारदर्शी एवं निष्पक्ष खरीद व्यवस्था को मजबूती मिलने की बात कही जा रही है।

# मुख्यमंत्री की कार्यशैली से प्रेरित राज्यमंत्री गंगवार, जनता दर्शन को बनाया सेवा का माध्यम

- जनता दर्शन में राज्य मंत्री संजय सिंह गंगवार ने सुनीं सैकड़ों फरियादियों की पीड़ा

जन एक्सप्रेस। मुकेश कुमार





पीलीभीत। जनसमस्याओं के समाधान को लेकर सरकार की संवेदनशीलता का जीवंत उदाहरण सोमवार को उस समय देखने को मिला, जब राज्य मंत्री (गन्ना विकास एवं चीनी मिल) संजय सिंह गंगवार ने पीलीभीत स्थित अपने आवास पर आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम में सैकड़ों फरियादियों की समस्याएं धैर्यपूर्वक सुनीं। दूर-दराज गांवों और कस्बों से पहुंचे लोगों ने अपनी व्यक्तिगत, सामाजिक और प्रशासनिक पीड़ाएं राज्य मंत्री के समक्ष खुलकर रखीं। राज्य मंत्री ने प्रत्येक फरियादी की बात गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को तत्काल, पारदर्शी और प्रभावी निस्तारण के स्पष्ट निर्देश दिए। उन्होंने दो टूक कहा कि समस्याओं के समाधान में किसी भी प्रकार की लापरवाही, टालमटोल या उदासीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी और सभी मामलों की सतत निगरानी की जाएगी।

### जनता का विश्वास टूटना नहीं चाहिए- राज्य मंत्री

संजय सिंह गंगवार ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि भाजपा सरकार का मूल उद्देश्य जनसेवा है। आमजन के कार्यों में कोताही सीधे जनता के विश्वास को ठेस पहुंचाती है, जिसे किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार चाहती है कि प्रत्येक नागरिक को बिना भटकाव, समयबद्ध और सम्मानजनक समाधान मिले। जनता दर्शन के दौरान भूमि विवाद, राजस्व प्रकरण, गन्ना भुगतान, विद्युत आपूर्ति, सड़क निर्माण, आवास योजना, पेंशन समेत अनेक जनसमस्याएं सामने आईं। कई मामलों में राज्य मंत्री ने मौके पर ही संबंधित अधिकारियों से संवाद कर समाधान की प्रक्रिया प्रारंभ कराई, जिससे फरियादियों के चेहरों पर संतोष और उम्मीद दिखाई दी।

### राज्यमंत्री की सुनवाई से बढ़ रहा प्रत्येक लोगों का विश्वास

कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने राज्य मंत्री की संवेदनशीलता और जनसरोकारों के प्रति प्रतिबद्धता की सराहना की।

लोगों का कहना था कि जनता दर्शन जैसे कार्यक्रमों से आम नागरिक को सीधे अपनी बात रखने का अवसर मिलता है, जिससे प्रशासनिक कार्यप्रणाली में पारदर्शिता और विश्वास दोनों मजबूत होते हैं। बताया गया कि राज्य मंत्री संजय सिंह गंगवार के जनसहयोग कार्यालय पर प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग अपनी समस्याएं लेकर पहुंचते हैं।

यहां हर फरियादी की सुनवाई कर नियमानुसार निस्तारण कराया जाता है। आमजन का कहना है कि राज्य मंत्री उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की कार्यशैली से प्रेरित होकर जनसुनवाई को प्राथमिकता दे रहे हैं। और जनहित को सर्वोपरि रखते हुए निरंतर सेवा कार्य में जुटे हैं।

# पीलीभीत-बीसलपुर हाईवे पर टोल कर्मियों की दबंगई

- जोगीठेर टोल प्लाजा पर कार चालक से सरेआम मारपीट, वीडियो वायरल
- पहले भी लग चुके हैं दुर्व्यवहार के आरोप, कार्रवाई न होने से बढ़े हौसले

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत



पीलीभीत-बीसलपुर हाईवे पर स्थित जोगीठेर टोल प्लाजा एक बार फिर टोल कर्मियों की दबंगई को लेकर चर्चा में आ गया है। टोल प्लाजा पर तैनात कर्मचारियों द्वारा एक कार चालक के साथ खुलेआम मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिससे क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। वायरल वीडियो देखकर राहगीरों और वाहन चालकों में भय के साथ-साथ भारी आक्रोश भी व्याप्त है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, टोल शुल्क को लेकर हुए किसी विवाद के बाद टोल कर्मी आपा खो बैठे और कार चालक को घेरकर उसके साथ धक्का-मुक्की और गाली-गलौज करने लगे। देखते ही देखते विवाद मारपीट में बदल गया। इसी दौरान मौके पर मौजूद एक राहगीर ने पूरे घटनाक्रम को अपने मोबाइल फोन में रिकॉर्ड कर लिया। वायरल वीडियो में साफ तौर पर देखा जा सकता है कि कई टोल कर्मचारी मिलकर कार चालक के साथ मारपीट कर रहे हैं, जबकि वहां मौजूद अन्य लोग मूकदर्शक बने खड़े नजर आ रहे हैं।

### पहले भी लग चुके हैं गंभीर आरोप

स्थानीय लोगों का कहना है कि जोगीठेर टोल प्लाजा पर यात्रियों के साथ बदसलूकी, जबरन वसूली और मारपीट की घटनाएं कोई नई बात नहीं हैं। इससे पहले भी टोल कर्मियों पर दुर्व्यवहार और हाथापाई के आरोप लगते रहे हैं। कई वाहन चालकों ने इसकी शिकायत पुलिस और संबंधित विभागों से की, लेकिन हर बार मामले को हल्के में लेकर छोड़ दिया गया। लोगों का आरोप है कि समय रहते कार्रवाई न होने के कारण टोल कर्मियों के हौसले लगातार बुलंद होते जा रहे हैं।

### यात्रियों में दहशत, प्रशासन पर उठे सवाल

घटना के बाद बीसलपुर मार्ग से गुजरने वाले यात्रियों में डर का माहौल है। लोगों का कहना है कि हाईवे पर सफर करना अब सुरक्षित नहीं रह गया है। यदि टोल प्लाजा पर ही वाहन चालकों के साथ इस तरह की दबंगई की जाएगी, तो आम आदमी कहां जाएगा। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए कहा कि बार-बार शिकायतों के बावजूद जिम्मेदार अधिकारी आंख मूंदे बैठे रहते हैं।

### अब तक नहीं आया कोई आधिकारिक बयान

वायरल वीडियो सामने आने के बाद भी अभी तक न तो टोल प्लाजा प्रबंधन और न ही पुलिस प्रशासन की ओर से कोई आधिकारिक बयान जारी किया गया है। प्रशासन की इस चुप्पी को लेकर लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। नागरिकों की मांग है कि वायरल वीडियो के आधार पर तत्काल संज्ञान लेते हुए दोषी टोल कर्मियों की पहचान कर उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए। फिलहाल यह मामला पूरे जिले में चर्चा का विषय बना हुआ है। लोग प्रशासन से उम्मीद कर रहे हैं कि इस बार केवल खानापूर्ति न करते हुए ठोस और प्रभावी कदम उठाए जाएंगे, ताकि भविष्य में टोल प्लाजा पर किसी भी वाहन चालक के साथ इस तरह की दबंगई और मारपीट की पुनरावृत्ति न हो सके और हाईवे पर यात्रा करने वाले लोग खुद को सुरक्षित महसूस कर सकें।

## राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार ने शहर में आयोजित श्रद्धांजलि सभाओं में दी श्रद्धांजलि

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत। गन्ना विकास एवं चीनी मिलें राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार ने सोमवार को शहर में दिवंगत व्यक्तियों की आत्मा की शांति के लिए आयोजित श्रद्धांजलि सभाओं में शामिल होकर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की और शोक संतप्त परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की। राज्यमंत्री सर्वप्रथम शहर के वरिष्ठ चिकित्सक एवं समाजसेवी डॉ. नरेन्द्र नाथ मिश्रा के निधन के उपरांत आयोजित दसवां संस्कार स्थल पर श्रद्धांजलि सभा में पहुंचे।

# नववर्ष से पहले प्रशासन सख्त, शराब दुकानों पर औचक छापेमारी

**ओवररेटिंग व अवैध बिक्री पर कार्रवाई की चेतावनी, मचा हड़कंप**

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत



नववर्ष के आगमन से पूर्व नगर में कानून-व्यवस्था बनाए रखने और शराब की दुकानों पर हो रही अनियमितताओं पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से प्रशासन ने सख्ती दिखाते हुए औचक छापेमारी की। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में उप जिलाधिकारी नागेंद्र पाण्डेय ने आबकारी विभाग और पुलिस बल के साथ नगर की देसी एवं अंग्रेजी शराब की दुकानों का निरीक्षण किया। छापेमारी की खबर फैलते ही दुकानदारों और सेल्समैनों में अफरा-तफरी मच गई। आबकारी विभाग को लंबे समय से शिकायतें मिल रही थीं कि कुछ शराब दुकानों पर सरकारी दरों से अधिक कीमत वसूली, बिक्री में गड़बड़ी, बिल न देना और अवैध रूप से शराब बेचने जैसे मामले सामने आ रहे हैं। इन शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए प्रशासन ने अचानक निरीक्षण का फैसला लिया।

### स्टॉक, रजिस्टर और सीसीटीवी की हुई जांच

छापेमारी के दौरान आबकारी निरीक्षक प्रदीप कुमार ने दुकानों में उपलब्ध शराब के स्टॉक का मिलान बिक्री रजिस्टर से किया। इसके साथ ही दुकानों के लाइसेंस, रेट लिस्ट, बिलिंग व्यवस्था और सीसीटीवी कैमरों की स्थिति की भी बारीकी से जांच की गई। अधिकारियों ने निर्देश दिए कि सभी दुकानों पर रेट लिस्ट स्पष्ट रूप से प्रदर्शित करना अनिवार्य होगा और ग्राहकों से केवल निर्धारित सरकारी मूल्य ही लिया जाए।

उप जिलाधिकारी नागेंद्र पाण्डेय ने दुकानदारों को सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि ओवररेटिंग, अवैध बिक्री या किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर संबंधित के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि नववर्ष के दौरान शराब की बिक्री बढ़ जाती है, ऐसे में नियमों का पालन सुनिश्चित करना सभी दुकानदारों की जिम्मेदारी है।

### भारी पुलिस बल रहा मौजूद

छापेमारी के दौरान क्षेत्राधिकारी प्रगति सिंह चौहान, थाना प्रभारी संजीव कुमार शुक्ला सहित भारी पुलिस बल मौके पर मौजूद रहा। पुलिस की मौजूदगी से पूरे नगर में प्रशासनिक सख्ती का संदेश गया और अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने में मदद मिली।

आबकारी विभाग ने स्पष्ट किया कि इस प्रकार का अभियान आगे भी जारी रहेगा। किसी भी दुकान पर नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर लाइसेंस निरस्तीकरण तक की कार्रवाई की जा सकती है। प्रशासन ने आम नागरिकों से भी अपील की है कि यदि कहीं ओवररेटिंग या अवैध शराब बिक्री की शिकायत हो तो तुरंत संबंधित विभाग या पुलिस को सूचना दें। प्रशासन की इस कार्रवाई से ईमानदार दुकानदारों में संतोष और नियमख तोड़ने वालों में खलबली मची हुई है।

# हिन्दू महासभा का विशाल कार्यकर्ता मिलन समारोह सम्पन्न, रोड शो के साथ दिखाई संगठन की ताकत

- प्रदेश अध्यक्ष बोले वैचारिक आंदोलन है अखिल भारत हिन्दू महासभा, कार्यकर्ता बनें परिवर्तन की धुरी

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत

अखिल भारत हिन्दू महासभा द्वारा सोमवार को बीसलपुर में विशाल कार्यकर्ता मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व महिला मंडल अध्यक्ष बबीता सक्सेना ने किया। समारोह के मुख्य अतिथि संगठन के प्रदेश अध्यक्ष ठाकुर संजीव सिंह राणा रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रदेश उपाध्यक्ष संजीव मिश्रा एवं प्रदेश उपाध्यक्ष ठाकुर रुद्र प्रताप सिंह उपस्थित रहे।कार्यक्रम की शुरुआत चीनी मिल गेस्ट हाउस से भव्य रोड शो के साथ हुई। संगठन के झंडों, नारों और जयघोष के बीच रोड शो नगर के प्रमुख मार्गों से होता हुआ देवस्थल बारात घर स्थित कार्यक्रम स्थल तक पहुँचा। इस दौरान पूरा नगर हिन्दू महासभा के नारों से गूंज उठा और संगठन की एकजुटता व शक्ति का प्रदर्शन देखने को मिला।

### बैठक में उमड़ा कार्यकर्ताओं का सैलाब

रोड शो के उपरांत देवस्थल बारात घर में विधिवत कार्यकर्ता मिलन बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का संचालन बीसलपुर नगर अध्यक्ष सुनील अवस्थी एवं नगर महामंत्री अवनीश रतन द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। बड़ी संख्या में पदाधिकारी, कार्यकर्ता, महिला एवं युवा इकाइयों की सहभागिता ने आयोजन को ऐतिहासिक बना दिया।

### महिला शक्ति संगठन को दे रही नई दिशा

महिला मंडल अध्यक्ष बबीता सक्सेना ने अपने संबोधन में कहा कि कार्यकर्ता मिलन समारोह संगठन की एकता और मजबूती का आधार होते हैं। उन्होंने कहा कि आज महिलाएं संगठन की हर गतिविधि में बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रही हैं और आने वाले समय में महिला शक्ति संगठन को नई दिशा और गति प्रदान करेगी।

### कार्यकर्ता संगठन की रीढ़

मंडल अध्यक्ष पंकज पाठक ने कहा कि कार्यकर्ता ही किसी भी संगठन की रीढ़ होते हैं। ऐसे आयोजनों से कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार होता है और संगठनात्मक कार्यों को मजबूती मिलती है। उन्होंने सभी से सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।

### राष्ट्रवादी विचारधारा का संगठन- प्रदेश उपाध्यक्ष

प्रदेश उपाध्यक्ष ठाकुर रुद्र प्रताप सिंह ने कहा कि अखिल भारत हिन्दू महासभा राष्ट्रवादी विचारधारा पर आधारित संगठन है, जो समाज में जागरण और संगठन के माध्यम से मजबूत भारत के निर्माण के लिए कार्य कर रहा है। प्रदेश उपाध्यक्ष संजीव मिश्रा ने संगठन को अनुशासित एवं विचारधारात्मक बताते हुए कहा कि महासभा समाज के प्रत्येक वर्ग को साथ लेकर चलने में विश्वास रखती है।

### समाज और राष्ट्रहित में संघर्षरत संगठन

जिलाध्यक्ष पंडित पंकज शर्मा ने कहा कि अखिल भारत हिन्दू महासभा समाजहित, राष्ट्रहित एवं सनातन संस्कृति की रक्षा के लिए निरंतर संघर्ष कर रही है। संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने के लिए सभी कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर काम करना होगा। जिला महामंत्री मयंक जायसवाल ने संगठन की नीतियों एवं आगामी कार्ययोजनाओं पर प्रकाश डालते हुए बताया कि जिले के प्रत्येक मंडल और बूथ स्तर तक संगठन की सक्रियता को और अधिक बढ़ाया जाएगा। युवा जिलाध्यक्ष गौरव शर्मा ने युवाओं से संगठन से जुड़ने का आह्वान करते हुए कहा कि युवा शक्ति के बिना किसी भी आंदोलन को गति नहीं मिल सकती। महिला जिला महामंत्री कविता वंशवाल ने कहा कि संगठन में महिलाओं की भूमिका लगातार सशक्त हो रही है और भविष्य में महिला कार्यकर्ताओं को और अधिक जिम्मेदारियां सौंपी जाएंगी।

### वैचारिक आंदोलन है हिन्दू महासभा - प्रदेश अध्यक्ष

मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष ठाकुर संजीव सिंह राणा ने अपने विस्तृत वक्तव्य में कहा कि अखिल भारत हिन्दू महासभा केवल एक संगठन नहीं, बल्कि एक वैचारिक आंदोलन है। उन्होंने कहा कि आज समाज को संगठित होकर सनातन संस्कृति, राष्ट्र की एकता और सामाजिक मूल्यों की रक्षा के लिए आगे आना होगा।

उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे संगठन की विचारधारा को जन-जन तक पहुँचाएं और जमीनी स्तर पर संगठन को मजबूत करें। उन्होंने कहा कि जागरूक, अनुशासित और समर्पित कार्यकर्ता ही किसी भी बड़े लक्ष्य को साकार कर सकते हैं। साथ ही संगठन के भविष्य के विस्तार कार्यक्रमों की भी जानकारी दी।

कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष पंडित पंकज शर्मा, जिला महामंत्री मयंक जायसवाल के नेतृत्व में पूरी जिला टीम, महिला जिलाध्यक्ष बिन्दु सिंह, महिला जिला महामंत्री कविता वंशवाल के नेतृत्व में महिला टीम, युवा जिलाध्यक्ष गौरव शर्मा एवं युवा जिला महामंत्री आयुष सक्सेना, पीलीभीत नगर अध्यक्ष सुनील कश्यप व नगर महामंत्री प्रमोद कश्यप, बीसलपुर नगर अध्यक्ष सुनील अवस्थी व नगर महामंत्री अवनीश रतन, पूरनपुर युवा नगर अध्यक्ष विकास गुप्ता, ब्लॉक अध्यक्ष ललौरीखेड़ा अन्नु गुर्जर सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया। समारोह सौहार्दपूर्ण, अनुशासित और उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

# अटल जी केवल प्रधानमंत्री नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक मूल्यों के सशक्त प्रतीक थे : हर्षवर्धन आर्य

- अटल स्मृति सम्मेलन एवं विधानसभा कार्यशाला में आत्मसात किए गए राष्ट्रवादी विचार

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत





128 विधानसभा क्षेत्र बरखेड़ा के रिद्धि सिद्धि मैरिज हॉल में सोमवार को ÷अटल स्मृति सम्मेलन एवं विधानसभा कार्यशाला मतदाता पुनरीक्षण अभियान÷ का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भारतीय राजनीति के तीन महान विचार पुरुषों–भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी, स्वर्गीय डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं स्वर्गीय पं. दीनदयाल उपाध्याय–को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके विचारों, आदर्शों और राष्ट्र के प्रति योगदान को स्मरण किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष हर्षवर्धन आर्य रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री एवं वर्तमान विधान परिषद सदस्य बहोरन लाल मौर्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता एवं समापन महामंडलेश्वर एवं बरखेड़ा विधायक स्वामी प्रवक्तानंद महाराज ने किया।

### अटल जी- संवाद, सुशासन और संवेदना की राजनीति

मुख्य अतिथि हर्षवर्धन आर्य ने अपने उद्बोधन में भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी के व्यक्तित्व और कृतित्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि अटल जी केवल प्रधानमंत्री नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक मूल्यों के सशक्त प्रतीक थे। उनकी राजनीति संवाद, समन्वय और समावेश पर आधारित रही।

उन्होंने बताया कि अटल जी के नेतृत्व में भारत परमाणु शक्ति संपन्न राष्ट्र बना और वैश्विक मंच पर अपनी सशक्त पहचान स्थापित की। वहीं बस कूटनीति के माध्यम से शांति और सद्भाव का संदेश भी दिया। स्वर्णिम चतुर्भुज योजना, ग्राम सड़क योजना और आधारभूत ढांचे का विकास उनकी दूरदर्शिता के उदाहरण हैं।

### डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी- राष्ट्र की अखंडता के लिए संघर्ष

विशिष्ट अतिथि बहोरन लाल मौर्य ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के योगदान को रेखांकित करते हुए कहा कि उन्होंने ÷एक देश में दो विधान, दो निशान और दो प्रधान नहीं चलेंगे÷ का उद्घोष कर राष्ट्र की एकता के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। उन्होंने बताया कि जम्मू-कश्मीर की विशेष व्यवस्था के विरोध में किए गए संघर्ष में डॉ. मुखर्जी ने अपने प्राणों का बलिदान दिया। उनका जीवन साहस, राष्ट्रवाद और सिद्धांतों पर अडिग रहने की प्रेरणा देता है।

### पं. दीनदयाल उपाध्याय- अंत्योदय का दर्शन

बहोरन लाल मौर्य ने पं. दीनदयाल उपाध्याय के विचारों पर भी प्रकाश डालते हुए कहा कि वे एकात्म मानववाद के प्रणेता थे। उनका मानना था कि समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति का उत्थान ही सच्चा विकास है।

उन्होंने कहा कि अंत्योदय का सिद्धांत आज भी भाजपा की नीतियों और जनकल्याणकारी योजनाओं का मूल आधार है।

### मतदाता पुनरीक्षण अभियान पर जोर

कार्यशाला के दौरान मतदाता पुनरीक्षण अभियान को लेकर भी विस्तार से चर्चा की गई। वक्ताओं ने कार्यकर्ताओं से बूथ स्तर तक सक्रिय रहकर अधिक से अधिक पात्र नागरिकों को मतदाता सूची में जोड़ने और लोकतंत्र को सशक्त बनाने का आह्वान किया।

### स्वामी प्रवक्तानंद महाराज ने व्यक्त किया आभार

कार्यक्रम के समापन पर विधायक स्वामी प्रवक्तानंद महाराज ने सभी अतिथियों, पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी,

डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पं. दीनदयाल उपाध्याय के विचार आज भी भाजपा के लिए पथप्रदर्शक हैं और इन्हीं आदर्शों पर चलते हुए पार्टी राष्ट्रसेवा के संकल्प को आगे बढ़ा रही है।

इस अवसर पर विभिन्न मंडलों के पदाधिकारी, शक्तिकेंद्र संयोजक, बूथ अध्यक्ष सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# बार और बेंच के लिए खट्टी-मीठी यादों के साथ विदा हुआ साल 2025

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत

साल 2025 बार और बेंच के इतिहास में एक ऐसा अध्याय बनकर विदा हुआ, जिसमें उपलब्धियों की चमक भी रही और शोक की छाया भी। यह वर्ष न्यायिक गरिमा, संघर्ष, आंदोलनों और अधूरी उम्मीदों का साक्षी बना। जहां एक ओर पीलीभीत ने न्यायिक इतिहास में नया कीर्तिमान स्थापित किया, वहीं अधिवक्ता समुदाय को कई अपूरणीय क्षतियों का सामना भी करना पड़ा।

साल 2025 पीलीभीत के लिए न्यायिक दृष्टि से ऐतिहासिक रहा। आजादी के बाद पहली बार ऐसा अवसर आया, जब एक ही वर्ष में जिले में तैनात दो जिला एवं सत्र न्यायाधीश उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति बने। वर्ष की शुरुआत में जिला एवं सत्र न्यायाधीश जितेंद्र कुमार सिन्हा को उच्च न्यायालय इलाहाबाद में न्यायमूर्ति के रूप में पदोन्नति मिली और 18 अप्रैल को उन्होंने शपथ ली। इसके बाद जिला एवं सत्र न्यायाधीश अब्दुल शाहिद को भी चार अगस्त को न्यायमूर्ति बनाया गया। इन दोनों उपलब्धियों ने न केवल जनपद को गौरवान्वित किया, बल्कि बार और बेंच के मनोबल को भी नई ऊंचाई दी।इसके बाद चार अक्टूबर को रविंद्र कुमार ने जिले के नए जिला एवं सत्र न्यायाधीश के रूप में कार्यभार संभालकर न्यायिक व्यवस्था को आगे बढ़ाने की जिम्मेदारी संभाली।

उपलब्धियों के साथ-साथ यह वर्ष अधिवक्ता समाज के लिए गहरे शोक का कारण भी बना। साल की शुरुआत ही वरिष्ठ अधिवक्ता सुरेंद्र कुमार सक्सेना की शोकसभा से हुई। इसके बाद तीन फरवरी को अधिवक्ता अशोक गहोई, पांच फरवरी को अधिवक्ता एवं भाजपा जिला मंत्री भारतेंदु सिंह चौहान तथा जून माह में बीसलपुर के अधिवक्ता रविंद्र वर्मा सहित कई अधिवक्ताओं के निधन से बार को अपूरणीय क्षति पहुंची। इन असामयिक निधन ने अधिवक्ता समाज को झकझोर दिया और यह एहसास कराया कि उपलब्धियों के बीच मानवीय क्षति की टीस हमेशा बनी रहती है। मार्च के अंतिम सप्ताह में प्रशासनिक न्यायमूर्ति सुभाष विद्यार्थी तथा दिसंबर माह में प्रशासनिक न्यायमूर्ति मनजीव शुक्ला का जिला जजी निरीक्षण बार के लिए सकारात्मक संकेत रहा। इन निरीक्षणों के दौरान अधिवक्ताओं से सीधा संवाद हुआ और समस्याओं को सुना गया, जिससे उम्मीद जगी कि न्यायिक ढांचे को और मजबूत किया जाएगा।

# चकबंध निर्माण में धांधली का आरोप, एक ही पुरानी फोटो से फर्जी हाजिरी लगाने का मामला उजागर

**जन एक्सप्रेस । उरई**





Uploaded Group Photo 1

Timestamp for Photo 1

Second Photo is not uploaded!

| S.No | Job Card No | Worker Name(Gender) | Attendance Date | Present/Absent |
|---|---|---|---|---|
| 2 | [illegible] | LAXMI DEVI (F) | 20 December 2025 | Present |
| 3 | [illegible] | GIRJA DEVI (F) | 20 December 2025 | Present |
| 5 | [illegible] | CHETANA DEVI (F) | 20 December 2025 | Present |
| 7 | [illegible] | KUSHMA (F) | 20 December 2025 | Present |
| 9 | [illegible] | RAJESHWARI (F) | 20 December 2025 | Present |

विकासखंड रामपुरा की ग्राम पंचायत गोरा चिरैया में चकबंध निर्माण कार्य के दौरान गंभीर धांधली का मामला सामने आया है। आरोप है कि वर्क आईडी नंबर 313800 01009/एलडी 91782 के अंतर्गत चल रहे निर्माण कार्य में मेट द्वारा फर्जी तरीके से मजदूरों की हाजिरी लगाई गई। जानकारी के अनुसार जय सिंह के खेत से जहांन सिंह के खेत तक कराए जा रहे चकबंध निर्माण कार्य में मेट प्रियंका देवी ने एक ही पुरानी फोटो का उपयोग कर 80 मजदूरों की हाजिरी ऑनलाइन दर्ज कर दी। जबकि मौके पर न तो इतने मजदूर कार्यरत दिखाई दिए और न ही वास्तविक स्थिति फोटो में दर्शाई गई, जो हाजिरी से मेल खाती है। ग्रामीणों का आरोप है कि इस तरह की फर्जी हाजिरी लगाकर सरकारी धन का दुरुपयोग किया जा रहा है। एक ही फोटो को बार-बार अपलोड कर मजदूरी भुगतान दिखाना कार्य की पारदर्शिता पर सवाल खड़े करता है। ग्रामीणों ने मामले की शिकायत संबंधित अधिकारियों से करते हुए निष्पक्ष जांच और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। वहीं इस मामले में जिम्मेदार अधिकारियों की चुप्पी भी सवालों के घेरे में है। यदि समय रहते जांच नहीं की गई तो चकबंध निर्माण जैसे महत्वपूर्ण कार्यों की विश्वसनीयता पर गंभीर असर पड़ सकता है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि मौके पर भौतिक सत्यापन कर वास्तविक मजदूरों की संख्या, कार्य की प्रगति और भुगतान की जांच की जाए, ताकि सरकारी योजनाओं में हो रही धांधली पर अंकुश लगाया जा सके। इस मामले में जिला उपायुक्त श्रम रोजगार (डीसी मनरेगा) रामेंद्र सिंह से बात की गई तो उन्होंने कहा कि मामला संज्ञान में आया है अगर गलत तरीके से काम कराया गया है और गलत तरीके से अपलोड किए गए कम की एनएमएमएस पर जांच कराकर कार्यवाही की जाएगी।


## बाइक में कार ने मारी टक्कर, बाइक सवार घायल

**जन एक्सप्रेस । जालौन**

बाइक से उरई की ओर जा रहे युवक की बाइक में कार ने टक्कर मार दी। हादसे में जहां बाइक सवार युवक घायल हुआ वहीं, कार बेकाबू होकर सड़क किनारे खंदक में चली गई। हादसे में कार सवार युवक बाल बाल बचे। उरई निवासी संजीव कुमार (30) सोमवार की दोपहर करीब 12 बजे बंगरा की ओर से उरई की ओर आ रहा था। उसके पीछे चल रही कार के चालक सड़क पर आए गड्ढे को नहीं देख सके। जब उन्होंने गड्ढे को देखा तो कट लगाने का प्रयास किया। इसी दौरान कार बेकाबू हो गई और संजीव की बाइक में टक्कर मार दी। साथ ही कार सड़क किनारे खंदक में चली गई। कार की टक्कर से संजीव गिरकर घायल हो गया। राहगीरों ने उसे सीएचसी पहुंचाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे छुट्टी दे दी गई। उधर, कार सवार युवक हादसे में बाल बाल बच गए और कार को किसी तरह खंदक से निकालकर अपने गंतव्य को चले गए।

# आईफोन की जिद में कक्षा 11 की छात्रा ने जहर खाकर दी जान

**जन एक्सप्रेस । उरई**



डकोर क्षेत्र के कुसमिलिया में कक्षा 11 वीं में पढ़ने वाली छात्रा ने आईफोन न मिलने से आहत होकर जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। जिससे उसकी मौत हो गई।

डकोर कोतवाली क्षेत्र ग्राम कुसमीलिया निवासी तुलसीराम राजपूत खेती-किसानी और ऑटो चलाकर अपने परिवार का भरण -पोषण करता हैं। बताया गया कि उनके परिवार में दो बेटियां और एक बेटा है। बड़ी बेटी की शादी हो चुकी है, जबकि छोटी बेटी माया 18 वर्ष गांव के राजकीय इंटर कॉलेज में कक्षा 11वीं की छात्रा थी और बेटा मानवेंद्र भी पढ़ाई कर रहा है। परिजनों के मुताबिक कुछ समय पहले माया का मोबाइल फोन टूट गया था। जिसके बाद वह नया मोबाइल दिलाने की जिद करने लगी और वह एक पुराना आईफोन मांग रही थी। जिसकी कीमत करीब 40 हजार रुपये बताई जा रही है। आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण पिता उसकी यह मांग पूरी नहीं कर सके। उन्होंने बेटी को समझाया था कि फिलहाल उनके पास इतने पैसे नहीं हैं और 15 दिन बाद हरी मटर की फसल बिकने पर वह उसे फोन दिला देंगे, लेकिन वह अपनी जिद पर अड़ी रही।

पिता ने बताया कि इससे पहले उसने घड़ी की मांग की थी, जिसे पूरा कर दिया गया था। बाद में उसने सोने की झुमकी की मांग की, लेकिन फिर झुमकी छोड़कर आईफोन की मांग पर अड़ गई। शनिवार को जब पिता ऑटो चलाने गए थे और मां बबली खेत पर मटर तोड़ने गई हुई थीं, उसी दौरान माया घर पर अकेली थी, इसी बीच उसने चूहा मारने की दवा खा ली। घर लौटने पर भाई को उसने जहर खाने की बात कही। इसके बाद परिजन आनन -फानन में उसे मेडिकल कॉलेज लेकर पहुंचे। जहां हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने उसे झांसी मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। रविवार को इलाज के दौरान माया की मौत हो गई। डकोर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक विजय पांडेय ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। युवती ने किन परिस्थितियों में जहर खाया, इसकी विस्तृत पड़ताल की जा रही है।

# लाइसेंसी राइफल साफ करते समय चली गोली, सहायक अध्यापक की मौत

**जन एक्सप्रेस । उरई**

माधौगढ़ कोतवाली क्षेत्र के गोपालपुरा गांव में एक सरकारी सहायक अध्यापक की अपनी ही लाइसेंसी राइफल से गोली लगने से मौत हो गई। माधौगढ़ कोतवाली क्षेत्र के ग्राम गोपालपुरा निवासी अनुरुद्ध पाल 55 वर्ष गांव के ही केपीएच जूनियर हाई स्कूल में सहायक अध्यापक के पद पर कार्यरत थे। बताया गया कि सोमवार सुबह वह अपनी लाइसेंसी राइफल को नवीनीकरण (रिन्यूवल) के लिए बाहर निकालकर लाए थे, और कुर्सी पर बैठकर राइफल की सफाई कर रहे थे। तभी अचानक ट्रिगर दबने से गोली चल गई, और गोली सीधे उनके सिर में लगी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए।

गोली की आवाज सुनते ही परिजन मौके पर पहुंचे और उन्होंने खून से लथपथ में उठाकर आनन- फानन में इलाज के लिए राजकीय मेडिकल कॉलेज ले गए। जहां पर डाक्टर ने उसे जांच पड़ताल के बाद मृत घोषित कर दिया।

सूचना के बाद सीओ अम्बुज यादव व कोतवाली प्रभारी बिकेश बाबू मौके पर पहुंचे और फोरेंसिक टीम के साथ जांच की। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बड़े पुत्र कमलेंद्र सिंह ने कहा कि पिता को विद्यालय के प्रधानाध्यापक बृजेंद्र सिंह सेंगर, लिपिक पदम बाबू व अध्यापक ध्रुवेंद्र सिंह परेशान करते थे।

इस कारण उन्होंने खुदकुशी की है। विद्यालय के प्रधानाध्यापक बृजेंद्र सिंह सेंगर ने कहा कि मृतक अध्यापक का कोई उत्पीड़न नहीं हुआ है और वेतन भी बराबर जा रही थी। एसपी डा. दुर्गेश कुमार ने कहा कि राइफल की नाल साफ करते समय गोली चलने से अध्यापक की मौत हुई है। अगर शिकायती पत्र मिलता है तो जांच कराकर कार्रवाई की जाएगी।

# सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक टिप्पड़ी के आरोपी जिला पंचायत सदस्य पति गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस । हरपालपुर**



थाना हरपालपुर पुलिस ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने के मामले में जिलापंचायत सदस्य पति सहित दो लोगो के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर एक नामजद अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से थाना हरपालपुर क्षेत्र में आपत्तिजनक टिप्पणी किए जाने की सूचना प्राप्त हुई थी। जांच में सामने आया कि हरपालपुर से जिला पंचायत सदस्य पति वेदराम कुशवाहा पुत्र बालादीन निवासी कस्बा व थाना हरपालपुर जनपद हरदोई तथा एक अन्य व्यक्ति द्वारा सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक टिप्पणी की गई थी। इस संबंध में थाना हरपालपुर में मुकदमा अपराध संख्या 409/25 धारा 299/196 बीएनएस एवं 67 आईटी एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया।मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए थाना हरपालपुर पुलिस द्वारा नामजद अभियुक्त वेदराम पुत्र बालादीन निवासी कस्बा व थाना हरपालपुर जनपद हरदोई को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने बताया कि मामले में अन्य आवश्यक विधिक कार्रवाई प्रचलित है।गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक शमशेर अहमद एवं कांस्टेबल अनिल शामिल रहे। पुलिस प्रशासन का कहना है कि सोशल मीडिया के दुरुपयोग पर सख्त नजर रखी जा रही है और इस तरह की गतिविधियों में शामिल लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी।

# पिहानी पुलिस ने अफीम के साथ दो को गिरफ्तार किया

**जन एक्सप्रेस । शाहाबाद**




पिहानी पुलिस ने मुखबिर की सुचना पर सोमवार को 410 ग्राम अवैध अफीम के साथ दो युवकों को गिरफ्तार किया जिन्हे जेल भेजा गया है। अवैध नशीले पदार्थ के निर्माण, बिक्री,परिवहन करने वाले अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में 29 दिसंबर को थाना पिहानी के उप निरीक्षक शुभम सिंह और पुलिस बल द्वारा अनस खान पुत्र साबिर खान निवासी मोहल्ला खुरमुली कस्बा व थाना पिहानी और मोहम्मद निसार पुत्र सरवर निवासी ग्राम अमिरता थाना पिहानी को 410 ग्राम अवैध अफीम सहित गिरफ्तार किया गया। जिसके संबंध में थाना पिहानी पर स्वापक औषधि और मनः प्रभावी पदार्थ अधिनियम 1985 एक्ट बनाम नामजद अभियुक्तगण उपरोक्त पंजीकृत किया गया है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया दोनों आरोपियों को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है।

# पुलिस ने टप्पेबाजी के वांछित आरोपी को किया गिरफ्तार, 9,100 रुपये नकद बरामद

**जन एक्सप्रेस । हरदोई**



थाना सांडी पुलिस टीम ने टप्पेबाजी की घटना में वांछित चल रहे आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 9,100 रुपये नकद बरामद किए हैं। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक हरदोई के निर्देश पर चलाए जा रहे अपराध नियंत्रण अभियान के तहत की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार दिनांक 25 दिसंबर को वादी श्रवण कुमार पुत्र इटटास निवासी ग्राम कुँवरियापुर थाना सांडी जनपद हरदोई ने थाना सांडी पर तहरीर दी थी।

वादी ने बताया कि 18 दिसंबर 2025 को उसकी पुत्रवधू का उपचार माया हॉस्पिटल सांडी में चल रहा था। वह अस्पताल के बाहर खड़ा था, तभी मोटरसाइकिल सवार दो अज्ञात व्यक्तियों ने उससे सांडी जाने का रास्ता पूछा और रास्ता बताने के बहाने उसे मोटरसाइकिल पर बैठा लिया। बाद में उसे सांडी तिराहे पर उतार दिया गया। कुछ देर बाद वादी ने अपनी जेब चेक की तो पाया कि 20,000 रुपये नकद और आधार कार्ड गायब थे। इस संबंध में थाना सांडी पर मुकदमा अपराध संख्या 598/25 धारा 303(2) बीएनएस बनाम अज्ञात पंजीकृत किया गया था। मामले के शीघ्र अनावरण के लिए पुलिस अधीक्षक द्वारा टीम गठित कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। पुलिस कार्रवाई के दौरान थाना सांडी पुलिस ने टप्पेबाजी की घटना में संलिप्त वांछित अभियुक्त दीप उर्फ दीपक पुत्र मन्नीलाल निवासी कस्बा व थाना तिर्वा जनपद कन्नौज को गिरफ्तार कर लिया।

अभियुक्त के कब्जे से 9,100 रुपये नकद बरामद किए गए।पुलिस ने बताया कि दिनांक 26 दिसंबर 2025 को अभियुक्त प्रदीप पुत्र दीप उर्फ दीपक निवासी कस्बा व थाना तिर्वा जनपद कन्नौज को पूर्व में पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में प्रस्तुत किया जा चुका है।गिरफ्तार अभियुक्त दीप उर्फ दीपक का आपराधिक इतिहास भी सामने आया है। उसके खिलाफ जनपद कन्नौज के विभिन्न थानों में एनडीपीएस एक्ट से संबंधित मुकदमे दर्ज हैं।गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार यादव, उपनिरीक्षक ललित कुमार सैनी, हेड कांस्टेबल धर्मेंद्र, हेड कांस्टेबल हरिश्याम तथा कांस्टेबल संजीव भाटी शामिल रहे। पुलिस का कहना है कि जनपद में टप्पेबाजी और अन्य अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए आगे भी अभियान जारी रहेगा।

## काली नदी में गौवंश के कटे अवशेष मिलने से मचा हड़कंप

**जन एक्सप्रेस/अलीगंज/एटा।** धुमरी चौकी क्षेत्र अंतर्गत काली नदी के पुल के नीचे गौवंश के कटे हुए अवशेष मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। अवशेष बोरियों में भरकर नदी के किनारे फेंके गए थे। सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में पुलिस बल मौके पर पहुंच गया और स्थिति को नियंत्रित किया गया। पुलिस ने प्रतिबंधित पशुओं के अवशेषों को कब्जे में लेकर जेसीबी मशीन मंगवाई और स्थानीय लोगों की मौजूदगी में उन्हें दफनाने की प्रक्रिया शुरू कराई। एहतियातन कई थानों का अतिरिक्त पुलिस बल भी घटनास्थल पर तैनात किया गया। घटना की जानकारी मिलते ही क्षेत्राधिकारी अलीगंज नीतीश गर्ग भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया।

उन्होंने बताया कि काली नदी के पुल के नीचे प्रतिबंधित पशुओं के अवशेष बरामद हुए हैं, जिन्हें नियमानुसार दफनाया जा रहा है। क्षेत्राधिकारी ने यह भी बताया कि दो दिन पूर्व कासगंज जनपद के सिढ्पुरा थाना क्षेत्र में भी इसी प्रकार के अवशेष मिले थे, जिसके चलते इस घटना को कासगंज की घटना से जोड़कर देखा जा रहा है।

# डीएम ने की सीएम डैश बोर्ड राजस्व एवं विकास कार्यो की समीक्षा बैठक




**जन एक्सप्रेस । हरदोई**

हरदोई।डीएम अनुनय झा की अध्यक्षता में राजस्व एवं विकास कार्यो से सम्बंधित विभागों की सीएम डैशबोर्ड की प्रगति की समीक्षा बैठक हुई।डीएम ने कहा कि सीएम डैशबोर्ड पर विभागीय योजनाओं की प्रगति बढायी जाये। उन्होंने कहा कि सभी विभाग राजस्व वसूली पर विशेष ध्यान दे और निर्धारित समयसीमा मे लक्ष्य पूरा करें।डीएम ने सभी अधिकारियों से कहा कि सीएम डैश बोर्ड पर खराब प्रगति जनपद की रैंक को प्रभावित कर सकती है, इसलिये सभी विभाग अपने-अपने विभाग की रैकिंग पर विशेष ध्यान दे। रैकिंग में सुधार के लिए विशेष प्रयास किये जाएं। सूचनाओं की विभागीय पोर्टल पर ससमय फीडिंग सुनिश्चित की जाये। उन्होंने आबकारी विभाग, आइसीडीएस विभाग, जिला पंचायत, जल निगम को प्रगति बढाने के निर्देश दिये। डीएम ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग की कुछ योजनायें सीएम डैश बोर्ड मे जोडी जायेगी। उन्होंने धान क्रय केन्द्र व खनन विभाग को सत्यापन कराने के निर्देश दिये। इस अवसर पर सीडीओ सान्या छाबड़ा, एडीएम वि0र0, प्रियंका सिंह, एडीएम न्यायिक प्रफुल्ल त्रिपाठी, समस्त उपजिलाधिकारी व अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## सूने घर में छत के रास्ते घुसे चोरों ने नगदी सहित दो लाख के जेवर किए पार

**जन एक्सप्रेस/उरई।** कोतवाली क्षेत्र के बजरिया मोहनपुरा में घूमी चोरों की बारात ने सूने घर को निशाना बना लिया। जहां पर छत के रास्ते घर में घुसे चोर नगदी सहित करीब 2 लाख के कीमती आभूषण समेटकर फरार हो गए।

शहर के बजरिया के मोहल्ला मोहनपुरा निवासी बबलू बिजली मिस्त्री है। बताया गया कि वह रविवार रात अपने परिवार के साथ जेल रोड स्थित एक गेस्ट हाउस में आयोजित शादी समारोह में शामिल होने गया हुआ था। देर रात जब वह परिवार सहित वापस लौटा तो घर का सारा सामान बिखरा पड़ा था। घर में बिखरा हुआ पड़ा सामान देखकर परिवार वालों की होश उड़ गए। जब उन्होंने अलमारी व शेफ को खोलकर देखा तो उसमें रखी 30 हजार की नगदी और सोने चांदी के तकरीबन 2 लाख रुपए कीमत के जेवरात नदारत थे। ग्रहस्वामी बबलू के मुताबिक चोर छत के रास्ते से आए और वहीं से भाग निकले। सोमवार सुबह घटना की जानकारी पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की हर पहलू पर जमीनी स्तर से जांच पड़ताल शुरू कर दी।

## पूर्व सैनिक वेलफेयर फाउंडेशन ने वीर नारियों को किया सम्मानित,पूर्व सैनिकों की सुनी समस्याएं



**जन एक्सप्रेस । हरदोई**

सोमवार को पूर्व सैनिक वेलफेयर फाउंडेशन के तत्वावधान में हरपालपुर कस्बे के पलिया तिराहे पर पूर्व सैनिकों की गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस गोष्ठी में 7 कुमायूं रेजीमेंट की सैन्य टुकड़ी का नेतृत्व करते हुए सूबेदार मेजर संजीव भट्ट ने हरपालपुर ब्लॉक के शहीद सैनिकों के परिजनों व पूर्व सैनिकों की तमाम समस्याओं को सुना तथा उनके निराकरण कराने का भरोसा दिया।संगठन की तरफ से वीर नारियों व स्थानीय पत्रकारो को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर संगठन के जिलाध्यक्ष अशोक कुमार अग्निहोत्री ने सूबेदार मेजर संजीव भट्ट को जनपद में सेना की कैंटीन तथा ई सी एस एच से सम्बद्ध कोई अस्पताल न होने की बात कही। कार्यक्रम में हरपालपुर ब्लॉक के नवनियुक्त ब्लॉक अध्यक्ष कैप्टन राजेश्वर सिंह तोमर को फूल माला पहनाकर नवीन दायित्व की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर संगठन मंत्री वीरपाल सिंह, जिला उपाध्यक्ष महेंद्र पाल सिंह,सूबेदार संतोष कुमार दीक्षित,मदनमोहन अवस्थी,के पी सिंह,ब्रजेश सिंह टिंकू सहित तमाम पूर्व सैनिक मौजूद रहे।

# क्लियर प्लॉट बताकर 70 लाख की ठगी

**जन एक्सप्रेस । आगरा**




ताजनगरी में जमीन के नाम पर की गई ठगी का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है, जिसने रियल एस्टेट सौदों में भरोसे पर बड़ा सवाल खड़ा कर दिया है। कमला नगर निवासी कन्हैया लाल अग्रवाल और उसके परिवार पर करोड़ों के प्लॉट का झांसा देकर 70 लाख रुपये हड़पने का गंभीर आरोप लगा है। पीड़ितों ने पुलिस कमिश्नरेट में शिकायत देकर आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की है।

पीड़ित पूजा गर्ग, यश अग्रवाल और अभिनव अग्रवाल के मुताबिक, कन्हैया लाल अग्रवाल, राजीव अग्रवाल, अंजू अग्रवाल समेत कुल पांच लोगों ने सेवला जाट क्षेत्र स्थित प्लॉट संख्या 38/464 से 470 (करीब 1427 वर्गगज) को पूरी तरह ÷क्लियर÷ बताते हुए 1.54 करोड़ रुपये में सौदा तय किया। आरोपियों ने प्लॉट के दस्तावेजों की फोटोकॉपी दिखाकर दावा किया कि जमीन पर न तो कोई कर्ज है, न गिरवी, न ही किसी तरह का कानूनी विवाद।

आरोपियों के झांसे में आकर पीड़ितों ने 65 लाख रुपये बैंक ट्रांसफर और चेक के माध्यम से उनके खातों में भेज दिए। सौदे को औपचारिक रूप देने के लिए इकरारनामा भी कराया गया, जिस पर अंजू अग्रवाल ने गवाह के तौर पर हस्ताक्षर किए। लेकिन कुछ समय बाद जब पीड़ितों ने जमीन की स्थिति की दोबारा जांच की, तो बड़ा खुलासा हुआ। पता चला कि जिस प्लॉट को **क्लियर** बताया गया था, वह तो पहले से ही यस बैंक, संजय प्लेस में ऋण के बदले गिरवी रखा गया था। इतना ही नहीं, बैंक ने 5 अगस्त 2025 को उस प्लॉट की नीलामी कर दी थी और 26 अगस्त 2025 को नई पार्टी के नाम उसकी रजिस्ट्री भी हो चुकी थी। यानी जिस जमीन का सौदा किया गया, वह आरोपियों के स्वामित्व और कब्जे में थी ही नहीं।

जब पीड़ितों ने अपनी रकम वापस मांगी, तो आरोप है कि उन्हें धमकाया गया और अभद्र व्यवहार किया गया। आखिरकार पीड़ितों की लिखित तहरीर पर थाना कमला नगर में सभी आरोपियों के खिलाफ गंभीर धाराओं में नामजद मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और दस्तावेजों व बैंक रिकॉर्ड की गहन पड़ताल की जा रही है।

# विपिन सोनी बने उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षक संघ लखनऊ मंडल के उपाध्यक्ष

**जन एक्सप्रेस । हरदोई**



उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षक संघ का लखनऊ मंडल का उपाध्यक्ष विपिन सोनी को बनाए जाने पर प्रबंधक व शिक्षकों ने माला पहनाकर हर्ष व्यक्त किया।

प्रदेश संगठन मंत्री सुशील सिन्हा द्वारा कैरियर पब्लिक स्कूल के प्रबंधक विपिन कुमार सोनी को लखनऊ मंडल का उपाध्यक्ष एवं हरदोई व उन्नाव जनपद का जिला प्रभारी बना गया है। सोमवार को

कैरियर पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य राम भरोसे गौर, व्यवस्थापक आकाश ओमर, मल्लावां पब्लिक स्कूल के प्रबंधक हरिपाल सिंह एवं जीनियस पब्लिक स्कूल के प्रबंधक ज्ञानेंद्र कुमार सिंह सहित अन्य शिक्षकों ने माला पहना कर एवं बुके देकर सम्मानित किया। इस मौके पर मंडल उपाध्यक्ष विपिन कुमार सोनी ने बताया कि उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षक संघ सन 1985 से लगातार मान्यता प्राप्त स्कूलों की समस्याओं को दूर करने के लिए प्रदेश अध्यक्ष दुर्गा चरण सिन्हा के नेतृत्व में संघर्ष करता आ रहा है। हमारा प्रयास भी मंडल के सभी मान्यता प्राप्त स्कूलों में आने वाली समस्याओं दूर करने के लिए सदैव रहेगा।

# जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य व्यवस्थाओं की परखी हकीकत

## मरीजों से सीधे संवाद कर लिया फीडबैक, नवजात व गर्भवती महिलाओं की देखभाल पर दिया विशेष जोर

**जन एक्सप्रेस । महराजगंज**



जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने रविवार को जिला महिला अस्पताल का आकस्मिक निरीक्षण कर स्वास्थ्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने ओपीडी, जनरल वार्ड, इमरजेंसी वार्ड सहित विभिन्न कक्षों का गहन निरीक्षण किया तथा साफ सफाई, दवाओं की उपलब्धता और मरीजों को दी जा रही सुविधाओं की स्थिति का अवलोकन किया।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने अस्पताल में भर्ती मरीजों एवं उनके परिजनों से सीधे संवाद कर उपचार की गुणवत्ता, चिकित्सकों एवं स्टाफ के व्यवहार तथा उपलब्ध सुविधाओं को लेकर फीडबैक प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि मरीजों को समयबद्ध, संवेदनशील एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

जिलाधिकारी ने विशेष रूप से नवजात शिशुओं एवं गर्भवती महिलाओं की देखभाल पर जोर देते हुए ठंड के मौसम को देखते हुए सभी आवश्यक इंतजाम सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वार्डों में पर्याप्त कंबल, हीटर व अन्य जरूरी सुविधाएं उपलब्ध हों, जिससे माताओं और नवजातों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। साथ ही अस्पताल परिसर में स्वच्छता व्यवस्था को और बेहतर बनाने के निर्देश भी दिए। निरीक्षण के समय ओपीडी में कुल 82 मरीज पंजीकृत पाए गए, जिनका उपचार डॉ. रूपाली, डॉ. अरुण, डॉ. ज्योत्सना एवं डॉ. शालिनी द्वारा किया जा रहा था। जिलाधिकारी ने चिकित्सकों को निर्देशित किया कि मरीजों के साथ सहानुभूतिपूर्ण व्यवहार किया जाए तथा उन्हें समुचित परामर्श दिया जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि किसी भी मरीज को बाहर से दवा या जांच कराने के लिए बाध्य किए जाने की शिकायत नहीं मिलनी चाहिए, अन्यथा कठोर कार्रवाई की जाएगी।

इसके पश्चात जिलाधिकारी ने अस्पताल के पांचवें तल पर निर्माणाधीन आईपीएचएल लैब का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण कार्य की प्रगति की समीक्षा करते हुए कार्यदायी संस्था यूपीसीएलडीएफ को निर्देश दिए कि 99.99 लाख रुपये की लागत से बन रही इस लैब का कार्य निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूर्ण किया जाए और गुणवत्ता से कोई समझौता न किया जाए। निरीक्षण के अंत में जिलाधिकारी ने सीएमएस को निर्देशित किया कि अस्पताल में आने वाले प्रत्येक मरीज को बेहतर, सुलभ एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित कराई जाएं। ठंड के मौसम को ध्यान में रखते हुए अतिरिक्त व्यवस्थाएं कर मरीजों एवं उनके परिजनों को राहत पहुंचाई जाए।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी महेंद्र कुमार सिंह, सीएमएस डॉ. ए.के. द्विवेदी, डॉ. ए.बी. त्रिपाठी सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित।

### भूतपूर्व सैनिक समिति से प्रशिक्षित अजय गुप्ता का अग्निवीर में चयन

**जन एक्सप्रेस/सोनौली/महराजगंज।** गोरखा भूतपूर्व सैनिक कल्याण समिति, नौतनवा के सेना भर्ती केंद्र से प्रशिक्षण प्राप्त अजय गुप्ता ने 'अग्निवीर' योजना के तहत भारतीय सेना में चयनित होकर क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है। अजय गुप्ता, पुत्र चौथी गुप्ता, निवासी आरजी सरकार उर्फबैरियहवा का चयन आर्मी एयर डिफेंस ट्रेनिंग सेंटर, गोपालपुर (उड़ीसा) में हुआ है। उनके चयन की सूचना मिलते ही क्षेत्र में हर्ष का माहौल बन गया।

सोमवार को गोरखा भूतपूर्व सैनिक कल्याण समिति कार्यालय में आयोजित सम्मान समारोह में भाजपा नेता जितेंद्र जायसवाल, पूर्व सैनिक नर बहादुर राना, मोहन गुप्ता सहित अन्य गणमान्य लोगों ने अजय गुप्ता को अंगवस्त्र ओढ़ाकर और मिठाई खिलाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि अजय की सफलता युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है और यह उपलब्धि न केवल उनके परिवार बल्कि पूरे नौतनवा क्षेत्र व पूर्व सैनिक समाज के लिए गर्व की बात है।

कार्यक्रम में समिति अध्यक्ष नर बहादुर राना, मोहन थापा, श्याम किशोर थापा, अजय राणा, सुनील क्षेत्री, नरेश राना, सुधांशु वर्मा, हेम बहादुर आले सहित बड़ी संख्या में पूर्व सैनिक और स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

# पुलिस मुठभेड़ में तीन बदमाश गिरफ्तार, एक बदमाश को लगी गोली

**जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़**



जिले की रानीगंज थाने की पुलिस और कार सवार लूटेरों के बीच हुई मुठभेड़ में एक अभियुक्त के पैर में लगी गोली जबकि दो अभियुक्तों को पुलिस ने दौड़ाकर पकड़ लिया। पुलिस द्वारा तीनों बदमाशों को गिरफ्तार कर कार्रवाई की जा रही है। इसके साथ ही पुलिस तीनों का आपराधिक इतिहास खंगाल रही है।

बता दें कि थाना इलाके के चंदी गोविंदपुर के सरकारी स्कूल में 22 नवम्बर को देर रात चोरी हो गई थी। चोर विद्यालय से मिड-डे मील का राशन, बच्चों के खेल का सामान, बर्तन व सरकारी अभिलेख चुरा ले गए थे। जिसके बाद तहरीर के आधार पर पुलिस मुकदमा दर्ज कर चोरों की सरगर्मी से तलाश कर रही थी। उसी क्रम में थाना प्रभारी रानीगंज प्रभात कुमार सिंह पुलिस टीम के साथ मुखबिर की सूचना पर थाना इलाके के बुढ़ौरा कुम्भापुर के पास चेकिंग कर रहे थे तभी बैगनार कार सवार लोगों को रुकने का इशारा किया। इस दौरान कार सवार अभियुक्तों द्वारा पुलिस टीम पर फायरिंग की गयी। पुलिस टीम द्वारा जबाबी फायरिंग में हुई मुठभेड़ में प्रयागराज जिले के फूलपुर थाना इलाके के हरवंशपुर गांव निवासी एक शातिर अभियुक्त मिथलेश केसरवानी घायल हो गया जबकि थाना इलाके के जमताली गांव के रहने वाले दो अभियुक्तों लवकुश यादव व पवन यादव को पुलिस ने मौके से गिरफ्तार कर लिया।

वहीं मौके का फायदा उठाते हुए एक बदमाश जदरथ उर्फ जय प्रकाश फरार हो गया। घायल अभियुक्त मिथलेश केसरवानी को पुलिस ने ईलाज हेतु जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। पुलिस ने मिथलेश केसरवानी के कब्जे से एक तमन्चा, एक खोखा कारतूस, एक जिन्दा कारतूस व चन्दीगोविन्दपुर विद्यालय से चोरी का सामान व घटना में प्रयुक्त बैगनार गाड़ी बरामद किया है। गिरफ्तार अभियुक्त मिथिलेश केशरवानी के विरुद्ध प्रयागराज जिले के फूलपुर थाने में भी मुकदमा दर्ज है व लवकुश के खिलाफ भी रानीगंज थाने पर एक मुकदमा दर्ज है। इसके साथ ही पुलिस गिरफ्तार किए गए अन्य आरोपियों का भी आपराधिक इतिहास खंगाल रही है। सीओ रानीगंज विनय प्रभाकर साहनी ने बताया कि पुलिस और बदमाशों की मुठभेड़ में एक बदमाश घायल हुआ है जिसका इलाज चल रहा है जबकि दो बदमाशों को पुलिस ने दौड़ाकर पकड़ लिया। एक आरोपी मौके से फरार हो गया जिसकी शीघ्र ही गिरफ्तारी कर ली जायेगी। गिरफ्तार अभियुक्त थाना क्षेत्र के अलावां आसपास के इलाकों में बन्द पड़े सरकारी भवनों में चोरी करते थे। बीते दिनों रानीगंज थाना इलाके के सरकारी स्कूल में चोरी में ये शामिल थे। अभियुक्तों को गिरफ्तार कर अन्य विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# अटल जी ने भारत को बनाया परमाणु शक्ति सम्पन्न : कौशलेंद्र सिंह पटेल

**जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़**



जिले में सोमवार को विधानसभा रामपुर खास के दीवानगंज में भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी जी के जन्म जयंती पर अटल स्मृति सम्मेलन का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद पूर्व सदस्य राष्ट्रीय पिछड़ा आयोग कौशलेंद्र सिंह पटेल ने बताया कि बहुत कम लोग जानते हैं कि अटल बिहारी वाजपेई की पहचान राजनीति से पहले एक संवेदनशील कवि के रूप में थी। उनकी कविताओं में राष्ट्रवाद के साथ मानवीय पीड़ा भी झलकती थी।1998 में अटल सरकार ने पोखरण परमाणु परीक्षण कर भारत को परमाणु शक्ति संपन्न राष्ट्रों की कतार में खड़ा किया। यह फैसला अंतरराष्ट्रीय दबाव के बावजूद लिया गया और इतिहास बन गया। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना और स्वर्णिम चतुर्भुज परियोजना अटल जी की दूरदर्शी सोच का परिणाम थीं। इन्हीं परियोजनाओं ने भारत के इंफ्रास्ट्रक्चर को नई दिशा दी। इसी को आज मोदी सरकार आगे बढ़ा रही है और पूरे देश में सड़कों का जाल बुन रही है। अटल बिहारी वाजपेयी के शासनकाल (1998-2004) को आज भी स्थिर, संतुलित और दूरदर्शी प्रशासन के रूप में याद किया जाता है। उनके कार्यकाल की कुछ प्रमुख मिसाल ग्राम सड़क योजना, आर्थिक सुधारों को मानवीय चेहरा देना, परमाणु नीति में स्पष्टता और विपक्ष को सम्मान देने की परंपरा है। उनका मानना था कि सरकार का काम सिर्फ शासन करना नहीं, बल्कि सेवा करना है। कार्यक्रम में प्रांतीय परिषद सदस्य ओम प्रकाश पांडे गुड्डू, श्रीनाथ पासी, विजय मिश्र, सुरेश सिंह, बृजेंद्र पांडे, राजेश मिश्र, मिथलेश जायसवाल, महेंद्र सिंह दादा, जगराम, विनोद मिश्र, जिला सह मीडिया प्रभारी देवेश त्रिपाठी, राकेश सिंह, देवेंद्र सिंह काका, वीरेंद्र सिंह, जितेंद्र वर्मा, विनोद सिंह, विशाल सिंह, सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### एएसपी ने मिशन शक्ति टीम प्रभारियों के साथ की बैठक, दिया निर्देश

**जन एक्सप्रेस/प्रतापगढ़।** जिले में पुलिस लाइन स्थित सई काम्प्लेक्स में सोमवार को एसपी दीपक भूकर के निर्देशन में जिले के सभी थानों की मिशन शक्ति टीम प्रभारियों एवं विभिन्न शाखाओं में नियुक्त मिशन शक्ति कार्यक्रम में सहयोग करने वाले अधिकारी व कर्मचारियों के साथ अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी द्वारा समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान महिला सुरक्षा, सशक्तिकरण एवं जनजागरूकता कार्यक्रमों के प्रभावी एवं गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन पर विस्तृत चर्चा की गई। अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी द्वारा निर्देशित किया गया कि मिशन शक्ति से संबंधित समस्त गतिविधियों को नियमित, पारदर्शी एवं परिणामोन्मुख रूप से संचालित किया जाए तथा प्रत्येक कार्यक्रम का समयबद्ध एवं विधिवत अभिलेखीकरण सुनिश्चित किया जाए। इस अवसर पर मिशन शक्ति से संबंधित रजिस्टरों एवं फाइलों का गहन निरीक्षण किया गया तथा अभिलेखों को सुव्यवस्थित, अद्यतन एवं निर्धारित मानकों के अनुरूप संधारित करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

# अवैध खनन की सूचना पर पहुंचे एसडीएम जांच में नहीं मिली कोई खामी

**जन एक्सप्रेस । ठूठीबारी/महराजगंज**



ठूठीबारी कोतवाली क्षेत्र में चंदन उर्फ घोला नदी में अवैध मिट्टी खनन की सूचना से प्रशासन में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही निचलौल एसडीएम सिद्धार्थ गुप्ता राजस्व कर्मियों के साथ मौके पर पहुंचे और नदी क्षेत्र का निरीक्षण किया। जांच के दौरान किसी भी प्रकार की अवैध खनन गतिविधि नहीं पाई गई। मिली जानकारी के मुताबिक सोमवार को स्थानीय कस्बे के एक व्यक्ति द्वारा तहसील प्रशासन से शिकायत कर आरोप लगाया गया था कि ठूठीबारी कोतवाली क्षेत्र के चंदन उर्फघोला नदी में खनन माफियों द्वारा अवैध रूप से मिट्टी खनन की जा रही है। शिकायत की गंभीरता को देखते हुए निचलौल एसडीएम सिद्धार्थ गुप्ता ने तत्काल कार्रवाई करते हुए मौके पर पहुंचकर स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय न तो खनन में प्रयुक्त होने वाली मशीन मौके पर मिली और न ही बालू या मिट्टी के अवैध भंडारण के कोई संकेत पाए गए। ऐसे में जांच के बाद प्रथम दृष्ट्या शिकायत निराधार प्रतीत हुई। इस संबंध में एसडीएम सिद्धार्थ गुप्ता ने बताया कि अवैध खनन के सूचना के आधार पर मौके का मुआयना किया गया, लेकिन फिलहाल किसी प्रकार की अवैध गतिविधि सामने नहीं आई है। उन्होंने थानाध्यक्ष को निर्देश दिए कि यदि भविष्य में अवैध खनन की कोई सूचना मिले तो उस पर तत्काल और कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, उन्होंने यह भी कहा कि प्रशासन अवैध खनन को लेकर पूरी तरह सतर्क है और क्षेत्र में नियमित निगरानी जारी रहेगी, ताकि प्राकृतिक संसाधनों का दुरुपयोग रोका जा सके।

# वन भूमि के अवैध कब्जे पर चला प्रशासन का बुल्डोजर

**जन एक्सप्रेस । ठूठीबारी/महराजगंज**



मधवलिया रेंज के अंतर्गत बसौली बीट वन क्षेत्र में सोमवार को प्रशासन और वन विभाग की संयुक्त टीम ने अवैध अतिक्रमण के विरुद्ध बुलडोजर की कार्रवाई हुई है। जेसीबी मशीन की सहायता से वन भूमि पर बने छप्परनुमा अवैध मकान को ध्वस्त कराया है। यह कार्रवाई उन कब्जाधारियों के विरुद्ध की गई, जिन्हें पूर्व में कई बार नोटिस और चेतावनी दी जा चुकी थी, लेकिन इसके बावजूद उन्होंने वन भूमि को खाली नहीं की।

मिली जानकारी के अनुसार वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि वन भूमि पर अतिक्रमणकारियों द्वारा अवैध रूप से कब्जा किया गया था। जिन्हें समय-समय पर निर्धारित अवधि के भीतर कब्जा हटाने का निर्देश दिया गया था। लेकिन चेतावनियों की अनदेखी किए जाने के बाद वन अधिनियम के तहत कार्रवाई करना अनिवार्य हो गया, जिसके क्रम में सोमवार को मौके पर पहुंचकर अवैध कब्जे हटवाए गए। वही अतिक्रमण के विरुद्ध कार्रवाई के दौरान किसी भी प्रकार की अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए ठूठीबारी कोतवाली पुलिस बल तैनात रहा। ऐसे में सुरक्षा घेरे में पूरी कार्रवाई शांतिपूर्ण और अनुशासित माहौल में सम्पन्न हुई। ऐसे में प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि वन भूमि पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और भविष्य में भी ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। इस दौरान वन निरीक्षक अजीत भास्कर, वन दरोगा राजेश त्रिपाठी, ठूठीबारी कोतवाली के एसएसआई प्रणव कुमार ओझा, एसआई दिव्यप्रकाश मौर्य, बृजेश पांडेय, महिला एसआई खुश्बू, कांस्टेबल अजय सिंह सहित वन विभाग व पुलिस के अन्य अधिकारी और जवान मौके पर मौजूद रहे।

# सड़क किनारे खड़ी कार में अचानक लगी आग, जलकर खाक

**जन एक्सप्रेस/प्रतापगढ़।** जिले के दिलीपपुर थाना इलाके में डॉल्फिन स्कूल के समीप सोमवार दोपहर सड़क किनारे खड़ी एक कार में अचानक आग लग गई। आग इतनी भीषण थी कि कुछ ही देर में कार पूरी तरह जलकर खाक हो गई। आग लगने के दौरान कार में हुए धमाकों से इलाके में दहशत फैल गई। वहां मौजूद प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आग लगते ही कार से घना धुआं उठने लगा और कुछ ही मिनटों में आग ने विकराल रूप ले लिया। वाहन मालिक ने पानी और मिट्टी डालकर आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन आग पर काबू नहीं पाया जा सका। वहीं आग की लपटों के बीच कार में बार-बार धमाके होने से आसपास मौजूद लोग आग बुझाने की हिम्मत नहीं कर सके और घबराकर सुरक्षित स्थानों पर चले गए। कार मालिक ने बताया कि आग लगने का सही कारण अभी स्पष्ट नहीं है। हालांकि, अचानक उठी लपटों ने कुछ ही पलों में पूरी गाड़ी को अपनी चपेट में ले लिया। गनीमत रही कि घटना के समय कार में कोई सवार नहीं था, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। कार आजमगढ़ जिले के अहालगंज निवासी चन्दन सोनकर की थी जो प्रेमधर पट्टी में स्थित राजकीय पालीटेक्निक में प्रवक्ता के पद पर कार्यरत हैं और सोमवार को डॉल्फिन स्कूल में किसी काम से आये थे। एसओ बलराम सिंह ने बताया कि कार में अज्ञात कारणों से आग लगी थी। किसी ने कोई शिकायत नहीं कि है।

# 16 लाख के लागत से धरमौली में बनेगा प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट

**जन एक्सप्रेस । ठूठीबारी/महराजगंज**

स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) फेज-2 के तहत शासन ने ठूठीबारी ग्राम पंचायत को बड़ी सौगात दी है। ग्राम पंचायत क्षेत्र के धरमौली गांव में प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट की स्थापना के लिए कुल 16 लाख रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई है। यूनिट निर्माण को लेकर विभागीय स्तर पर तैयारियां शुरू कर दी गई हैं।

ग्राम पंचायत अधिकारी पिंटू रौनियार ने बताया कि यह यूनिट धरमौली गांव में स्थित आरआरसी सेंटर के बगल में स्थापित की जाएगी। इसके माध्यम से प्लास्टिक अपशिष्ट का वैज्ञानिक तरीके से निस्तारण किया जाएगा। यूनिट में कंप्रेस मशीन, कटिंग मशीन तथा प्लास्टिक को चूरा, दाना बनाने की मशीनें लगाई जाएंगी। उन्होंने बताया कि इस परियोजना से दोहरा लाभ मिलेगा। एक ओर गांवों में स्वच्छता को बढ़ावा मिलेगा, वहीं दूसरी ओर प्लास्टिक कचरे के पुनर्चक्रण से पंचायत की आय में भी वृद्धि होगी। इस कुटीर उद्योग के माध्यम से गांव के लगभग दो दर्जन बेरोजगार युवाओं को रोजगार मिलने की संभावना है।

यूनिट के लिए ठूठीबारी ग्राम सभा सहित आसपास के क्षेत्र से प्लास्टिक बोतल, ढक्कन, प्लास्टिक बोरे, पॉलिथीन, टूटे-फूटे जूते-चप्पल सहित अन्य प्लास्टिक कचरे की खरीद की जाएगी। इसके बाद कचरे की छंटाई, कटाई और दाना बनाकर प्लास्टिक कंपनियों को निर्यात किया जाएगा।

ग्राम प्रधान अजीत कुमार ने बताया कि ठूठीबारी कस्बे में प्लास्टिक कचरा लंबे समय से पर्यावरण संरक्षण में बाधक बना हुआ था। वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट की स्थापना से गांव को कचरा मुक्त बनाने, पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने, प्लास्टिक अपशिष्ट के उचित प्रबंधन और रोजगार सृजन में मदद मिलेगी।

# पुलिस हिरासत से फरार दुष्कर्म का आरोपी व इनामिया चढ़ा पुलिस के हत्थे

**जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़**



जिले की पुलिस ने दुष्कर्म के आरोपी व इनामिया जावेद को चार दिन बाद फिर नगर कोतवाली थाना इलाके से गिरफ्तार कर लिया है। बता दें कि मासूम से हैवानियत का प्रयास करने वाले आरोपी जावेद को बीते मंगलवार को पुलिस मुठभेड़ में पैर में गोली लगी और वो घायल हो गया जिसके बाद पुलिस ने उसे इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। रात में ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को चकमा देते हुए आरोपी जावेद घायलवस्था में ही अस्पताल से फरार हो गया। पुलिस अभिरक्षा से आरोपी के फरार होने के बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी दीपक भूकर ने तत्काल कार्रवाई करते हुए एक दरोगा व चार सिपाहियों समेत पांच पुलिसकर्मियों को तत्काल निलंबित कर दिया। साथ ही, विभागीय जांच भी शुरू कर दी गई। एसपी ने आरोपी की गिरफ्तारी के लिए टीमों का गठन कर जल्द गिरफ्तारी के निर्देश दिये। साथ ही आरोपी पर 25 हजार रुपये का इनाम भी घोषित किया गया। उसी क्रम में स्पेशल पुलिस टीम प्रभारी अर्जुन यादव के नेतृत्व में आरोपी की तलाश में लगातार प्रयास कर रही पुलिस को रविवार रात सफलता मिली और आरोपी फिर से पुलिस गिरफ्त में आ गया। पुलिस आरोपी को आसपास के जनपदों में भी तलाश रही थी जबकि आरोपी जावेद अली रविवार देर रात नगर कोतवाली क्षेत्र से दोबारा गिरफ्तार कर लिया गया। सीओ पट्टी मनोज कुमार ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। उसे न्यायालय के समक्ष पेश किया जायेगा। मामले में अन्य विधिक कार्रवाई की जा रही है।

### जमीन की पैमाइश करने गयी राजस्व टीम के साथ अभद्रता, मुकदमा दर्ज

**जन एक्सप्रेस/प्रतापगढ़।** जमीन की पैमाइश करने गए राजस्व विभाग के कर्मचारियों के साथ अभद्रता। राजस्व निरीक्षक व लेखपाल को गाली गलौज देने के साथ ही सरकारी अभिलेख फाड़ने का आरोप। राजस्व निरीक्षक की तहरीर पर पुलिस आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच में जुटी। बता दें कि कुण्डा थाना इलाके के भीटी पूरेनैन गांव निवासी बालकृष्ण शुक्ला पट्टी तहसील में राजस्व निरीक्षक के पद पर कार्यरत है। बीते शुक्रवार को थाना आसपुर देवसरा इलाके के छतौना गांव में क्षेत्रीय लेखपाल सूरज सरोज के साथ जमीन की पैमाइस के लिए गये थे। तभी वहां पर कुछ लोगों ने हमला कर दिया। बालकृष्ण ने थाने पर तहरीर देते हुए बताया है कि पैमाइश के दौरान अमरजीत केवट, भुवाल केवट, लल्लन केवट, संतोष व सुभाष केवट ने मिलकर उन्हें व क्षेत्रीय लेखपाल को भद्दी भद्दी गाली देते हुए फाइल और फाइल में रखा नक्शा फाड़ कर ले लिए।

# खेत में मिला वृद्ध का शव, परिजनों को हत्या की आशंका, जांच में जुटी पुलिस

**जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़**



अंतू थाना क्षेत्र के नरी गांव में घर से थोड़ी दूर पर सरसों के खेत में वृद्ध का शव मिलने के बाद इलाके में मचा हड़कंप। सूचना पर पहुंची अंतू पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल करते हुए घटना की छानबीन की।

मिली जानकारी के अनुसार अंतू थाना इलाके के नरी गांव निवासी रामलखन (60 वर्ष) रविवार शाम अपने बेटे के साथ खेत की सिंचाई करने गया था। कुछ देर बाद बेटा घर आ गया। देर रात तक जब वृद्ध रामलखन घर वापस नहीं लौटा तो परिजनों ने उसकी तलाश शुरू कर दी। इस दौरान घर से लगभग आठ सौ मीटर दूर खेत मे वृद्ध का रक्तरंजित शव देख परिजनों में रोना पिटना मच गया। सूचना के बाद अंतू पुलिस भी मौके पर पहुंची। पुलिस ने मामले की छानबीन करने के साथ ही वृद्ध के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं फॉरेंसिक टीम ने भी मौके पर पहुंचकर साक्ष्य इकट्ठा किया। शव मिलने की सूचना मिलते ही थोड़ी देर बाद एसपी दीपक भूकर ने अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी शैलेन्द लाल व सहायक पुलिस अधीक्षक (सीओ सिटी) प्रशान्त राज के साथ घटनास्थल का निरीक्षण किया। एसपी ने मृतक के परिजनों से बातचीत कर सांत्वना देने के साथ ही हरसम्भव मदद का भरोसा दिलाया। एसपी ने घटना के शीघ्र अनावरण हेतु फील्ड यूनिट, स्वाट टीम, स्पेशल टीम एवं स्थानीय पुलिस को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया है। पुलिस ब्लाइंड मर्डर का खुलासा करने में लगी हुई है। सीओ सिटी प्रशांत राज ने बताया कि 62 वर्षीय रामलखन यादव रविवार शाम खेत में पानी लगाने गये थे और रात भर घर वापस नहीं आये। सुबह परिजनों द्वारा ढूंढ़े जाने पर बगल के खेत में उनका शव मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस द्वारा शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। परिजन की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

# पत्रकारों की समस्याओं को लेकर ग्रापए ने विधायक को सौंपा ज्ञापन

## ग्रामीण पत्रकारों की मांगों को लेकर मुख्यमंत्री को लिखेंगे पत्रः विधायक

**जन एक्सप्रेस। बस्ती**



ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन प्रदेश नेतृत्व के आवाहन पर सोमवार को अपनी मांगों के समर्थन में हरैया तहसील अध्यक्ष राजेश सिंह विसेन के नेतृत्व में पत्रकारों ने हरैया विधायक अजय सिंह को मुख्यमंत्री को संबोधित सात सूत्रीय ज्ञापन सौंपा।

तहसील अध्यक्ष नें विधायक को बताया कि प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र नाथ सिंह एवं जिला अध्यक्ष अवधेश कुमार त्रिपाठी के आवाहन पर संपूर्ण प्रदेश के 403 विधायकों को पत्रकार हितों की सुरक्षा हेतु ज्ञापन सौंपने का कार्यक्रम रखा गया है। संगठन द्वारा मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन में मांग किया गया है कि सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा तहसील स्तर पर कार्य करने वाले दैनिक समाचार पत्रों के संवाददाताओं को मान्यता प्रदान करने के लिए आदेश निर्गत किया जाएघ। इसी के साथ पत्रकार हितों की रक्षा के लिए जिला स्तरीय स्थाई समिति की नियमित बैठकर कराई जाए, साथ ही मंडल मुख्यालय पर मंडलायुक्त की अध्यक्षता में और तहसील स्तर पर उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में स्थाई समिति का गठन किया जाए और उसमें ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के अध्यक्ष को विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में सम्मिलित किया जाए। सरकार द्वारा ग्रामीण पत्रकारों को आयुष्मान कार्ड की सुविधा से आच्छादित किए जाने के साथ-साथ उत्तर प्रदेश परिवहन निगम की बसों में निःशुल्क यात्रा सुविधा उपलब्ध कराई जाए। प्रदेश स्तर पर गठित पत्रकार मान्यता समिति एवं विज्ञापन मान्यता समिति में ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के दो प्रतिनिधियों को भी सदस्य के रूप में सम्मिलित किया जाए। संगठन के प्रदेश कार्यालय हेतु दारुलसफा लखनऊ में निरूशुल्क भवन उपलब्ध कराया जाए। साथ ही ग्रामीण पत्रकारों के समस्याओं के समाधान हेतु ग्रामीण पत्रकार आयोग का गठन किया जाए और पत्रकारिता कार्य करते समय अगर कोई विवाद की स्थिति बनती है और पत्रकारों के ऊपर मुकदमा पंजीकृत होता है तो उसके पहले किसी सक्षम राजपत्रित अधिकारी से जांच करने का आदेश निर्गत किया जाए। विधायक ने कहा कि पत्रकार हितों के उक्त मांगों को लेकर मुख्यमंत्री को पत्र लिखेंगे, विधानसभा में प्रश्न उठाएंगे और उनके निराकरण के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। इस मौके पर जिला महामंत्री अनिल कुमार पाण्डेय, जनार्दन पाण्डेय, के डी मिश्र, सत्यदेव शुक्ल, संजय मिश्र, शक्ति शरण उपाध्याय, विवेक पाण्डेय, मोती चंद सहित तमाम पत्रकार मौजूद रहे।

## बहन से शादी के लिए धर्म परिवर्तन का बनाया दबाव

**जन एक्सप्रेस। मिर्जापुर।** जिले में नाबालिग को भगाकर धर्म परिवर्तन कराने के मामले में जेल से जमानत पर छूटा वारिस शनिवार की शाम अपने साथी मनीष पर धर्म परिवर्तन कर बहन से शादी करने का दबाव बनाने लगा। मनीष के विरोध पर वारिस ने उस पर चाकू से हमला कर दिया। पुलिस ने घायल के चचेरे भाई नीरज गौड़ की तहरीर पर वारिस के खिलाफ हत्या के प्रयास की प्राथमिकी दर्ज कर ली है।

रविवार को घायल का बयान लेने के बाद धर्म परिवर्तन का दबाव बनाने की धारा बढ़ाई गई। पुलिस आरोपी के परिवार और परिचित चार लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। घटना के बाद से मोहल्ले में पुलिस और पीएसी तैनात कर दी गई है। आरोपी की तलाश की जा रही है। घटना के चलते मोहल्ले के आसपास की दुकानें बंद रहीं।

मोहल्ला तरकापुर निवासी पीड़ित मनीष गौड़ ने बताया कि शनिवार की रात वह आग ताप रहा था। मोहल्ले का ही वारिस आकर बोला, उसके साथ चलो। उसने शराब पी रखी थी। विरोध पर वारिस ने चाकू उसके पेट पर मारने लगा, उसने खुद को बचाया तो चेहरे पर वार कर दिया। इससे मनीष लहूलुहान हो गया। वारिस हमला कर भाग गया।

# मड़ियाहू में महिला व्यवसायी से सोने की चेन छीनकर फरार हुए नकाबपोश बदमाश, CCTV में कैद हुई वारदात

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**



जिले के मड़ियाहू कोतवाली क्षेत्र के स्थानीय नगर स्थित भंडरिया टोला में रविवार की सरेशाम बेखौफ बदमाशों ने बड़ी वारदात को अंजाम दिया। किराने की दुकान पर बैठी महिला व्यवसायी के गले से सोने की चेन छीनकर पल्सर सवार नकाबपोश बदमाश फरार हो गए। पूरी घटना दुकान के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार भंडरिया टोला में राज क्लिनिक के बगल स्थित शिवम जायसवाल की किराने की दुकान पर उनकी पत्नी वैशाली जायसवाल बैठी थीं। रविवार शाम करीब 4 बजे शिवम जायसवाल दुकान का सामान लेने बाजार गए थे। इसी दौरान काले रंग की पल्सर बाइक पर सवार दो युवक, जिनके चेहरे ढके थे और हेलमेट लगाए हुए थे, दुकान के बाहर कुछ देर तक खड़े रहे। जब बदमाशों ने देखा कि दुकान पर केवल महिला ही मौजूद है, तो बाइक के पीछे बैठा बदमाश दुकान पर पहुंचा और गुटका मांगने लगा। जैसे ही वैशाली जायसवाल गुटका देने के लिए मुड़ीं, पीछे से बदमाश ने उनके गले में पहनी सोने की चेन झपट ली और दौड़ पड़ा। पीड़िता के शोर मचाने तक बदमाश बाइक पर सवार होकर मछलीशहर की ओर फरार हो गए। बदमाशों के भागने का पूरा दृश्य सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया है। घटना की सूचना पर पीड़िता के पति शिवम जायसवाल की तहरीर पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल शुरू कर दी। दिनदहाड़े सड़क किनारे हुई इस वारदात से नगर के व्यापारियों में भय का माहौल है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार सिंह ने बताया कि प्रथम दृष्टया आशंका है कि घटना में किसी परिचित व्यक्ति की संलिप्तता हो सकती है, हालांकि पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है। उन्होंने कहा कि एक-दो दिन में घटना की हकीकत सामने आ जाएगी। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर बदमाशों की तलाश में जुटी हुई है।

# जेसीआई युवा जौनपुर की LGB का गठन संपन्न

## नई ऊर्जा और सकारात्मकता के साथ संगठन को ऊँचाइयों पर ले जाने का संकल्प

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**



जेसीआई युवा जौनपुर की लोकल गवर्निंग बॉडी (स्नक्क) का गठन आज सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम में सभी सदस्यों की शत-प्रतिशत उपस्थिति ने संगठन की मजबूती और एकजुटता को स्पष्ट रूप से दर्शाया। इस अवसर पर उत्साह, सकारात्मकता और नई ऊर्जा का माहौल देखने को मिला, जो पहले कभी देखने को नहीं मिला।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अध्यक्ष जेसी शिवेंद्र गुप्ता ने कहा कि संगठन में आज जो सकारात्मक सोच, अनुशासन और सक्रिय सहभागिता दिखाई दी है, वह अत्यंत प्रेरणादायक है। उन्होंने विश्वास जताया कि सभी पदाधिकारी अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ करेंगे तथा जेसीआई युवा जौनपुर को एक नए और ऊँचे स्तर तक लेकर जाएंगे। स्नक्क गठन के दौरान संगठन के सभी सदस्यों को उनके-उनके दायित्व सौंपे गए। उपाध्यक्ष पद पर जेसी अभिषेक मौर्य, जेसी अभिषेक बैंकर, जेसी शिखर माहेश्वरी, जेसी स्वतंत्र मौर्य एवं जेसी हर्षित केशरी को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गई। डायरेक्टर पद पर जेसी सूर्यांक साहू, जेसी निखिल श्रीवास्तव, जेसी मोहित साहू, जेसी शैंकी प्रधान एवं जेसी गौतम सेठ को नियुक्त किया गया। वहीं मीडिया इंचार्ज के रूप में जेसी आबिश इमाम सनी,जेसी राहुल प्रजापति,एवं जेसी सर्वेश सिंह को संगठन की मीडिया संबंधी जिम्मेदारियाँ सौंपी गईं। इसके अतिरिक्त संयुक्त सचिव (छ्वश्वद्बठ्ठ स्द्गष्ह्द्गह्लड्डह्न4) पद पर जेसी शुभम साहू को नियुक्त किया गया। इस अवसर पर फाउंडर प्रेसिडेंट जेसी आकाश केसरवानी एवं प्रेज़िडेंट 2025 जेसी अवनीश केसरवानी की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। पूरे कार्यक्रम का सुचारु एवं प्रभावशाली संचालन जेसी श्रेयश जायसवाल (सचिव) द्वारा किया गया, जिसकी सभी सदस्यों ने भूरी-भूरी प्रशंसा की। अध्यक्ष जेसी शिवेंद्र गुप्ता ने कहा कि संगठन की यह नई टीम युवा नेतृत्व, सामाजिक सेवा एवं व्यक्तित्व विकास के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करेगी। सदस्यों में दिखाई दे रहा जोश और समर्पण आने वाले समय में संगठन को नई पहचान दिलाएगा। कार्यक्रम के अंत में सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएँ दी गईं तथा संगठन को और अधिक सशक्त बनाने के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया गया।

# पूर्वांचल विश्वविद्यालय में एबीवीपी अधिवेशन के विरोध में एनएसयूआई का शांतिपूर्ण प्रदर्शन

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**




पूर्वांचल विश्वविद्यालय परिसर में एबीवीपी द्वारा कराए जा रहे तथाकथित अधिवेशन के विरोध में आज शहर ह्रस्ढ्ढ के अध्यक्ष अमन सिन्हा के नेतृत्व में अम्बेडकर तिराहा पर एक शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन किया गया।

इस दौरान ह्रस्ढ्ढ कार्यकर्ताओं ने भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की स्मृति में महात्मा गांधी जी की प्रतिमा के साथ लोकतांत्रिक एवं अहिंसात्मक तरीके से विरोध दर्ज कराया। प्रदर्शन का उद्देश्य विश्वविद्यालय परिसर को किसी भी प्रकार की राजनीतिक अराजकता, वैचारिक दमन और छात्र हितों के विरुद्ध गतिविधियों से बचाना है।

शहर अध्यक्ष अमन सिन्हा ने कहा कि, पूर्वांचल विश्वविद्यालय एक शैक्षणिक संस्थान है, न कि किसी संगठन की राजनीति का मंच। एबीवीपी द्वारा इस तरह के अधिवेशन कराकर छात्रों के शैक्षणिक वातावरण को प्रभावित करने का प्रयास किया जा रहा है, जिसे ह्रस्ढ्ढ कभी स्वीकार नहीं करेगी।

उन्होंने आगे कहा कि ह्रस्ढ्ढ हमेशा गांधी और अंबेडकर के विचारों– अहिंसा, समानता और सामाजिक न्याय के रास्ते पर चलकर छात्र हितों की रक्षा करती रहेगी।

ह्रस्ढ्ढ ने विश्वविद्यालय प्रशासन से मांग की कि ऐसे किसी भी आयोजन की अनुमति न दी जाए जो शैक्षणिक गरिमा और छात्र शांति को प्रभावित करे।

प्रदर्शन पूरी तरह शांतिपूर्ण रहा, जिसमें ह्रस्ढ्ढ के उपाध्यक्ष रोहित पाण्डेय जी महासचिव शुशांत पाण्डेय जी,नितीश बिन्द जी,आदर्श सिंह, यश साहू, अनुज उपाध्याय, नितीश कुमार, अंकित एवं आदि कार्यकर्त्ता एवं छात्र मौजूद रहे।

# जौनपुर में XCN का तांडव! स्मार्ट मीटर की आड़ में जबरन वसूली

## आम शहरी से लेकर विभागीय कर्मचारी तक त्रस्त

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**



जनपद में विद्युत विभाग के XCN पर गंभीर आरोप लगते हुए पूरे शहर में हड़कंप मचा हुआ है। सूत्रों के अनुसार, XCN द्वारा कथित तौर पर स्मार्ट मीटर के नाम पर जबरन वसूली करवाई जा रही है, जिससे आम नागरिकों के साथ-साथ विद्युत विभाग के कर्मचारी भी भारी दबाव और मानसिक उत्पीड़न का सामना कर रहे हैं।

शहरवासियों का आरोप है कि कभी स्मार्ट मीटर लगाने के नाम पर, तो कभी बिजली चोरी के फर्जी मुकदमे की धमकी देकर लोगों से जबरन पैसा वसूला जा रहा है। इतना ही नहीं, जो उपभोक्ता शासन द्वारा तय मानकों के अनुसार पात्र हैं, उन्हें कथित रूप से अपात्र घोषित कर लाभ से वंचित किया जा रहा है।

बताया जा रहा है कि XCN के निर्देश पर यह पूरी प्रक्रिया दबाव, धमकी और भय के माहौल में चलाई जा रही है। हालात ऐसे हैं कि आम शहरी ही नहीं, बल्कि विद्युत विभाग के कई कर्मचारी भी इस कथित तानाशाही रवैये से परेशान बताए जा रहे हैं।

स्थानीय लोगों का कहना है कि यह पूरी कार्यशैली प्रशासनिक अनुशासन नहीं बल्कि खुली गुंडागर्दी का रूप ले चुकी है। शहर में इस प्रकरण को लेकर तीव्र आक्रोश व्याप्त है और लोग उच्चाधिकारियों से निष्पक्ष जांच की मांग कर रहे हैं।

# फार्मासिस्टों की बैठक में अधिकारों के लिये संघर्ष पर जोर

**जन एक्सप्रेस। बस्ती**

अखिल भारतीय फार्मासिस्ट एसोसिएशन द्वारा 2025 वर्ष की विदाई और नए वर्ष के स्वागत अवसर पर फार्मासिस्ट के विभिन्न मुद्दों पर चर्चा, रेड स्टार हॉस्पिटल जिगिना चौराहा के सभागार में जिलाध्यक्ष गिरिजेश सेन की अध्यक्षता में व जिला उपाध्यक्ष सिद्धार्थ सिंह श्रीनेत व अश्वनी कुमार चौधरी के संयोजन में संपन्न हुआ।

मुख्य अतिथि प्रदेश सचिव विजय पाण्डेय, प्रदेश सचिव (आईटी) अभिषेक उपाध्याय, मंडल अध्यक्ष प्रमेन्द्र कुमार के साथ पूरे जनपद के पदाधिकारी व फार्मासिस्टों ने समस्या, योगदान और भविष्य की रूप रेखा पर विमर्श किया।

विजय पाण्डेय ने सांगठनिक विस्तार पर जोर देते हुये कहा संगठन लगातार फार्मसिस्ट हित में लड़ाई लड़ रहा है, उम्मीद है 2026 में फार्मासिस्ट की वैकंसी आएगी।

जिलाध्यक्ष गिरिजेश सेन ने मेडिकल स्टोर चलाने हेतु ड्रग एंड कॉस्मेटिक एक्ट के अनुसार जो भी नियम हैं उसकी विस्तृत जानकारी दिया।

प्रदेश सचिव आईटी अभिषेक उपाध्याय, मंडल अध्यक्ष प्रमेन्द्र गौतम, मंडल उपाध्यक्ष परमात्मा प्रसाद, महासचिव वैभव श्रीवास्तव, जिला अध्यक्ष आईटी फारूक अब्दुल्लाह, जिला उपाध्यक्ष कृष्ण मोहन यादव, सिद्धार्थ सिंह श्रीनेत, जिला सचिव विक्रम शर्मा, जिला मीडिया प्रभारी धर्मनाथ, अश्वनी कुमार चौधरी अदि ने भी अपने विचार व्यक्त किये जिसमे फार्मासिस्ट हित के बारे में रोजगार के सृजन की बारे में संगठन विस्तार के बारे में और कहा की संगठन फार्मासिस्ट के अधिकारों के लिए हमेशा प्रतिबद्ध है। संगोष्ठी में जिलाध्यक्ष द्वारा इस वर्ष में हुए कार्यों की समीक्षा हुई और आगामी नव वर्ष में संगठन को और मजबूत करने और नए तरीके से कार्य करने का का प्रण भी लिया, कार्यक्रम का समापन लिट्टी चोखा के सहभोज के साथ संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से कोषाध्यक्ष अजय चौधरी, श्याम मोहन, उशांक, अखिलेश गुप्ता, सत्येंद्र सेन, अब्दुल रसीद, रामपाल शर्मा, पवन रौनियार, सिराज अहमद, रोहित गुप्ता, तनवीर आलम, विजय कुमार, इंद्रजीत के साथ जिले के अनेकों फार्मासिस्ट उपस्थित रहे।

# भाजपा ने किया अटल स्मृति सम्मेलन का आयोजन

- अटल जी के सपने को साकार कर रही भाजपा सरकार- त्र्यम्बक त्रिपाठी

**जन एक्सप्रेस। बस्ती**



**हरैया।** भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म शताब्दी समारोह के अंतर्गत भारतीय जनता पार्टी द्वारा सोमवार को हरैया ब्लॉक सभागार में अटल स्मृति सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन के मुख्य अतिथि भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष त्र्यम्बक त्रिपाठी ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी के सपनों के विकसित भारत की नींव आज भाजपा सरकार विकसित भारत के लक्ष्य के रूप में आगे बढ़ा रही हैं, जिसमें आर्थिक विकास, डिजिटल कनेक्टिविटी और सुशासन पर जोर दिया जा रहा है, ताकि भारत एक सशक्त और आत्मनिर्भर राष्ट्र बन सके।अटल जी युग पुरुष थे, उनके अन्दर सामंजस्य की असीम क्षमता थी। आर्थिक विकास, ढांचागत विकास, सुरक्षा, शिक्षा एवं गरीबी दूर करने के लिए उनके प्रयास सराहनीय है। 24 दलों से बनी उनकी सरकार बेहतर संतुलन एवं समन्वय का अतुलनीय उदाहरण थी। बहुदलीय सरकार होने के बाद भी उन्होंने प्रधानमंत्री पद की गरिमा एवं संवैधानिक संस्थाओं की मर्यादाओं को उन्नत करने का कार्य किया। विशिष्ट अतिथि पूर्व जिलाध्यक्ष नरेन्द्र मणि त्रिपाठी ने कहा कि अटल जी ने जो विचार दिए थे उसकी पूर्णता हो रही है। अटल जी का व्यक्तित्व विचार और संवेदना का दुर्लभ संगम था। वे दृढ़ राष्ट्रवादी थे, किंतु संवाद और सहमति के पक्षधर भी। सत्ता में रहते हुए भी उनकी भाषा में मर्यादा और व्यवहार में विनम्रता रही। 2027 में पार्टी की प्रचण्ड जीत अटल जी को सच्ची श्रद्धांजलि होगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं को बूथ मजबूत करने का मंत्र दिया। स्थानीय विधायक अजय सिंह ने कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में भाजपा सरकार अटल जी के विचारों को धरातल पर उतार रही है। कहा कि अटल जी की जन्म शताब्दी केवल पुण्य स्मरण का प्रसंग नहीं, बल्कि उनके विराट व्यक्तित्व, उच्च आदर्शों और दूरदर्शी नेतृत्व से प्रेरणा प्राप्त करने की आवश्यकता है। संचालन विनय सिंह भारद्वाज ने किया। इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक प्रत्यूष विक्रम सिंह, वीरेन्द्र गौतम, योगेन्द्र सिंह, श्रीश पाण्डेय, ध्रुव नारायन सिंह, राजेन्द्र गुप्ता, चंद्रमणि पांडेय सुदामा, शिव प्रसाद सिंह, राम सिंगार ओझा, गीता गुप्ता, किरन सिंह, धर्मध्वज सिंह, शक्ति दीप पाठक, विमलेन्द्र सिंह, परशुराम सिंह मुन्ना, सुरेंद्र सिंह, प्रदीप सिंह, राम स्वारथ सिंह, घनश्याम सिंह, महेन्द्र सिंह, शैलेन्द्र सिंह, तेज प्रताप बहादुर, वेद प्रकाश तिवारी, राम निहोर चौधरी, बलवंत चौधरी, राधिका यादव, श्रवण तिवारी, श्रवण यादव, शिव चरण जायसवाल आदि उपस्थित रहे।

# जनसेवा केंद्र संचालक की हत्या का खुलासा, दो गिरफ्तार



- चुनावी रंजिश में ईंट से की गई थी हत्या, 48 घंटे में पुलिस ने सुलझाया मामला

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**

थाना खुटहन क्षेत्र के ग्राम पनौली में 26 दिसंबर को हुई जनसेवा केंद्र संचालक की हत्या का पुलिस ने सफल अनावरण कर लिया है। इस सनसनीखेज मामले में पुलिस ने दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर हत्या में प्रयुक्त ईंट, मृतक का मोबाइल फोन, दुकान की चाबी तथा घटना में इस्तेमाल मोटरसाइकिल बरामद की है।

### घटना का संक्षिप्त विवरण

ग्राम पनौली निवासी फूलचन्द उर्फ सेवाराम पासवान (60) रोज की तरह 26 दिसंबर 2025 की सुबह लगभग 9-45 बजे अपने ग्राहक सेवा केंद्र पहुंचे थे। कुछ ही देर बाद दुकान का शटर गिरा हुआ मिला। अंदर जाकर देखने पर वह कुर्सी पर पड़े कराह रहे थे, सिर से खून बह रहा था। सिर पर किसी भारी वस्तु से वार किया गया था। अस्पताल ले जाते समय रास्ते में उनकी मृत्यु हो गई।

इस संबंध में थाना खुटहन पर मुकदमा संख्या 382/25, धारा 103(1) बीएनएस के तहत पंजीकृत किया गया।

### मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तारी

पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर वनुआडीह तिराहे से अभियुक्त राजेश यादव व अंकित गुप्ता को हिरासत में लिया। पूछताछ के दौरान दोनों ने हत्या की घटना स्वीकार की।

### पूछताछ में हुआ बड़ा खुलासा

अभियुक्तों ने बताया कि ग्राम प्रधान चुनाव को लेकर मृतक से पुरानी राजनीतिक रंजिश थी। इसी रंजिश के चलते 26 दिसंबर की सुबह दोनों जनसेवा केंद्र पहुंचे।

बातचीत के दौरान विवाद बढ़ गया, जिसके बाद ईंट से सिर पर कई वार कर हत्या कर दी गई। घटना के बाद दोनों शटर बंद कर मोटरसाइकिल से फरार हो गए।

### बरामदगी

हत्या में प्रयुक्त ईंट का टुकड़ा
मृतक का स्क्रीन टच मोबाइल फोन व सिम दुकान की दो चाबियां
मोटरसाइकिल संख्या क्क62 रू 1397 (बजाज डिस्कवर, काले रंग की)

### गिरफ्तार अभियुक्त

राजेश यादव पुत्र स्व. पारस यादव, उम्र लगभग 59 वर्ष
अंकित गुप्ता पुत्र संतोष गुप्ता, उम्र 18 वर्ष निवासी ग्राम पनौली, थाना खुटहन, जनपद जौनपुर

### पुलिस टीम

थानाध्यक्ष रामाश्रय राय के नेतृत्व में व0उ0नि0 अजय कुमार शर्मा सहित पुलिस टीम ने कार्रवाई को अंजाम दिया

# अपहृत किशोरी को लेकर सनसनी

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**



जनपद के रामपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पचवल, भाटी रामपुर, सैयदपुर निवासी एक व्यक्ति ने अपनी नाबालिग पुत्री के अपहरण और जान से मारने की धमकी दिए जाने का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़ित के अनुसार दिनांक 26 दिसंबर 2018 की शाम करीब 7 बजे, उसकी पुत्री शौच के लिए घर से बाहर गई थी, तभी अज्ञात लोगों ने उसे बहला-फुसलाकर अपहरण कर लिया। घटना की सूचना तत्काल स्थानीय थाना रामपुर में दी गई, जहां इस संबंध में स्नढ्ढक्र संख्या 227/2025 दर्ज की गई। इसके बावजूद पीड़ित परिवार को लगातार धमकी भरे फोन कॉल किए जा रहे हैं। आरोप है कि कॉल करने वाले अज्ञात व्यक्ति द्वारा बच्ची को वापस करने के बदले फिरौती की मांग की जा रही है। पीड़ित पिता का कहना है कि कॉल करने वाला बार-बार धमकी दे रहा है कि मांग पूरी न होने पर बच्ची को बेच दिया जाएगा या उसकी हत्या कर दी जाएगी। इस कारण पूरा परिवार भय और मानसिक तनाव में है। पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक जौनपुर से मामले की गंभीरता को देखते हुए त्वरित कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने अज्ञात आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी, कॉल की जांच तथा अपहृत किशोरी को सकुशल बरामद करने की अपील की है। परिवार ने आशंका जताई है कि यदि समय रहते ठोस कार्रवाई नहीं की गई तो किसी बड़ी अनहोनी से इनकार नहीं किया जा सकता। घटना को लेकर क्षेत्र में दहशत का माहौल है।

# जौनपुर कोडीन कफ सिरफ मामला दैनिक समाचार पत्र में खबर छापे जाने को लेकर शाहगंज के पूर्व विधायक ने समाचार पत्र को भेजा लीगल नोटिस...दी सफाई

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**



शाहगंज के समाजवादी पार्टी के पूर्व विधायक/मंत्री शैलेन्द्र यादव ललई ने आज एक प्रेसवार्ता कर दैनिक समाचार पत्र के वाराणसी से लेकर दिल्ली के संपादकों को वैधानिक नोटिस भेजा है और कहा है कि यह खबर किस आधार पर प्रकाशित की गई है। पूर्व विधायक विधायक का नाम नहीं लिखा है। इससे आम जनमानस हमारे ऊपर शक कर रहा है। मुझसे पहले पार्टी के ही एक विधायक और है लेकिन किसी का नाम नहीं छपा है। इसलिए बिना तथ्य के खबर प्रकाशित की गई है।

ईडी की नोटिस हमें नहीं मिली है। समाचार पत्र को कैसे जानकारी मिली कि ईडी नोटिस जारी करने वाली है। ईडी हमारे बैंक खाते की एक साल की नहीं 10 साल की जांच कर ले। हमारे पूरे परिवार के बैंक खाते की 10 साल तक की जांच कर ले। हमारा कोडीन से लेना देना नहीं है। सपा विधायक से जब पूछा गया कि कोडीन कफ सिरफ मामले पर आप एक बार भी नहीं बोले तो कहा कि हमारी पार्टी के सांसद विधायक प्रवक्ता गण लोकसभा विधानसभा में व मीडिया में पूरे रैकेट की निष्पक्ष जांच की मांग कर रहे है। और मीडिया के माध्यम से हम भी जांच की मांग कर रहे है। पूर्व विधायक ने कहा कि समाचार पत्र नाम को सार्वजनिक करे। नहीं तो खबर का खंडन करे। और अपने पत्र के माध्यम से सार्वजनिक रूप से माफी मागे।




### घुड़दौड़ और बंजर भूमि से हटाया गया अतिक्रमण

**जन एक्सप्रेस। मिर्जापुर। चुनार।** तहसील क्षेत्र के रैपुरिया गांव अंतर्गत जलालपुर मार्ग पर स्थित घुड़दौड़ और बंजर भूमि पर किए गए अतिक्रमण को शनिवार को राजस्व टीम ने पैमाइश कर अतिक्रमण मुक्त कराया। इस संबंध में ऐबकपुर गांव के कई ग्रामीणों ने छह सितंबर 2025 को मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर शिकायत की थी। ग्रामीणों का आरोप था कि चंदौली निवासी ने सरकारी घुड़दौड़ व बंजर भूमि को अपनी भूमि में मिला लिया।

# हादसों को दावत देती नगर पालिका परिषद लखीमपुर की सड़कें

## शास्त्री नगर मुक्ति धाम रोड पर नहीं मर्करी लाइट की व्यवस्था कही लाइट पर लाइट ही लाइट रोशनी ही रोशनी कही अंधेरा ही अंधेरा

जन एक्सप्रेस। सुनहरा





**लखीमपुर खीरी।** नगर पालिका परिषद लखीमपुर की खासियत यह है कही भी कभी भी रोड धंस जाए फट जाए कोई गारंटी नहीं बहुत सोच समझकर चलने वाला है।कहीं शहपुरा कोठी चौराहा तो कहीं विलोबी मेमोरियल हॉल के पास स्थित चौराहे पर तो कभी मुक्ति धाम चौराहे के पास रोड फट जाना धस जाना आम बात हो गई है।सबसे ज्यादा खतरनाक स्थिति रेलवे स्टेशन के पास ओवर ब्रिज की जहां से चढ़ाई की शुरुआत होती है।जिसके एक तरफ एक तरफ रेलवे स्टेशन की रोड दूसरी तरफ रानीगंज मार्ग रोड के किनारे नाला है उक्त नाले में पत्थर पड़े हुए हैं जो जगह जगह टूट चुके हैं। जरा सी लापरवाही हुई पैर नाले के अंदर इतनी खतरनाक स्थिति और सोने पर सुहागा जहां दिन भर भारी भीड़ भड़कम रहती है यह स्थिति आज की नहीं सालों से बनी हुई है लेकिन नगर पालिका परिषद अध्यक्ष और न अधिशासी अधिकारी का इस ओर ध्यान जाता है। इससे बत्तर स्थिति मिश्राना चौकी चौराहे की है जहां अंग्रेज़ी काल में बना नाला उक्त चौराहे के अंदर से निकलता है जो कई बार धंस चुका है। उक्त धंसे चौराहे को नगर पालिका परिषद द्वारा किस्तों में नाला टूटा चौराहा बनवा दिया जाता है जिस कारण मिश्राना चौराहा काफी उबड़-खाबड़ हो गया और भारी भीड़ भड़कम इस चौराहे पर रहती जिसकी वजह मिश्राना चौकी चौराहा छः सड़कों से मिला हुआ है यानि की इस चौराहे का नाम चौराहा है पर सच्चाई यह है यह छहरहा है और जहां पर भगवानदीन आर्य कन्या महाविद्यालय आर्यकन्या इंटर कालेज कुंवर खुशवक्त राय विद्यालय और सनातन विद्यालय और कुछ दूरी पर राजकीय इंटर कालेज है। जब इन



स्कूलों में छुट्टी होती है तो छात्र छात्राओं को इसी उबड़-खाबड़ चौराहे से गुजरना पड़ता है और इमली चौराहे से मुक्ति धाम रोड पर नगर पालिका परिषद द्वारा बनाई गई पुलिया जिसके दोनों तरफ बहुत दोनों तरफ आइड साईड घटिया निर्माण द्वारा इंटर लाइकिंग लागाई गई एक सप्ताह में ही उखड़ गयी और इस रोड पर नगर पालिका परिषद के अंतर्गत शास्त्री नगर नगरपालिका क्षेत्र की इस रोड पर कहीं लाइट की व्यवस्था नहीं रात को राहगीरो को काफी दुश्वारियों का सामना करना पड़ता लेकिन नगर पालिका परिषद द्वारा शहरवासियों की अहम् जरूरत को नहीं समझ रही बात अलाव की उसमें भी नगर पालिका पूरी तरह से फेल है रेलवे स्टेशन के दूसरे गेट पेट्रोल टंकी के सामने अलाव नहीं जल रहा ठंड से पीड़ित लोगों को काफी दुश्वारियों का सामना करना पड़ रहा है। लेकिन पूरी तरह से भ्रष्टाचार में लिप्त नगर पालिका परिषद द्वारा कही रोशनी तो इतनी ज्यादा लाइट ही लाइट दिखती तो कहीं ऐसा प्रतीत होता नगर पालिका क्षेत्र से बाहर लाइट नहीं रोडो पर कुल मिलाकर नगर पालिका परिषद लखीमपुर विकास की दुहाई देकर जनता को मूर्ख बना रही।

# कब्र से निकाला गया किशोरी का शव और दूसरे दिन हुआ पोस्टमार्टम

## परिजनों ने लगाया गैंगरेप के बाद हत्या का आरोप

- पूरा मामला संदिग्ध कही बहुत बड़े मामले को दबाने की कोशिश तो नहीं

जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी



कोतवाली सदर क्षेत्र के अंतर्गत एक किशोरी के साथ रेप और हत्या का सनसनीखेज मामले में हड़कंप मच गया इतना संगीन मामला हत्या गैंगरेप जैसे आरोप परिजनों द्वारा लगाया गया। शनिवार को जिला अधिकारी के आदेश पर शव क्रब से निकाला गया लेकिन पोस्टमार्टम उसके अगले दिन किया गया मामला संदिग्ध कही महेवागंज चौकी की संलिप्तता तो नहीं क्योंकि उक्त मामले में एक फौजी का नाम भी सुर्खियां बटोर रहा था। बाद में मामला शांत हो गया कही ग़रीब पिता की चीख पावर धन बल के शोर में दब तो नहीं गयी बताते चलें शनिवार को शव कब्र से निकाला गया रविवार को शव का पोस्टमॉर्टम कराया गया। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में मौत का स्पष्ट कारण सामने नहीं आया है, जिसके बाद बिसरा सुरक्षित रख लिया गया है। पुलिस ने यह कार्रवाई जिलाधिकारी की संस्तुति के बाद की, जिसमें 20 दिन बाद कब्र से शव को बाहर निकाला गया था। मृतक किशोरी के परिजनों ने पुलिस को तहरीर दी थी। इसमें पिता ने आरोप लगाया कि बीते 5 दिसंबर को गांव के ही तीन युवकों ने उनकी बेटी का अपहरण कर लिया था। आरोप है कि युवकों ने किशोरी को घर से लगभग 400 मीटर दूर स्थित एक मकान में ले जाकर उसके साथ सामूहिक बलात्कार किया। पीड़िता ने किसी तरह घटना की जानकारी अपने पिता को दी। पिता अपने भतीजे के साथ मौके पर पहुंचे,जहां उनकी बेटी बेसुध हालत में मिली। गंभीर अवस्था में किशोरी को घर लाया गया, लेकिन घटना के दो दिन बाद ही उसकी मौत हो गई। परिजनों का यह भी आरोप है कि किशोरी की मौत के बाद आरोपियों ने दबाव बनाकर शव को जबरन दफना दिया था। दबंगों के चंगुल से निकलने के बाद पीड़िता के पिता ने पुलिस को पूरे मामले की सूचना दी। इसके बाद पुलिस ने शव को कब्र से निकलवाकर पोस्टमॉर्टम कराया। पोस्टमॉर्टम प्रक्रिया की वीडियोग्राफी भी कराई गई और चिकित्सकों के पैनल ने जांच की। लेकिन जो भी हुआ मामला रहस्यमय लग रहा है। बहुत बड़ा खेल हुआ है जन चर्चा है अगर मामले की निष्पक्ष जांच हो जाएं तो कई चेहरे बेनकाब होंगे और महेवागंज पुलिस की संलिप्तता सामने आएगी जहां अवैध कटान में महेवागंज उप निरीक्षक को हटाया गया दूसरे आए उप निरीक्षक क्षेत्र को समझ भी नहीं पाए अवैध खनन की गाज गिर गई अब मौजूदा चौकी प्रभारी की कार्यशैली भी पुलिस की छवि धुमिल कर रही देखते हैं छोटा सा बना दिया गया इतना बड़ा गंभीर प्रकरण में पुलिस अधीक्षक खीरी क्या एक्शन लेते हैं यह भविष्य के गर्भ में है। तीन आरोपियों में दो की गिरफ्तारी तीसरा पुलिस की गिरफ्त से दूर यह तीसरा कौन है कही इस तीसरे को बचाने के लिए कोई और निर्दोष इस तीसरे के रूप में जेल जाये कुछ कहा नहीं जा सकता।

## एक्सप्रेस खबरें...

### गाली गलौज का विरोध करने पर पीटा दो के खिलाफ केस दर्ज

**जन एक्सप्रेस। मोहम्मदी खीरी।** क्षेत्र के गांव झखरा में आपसी विवाद को लेकर दो गुटों में कहा सुनी हो गई जिसके चलते युवक को सरे राह डंडे से पिटाई करने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने लगा पुलिस ने पिता पुत्र के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है जबकि दूसरे पक्ष की रिपोर्ट दर्ज नहीं हो सकी है। गांव झखरा निवासी नन्हे ने बताया रविवार की शाम मकान के पास शराब पीकर गली गलौज का विरोध कर शिकायत करने पर भंडारी और उसके पुत्र कुनकू ने घेरकर डंडों से सारे राह पिटाई करने का किसी ने वीडियो बनाकर वायरल कर दिया था पुलिस ने सोमवार को जख्मी का मेडिकल कराकर आरोपीयों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। जबकि राजनीतिक रसूख न होने के चलते दूसरे पक्ष के जगन्नाथ की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज नहीं किया है। मामले की विवेचना एस आई हिमांशु आनंद सिंह को सौंपी गई है।

### यूडीसीए की छात्राएं बनी स्वर्ण पदक विजेता

**जन एक्सप्रेस। मोहम्मदी खीरी।** यूडीसीए की छात्राओं ने आगरा में आयोजित होने वाली दो दिवसीय ओपन राज्य ताइक्वांडो चैंपियन शिप में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए गोल्ड और रजत पदक पर कब्जा कर जिला और विद्यालय का नाम रोशन किया है। यूडीसीए में ताइक्वांडो के कोच अदीप सिंह राणा ने बताया आगरा में 27 दिसंबर से 29 दिसंबर तक आयोजित होने वाली ताइक्वांडो प्रतियोगिता में विद्यालय की आरोही सिंह और नवदीप कौर ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक पर और साक्षी शर्मा ने रजत पदक जीतकर जिला और विद्यालय का नाम रोशन किया है। प्रधानाचार्या पुष्पा गुप्ता ने बच्चों को संबोधित करते हुए विद्यालय का स्वर्णिम अध्याय बताया है। प्रबंध निदेशक सनी गुप्ता ने बच्चों का उत्साह वर्धन करते हुए कहा जीत की भूख कभी काम नहीं होनी चाहिए लक्ष्य चाहे जितना बड़ा हो सफलता निश्चित है। प्रबंधक अनिल गुप्ता ने पदक जीतने वाले बच्चों के अभिभावकों का आभार जताया है।

### पत्नी के साथ मारपीट करने वाले को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस। गोला गोकर्णनाथ खीरी।** थानाध्यक्ष थाना हैदराबाद सुनील मलिक के नेतृत्व में थाना हैदराबाद पुलिस टीम द्वारा सोमवार को अपनी पत्नी के साथ कहा सुनी करने वाले अभियुक्त प्रेमचन्द पुत्र रामेश्वर उम्र करीब 42 वर्ष निवासी ग्राम मुरादपुर थाना हैदराबाद जिला खीरी को अन्तर्गत धारा 170/126/135 बी0एन0एस0एस0 में गिरफ्तार कर वास्ते विधिक कार्यवाही हेतु मा0 न्यायालय गोला के समक्ष भेजा गया ।गिरफ्तारी करने वाली टीम मे उप निरीक्षक अशोक कुमार सिंह आरक्षी रवि कुमार थाना हैदराबाद जनपद खीरी मुख्य रूप से सामिल रहे।

### आगामी नववर्ष के तहत पुलिस क्षेत्राधिकारी ने की पैदल गस्त

**जन एक्सप्रेस। गोला गोकर्णनाथ खीरी।** नववर्ष की सुरक्षा के दृष्टिगत सी ओ गोला रमेश कुमार तिवारी ने प्रभारी निरीक्षक गोला अंबर सिंह एवं भारी पुलिस बल के साथ बड़ा चौराहा, पुराना बाईपास, विकास चौराहा एवं शिवम चौराहा, लखीमपुर रोड, सीएचसी रोड तथा होटल व रेस्टोरेंट आदि मे जाकर सीसीटीवी आदि को चेक किया है ।गश्त के दौरान सी ओ रमेश कुमार तिवारी मय फोर्स गोला नगर की सभी प्रमुख मार्गो पर पैदल गस्त कर आम जन मानस को सुरक्षा के प्रति आश्वस्त किया है। इसके साथ ही पुलिस क्षेत्राधिकारी रमेश कुमार तिवारी ने बताया की आगामी दिनो मे नववर्ष के जश्न को लेकर भी सजकता बर्ती जा रही है।

### मौसम बदलने के साथ बढ़ने लगे मरीज

**जन एक्सप्रेस। बाराबंकी।** मौसम में बदलाव होने के साथ ही सरकारी अस्पतालों में मरीजों की संख्या भी बढ़ने लगी है सोमवार को तहसील रामसनेहीघाट मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामसनेहीघाट में दोपहर करीब 12 बजे तक डेढ़ सौ से भी अधिक मरीज ने पहुंच कर अपना पंजीकरण करा कर डॉक्टर से इलाज करवाया, इस दौरान दर्जनों की संख्या में पुराने मरीज भी अस्पताल पहुंचे। बाराबंकी के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामसनेहीघाट में सोमवार को मरीजों की संख्या में इजाफा देखा गया मौसम में बदलाव होने के कारण सर्दी जुकाम से पीड़ित मरीज अस्पताल पहुंचे अस्पताल में महिला मरीजों की संख्या अधिक रही। केंद्र अधीक्षक डॉक्टर रमेश चंद्र, डॉ रईस खान, डॉक्टर नगमा सहित अन्य डॉक्टर अपने-अपने कक्षों में मरीज का इलाज करते नजर आए, जहां डॉक्टर नगमा के पास महिला मरीजों की लाइन लगी रही वही डॉक्टर रईस खान व अधीक्षक रमेश चंद्र के पास मरीज इलाज करने के लिए अपने नंबर का इंतजार करते रहे डॉक्टर रईस खान के मुताबिक अस्पताल में आने वाले मरीजों की संख्या में सर्दी जुखाम बुखार के मरीजों की संख्या अधिक रही। केंद्र अधीक्षक डॉक्टर रमेश चंद्र के मुताबिक अस्पताल आने वाले मरीजों को समुचित इलाज के साथ ही मौसम में बदलाव के कारण होने वाली बीमारियों से बचाव के बारे में भी सलाह दी जा रही है उन्होंने कहा कि अस्पताल में सभी प्रकार की दवाइयां लगभग मौजूद हैं बाहर से दवाइयां लिखने पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगाया गया है उसके बाद भी अगर डॉक्टर बाहर के दवाई लिखता है तो संबंधित के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

### अभियान चलाकर पकड़े आवारा गौवंश

**जन एक्सप्रेस। बाराबंकी।** मरकामऊ ग्राम पंचायत में आवारा पशुओं को पकड़ने का अभियान चलाया गया। इस दौरान आधा दर्जन से अधिक छुट्टा जानवरों को पकड़कर गौशाला भेजा गया। ये आवारा पशु किसानों की गेहूं की फसल को लगातार नुकसान पहुंचा रहे थे। खंड विकास अधिकारी सिरौली गौसपुर, संजीव कुमार गुप्ता ने सभी पंचायत सचिवों और ग्राम प्रधानों को गांव में घूम रहे आवारा पशुओं को पकड़वाकर गौशाला भेजने के निर्देश दिए थे। इन्हीं निर्देशों के क्रम में पंचायत सचिव वीरेंद्र तिवारी अपनी टीम के साथ मरकामऊ गांव पहुंचे। इस अभियान में पशु विभाग की टीम भी मौजूद रही। टीम ने मिलकर आधा दर्जन से अधिक आवारा पशुओं को पकड़ा और पिकअप वाहन में लादकर गौशाला भिजवाया ।इस मौके पर मनोज कुमार कन्नौजिया, संतोष कुमार, बाल गोविंद, राजेश और रामनरेश सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# विरोध प्रदर्शन के दौरान बिजली आउटसोर्स कर्मचारियों द्वारा 29 नवम्बर 2025 के समझौते पत्र का दहन किया गया

जन एक्सप्रेस। गोला गोकर्णनाथ खीरी



उत्तर प्रदेश पावर कार्पोरेशन प्रबंधन द्वारा अपने स्वयं के आदेश दिनांक 15-5-2017 का उल्लंघन कर 33/11 के वी विद्युत उपकेन्द्रो के परिचालन व अनुरक्षण कार्य में तैनात लगभग 15000 बिजली आउटसोर्स कर्मचारियों की छटनी करने, छटनी के उपरान्त मानक निर्धारित करने हेतु मानक समिति का गठन करने,अपने स्वयं के आदेश दिनांक 18-9-2025 का पालन करते हुए कार्य के अनुरूप अनुबंध न करने, वेतन रुपया 18000 निर्धारित न करने, मार्च 2023 में हटाए गए कर्मचारियों को कार्य पर वापस न लेने, घायल कर्मचारियों का कैशलेस इलाज न कराने एवं घायल कर्मचारियों द्वारा उपचार में व्यय की गई धनराशि को संविदाकारों के बिल से काटकर भुगतान न करने, 55 वर्ष का हवाला देकर अनुभवी कर्मचारियों को कार्य से हटाने,वर्टिकल व्यवस्था लागू करने, जांच अधिकारियों द्वारा दी गई जांच रिपोर्ट के आधार पर भ्रष्ट ठेकेदारों के खिलाफ कार्रवाई न करने, मीटर रीडरों को न्यूनतम वेतन के हिसाब से वेतन का भुगतान न करने तथा स्मार्ट मीटर लगने की स्थिति में मीटर रीडरों को कार्य से हटाने के खिलाफ संगठन द्वारा 26 नवंबर 2025 को शक्ति भवन लखनऊ पर शान्ति पूर्वक विरोध प्रदर्शन किया गया।विरोध प्रदर्शन के दौरान निदेशक (कार्मिक प्रबंधन एवं प्रशासन) शक्ति भवन लखनऊ कि अध्यक्षता में पावर कार्पोरेशन प्रबंधन व संगठन पदाधिकारियों के बीच बैठक वार्ता सम्पन्न हुई जिसमे सहमति बनी थी कि पावर कॉरपोरेशन के आदेश दिनांक 15-5-2025 का उलंघन कर किसी भी कर्मचारी को कार्य से नहीं हटाया जाएगा, 55 वर्ष का हवाला देकर हटाए गए कर्मचारियों को रिक्त स्थानों पर तैनात किया जाएगा, वर्टिकल व्यवस्था लागू होने पर किसी भी कर्मचारी को कार्य से नहीं हटाया जाएगा, उर्जा मंत्री के निर्देश पर पावर कार्पोरेशन प्रबन्धन द्वारा दिनांक 18-9-2025 को किए गए आदेश का पालन करते हुए मार्च 2023 में हटाए गए कर्मचारियों को कार्य पर वापस लिया जाएगा, घायल कर्मचारियों द्वारा उपचार में व्यय किए गए धनराशि कि जांच कराकर संविदाकारों के बिल से काट कर भुगतान किया जाएगा, मीटर रीडिंग का कार्य कर रहे कर्मचारियों को न्यूनतम वेतन से कम वेतन देने कि जांच कराई जाएगी। किन्तु दिनांक 29 नवम्बर 2025 को पावर कार्पोरेशन प्रबन्धन द्वारा जारी किया गया कार्यवृत्त (Minutes of meeting) दिनांक 26 नवम्बर 2025 को बैठक वार्ता में बनी सहमति के अनुरूप न होने के कारण संगठन द्वारा आज दिनांक 20 दिसम्बर 2025 को प्रदेश के भिन्न-भिन्न जनपदों में विरोध प्रदर्शन किया गया तथा विरोध प्रदर्शन के दौरान पावर कार्पोरेशन प्रबन्धन द्वारा दिनांक 29 नवम्बर 2025 को जारी किए गए कार्यवृत्त कि प्रति का दहन किया गया।

लखीमपुर जनपद के गोला गोकर्णनाथ में आज दिनांक 29 दिसंबर 2025 को शाम 4:00 बजे सभी संविदा कर्मचारियों द्वारा अधीक्षण अभियंता कार्यालय गोला पर पहुंचकर विरोध प्रदर्शन किया गया और पावर कॉरपोरेशन प्रबन्धन द्वारा दिनांक 29 नवम्बर 2025 को जारी कार्यवृत्त कि प्रति का दहन किया गया। इस मौके पर सर्किल अध्यक्ष अतुल खरे जी ,डिविजन अध्यक्ष विकास कटियार महामंत्री अब्दुल लाइक उपाध्यक्ष बोबी सिंह मोनू गिरी कालीमबेग जगतपाल शर्मा मीडिया प्रभारी एवं भारी संख्या में संविदा कर्मचारी उपस्थित रहे।

# घर में लगी आग, मां-बेटी झुलसी एक गौवंश भी घायल

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी



कोतवाली रामसनेहीघाट अन्तर्गत सोमवार दोपहर एक घर में संदिग्ध अवस्था में आग लग गयी। आग की चपेट में एक महिला और उसकी 14 वर्षीय पुत्री गम्भीर रुप से झुलस गयी। इतना ही नही एक गौवंश भी आग की चपेट में आ गया। इस घटना में घर की सारी गृहस्थी जलकर खाक हो गयी। गम्भीर रुप से झुलसी मां-बेटी को इलाज के लिए सीएचसी रामसनेहीघाट में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार, सोमवार दोपहर कोतवाली रामसनेहीघाट के ग्राम इब्राहिमाबाद निवासी रामनरेश की फूस की झोपड़ी में संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग गयी। आग ने विकराल रुप धारण कर लिया। आग की चपेट में रामनरेश की मां और उसकी 14 वर्षीय पुत्री गम्भीर रुप से झुलस गयी। जबकि उसी झोपड़ी में बंधा एक गौवंश भी आग की चपेट में आ गया। स्थानीय लोगो ने तत्काल कड़ी मेहनत के बाद आग पर काबू पाया, इस हादसे में चांदनी, उसकी मां व एक पशु झुलस गया, हादसे की की सूचना डायल 112 पुलिस को दी गई, मामले में गंभीर रूप से घायल चांदनी को सीएचसी रामसनेहीघाट में भर्ती कराया गया था जहां पर उसकी इलाज किया जा रहा है। घायल चांदनी के भाई रंजीत कुमार के के अनुसार गत शनिवार को उनके घर के निकट रखे खुश के बंगले में विद्युत ट्रांसफार्मर से दी जाने वाली सप्लाई के लिए लगाई गई केवल में 60 सर्किट होने से आग लग गई इस हादसे में उसकी बहन मां तथा एक पशु सहित अन्य सामान भी जला हादसे में उसकी मां मामूली रूप से झुलसी लेकिन बहन गंभीर हालत में होने के कारण उसे कल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जहां से इलाज किया जा रहा है रंजीत ने बताया कि घटना के समय डायल 112 पुलिस बुलाई गई थी तथा उप जिलाधिकारी को एक प्रार्थना पत्र देकर घायल का इलाज हुआ नुकसान का मुआवजा दिलाने का अनुरोध किया जाएगा।

### आयोजित हुआ ग्राहक जागरण कार्यक्रम पदाधिकारियों ने दी जानकारी

**जन एक्सप्रेस। बाराबंकी।** सोमवार को कलेक्ट्रेट परिसर में ग्राहक जागरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बोलते हुए प्रांतीय संगठन मंत्री डॉ आर.पी. सिंह विसेन ने बताया कि ग्राहक पंचायत के सतत एवं अथक प्रयासों से उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, स्वर्ण आभूषणों पर हाल मार्किंग, राष्ट्रीयकृत बैंकों में जमा धनराशि का बीमा एक लाख से बढ़ाकर 5 लाख तथा प्रॉपर्टी सेक्टर में रेरा कानून एवं हाल ही में भारत सरकार द्वारा ऑनलाइन गेम्स पर लगाए गए प्रतिबंध आदि संभव हुए हैं। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिला अध्यक्ष राघवेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि वर्ष 1974 में अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत की स्थापना से पूर्व ग्राहकों के हितों की बात करने वाला कोई व्यापक संगठन इस देश में नहीं था। आज जरूरत है देश के ग्राहकों को उनके अधिकारों एवं उनके कर्तव्यों के बारे में जागरूक करने की और अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत इस दिशा में लगातार कार्य कर रहा है। कार्यक्रम का संचालन करते हुए जिला सचिव दिवाकर सिंह एडवोकेट ने कहा किसी देश की अर्थव्यवस्था के मूल में ग्राहक ही होता है। हर व्यक्ति जन्म से लेकर मृत्यु तक ग्राहक होता है, परंतु सबसे ज्यादा ग्राहक ही ठगा जाता है।

### छूटे मतदाता जमा करें दावा आपत्ति फार्म: बालेन्दु भूषण

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी

तहसील सभागार सिरौलीगौसपुर में पंचायत चुनाव की अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित होने के बाद एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। तहसीलदार बालेन्दु भूषण वर्मा और खंड विकास अधिकारी संजीव कुमार गुप्ता ने इस बैठक में बीएलओ को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में अधिकारियों ने बीएलओ से कहा कि वे उन मतदाताओं के नाम जोड़ने के लिए दावा-आपत्ति फॉर्म जमा करें, जो अंतिम सूची में शामिल होने से छूट गए हैं। साथ ही, यदि किसी कारणवश किसी पात्र मतदाता का नाम कट गया है, तो उसे भी ठीक किया जाए। तहसीलदार बालेंदु भूषण वर्मा ने विशेष रूप से निर्देश दिए कि अगर किसी पंचायत में मृतक और विवाहित व्यक्तियों के नाम, जो गलती से सूची में रह गए हैं, उनका सत्यापन कर हटाया जाए। बीएलओ को अपने-अपने ग्राम पंचायतों में पुनः सर्वेक्षण करने के लिए कहा गया है। उन्हें यह सुनिश्चित करना होगा कि कोई भी पात्र मतदाता सूची में नाम जुड़वाने से वंचित न रहे और किसी का नाम गलती से न कटे। सभी दावा-आपत्ति फॉर्म निर्धारित समय पर जमा किए जाएं।

# सशस्त्र सीमा बल ने किया दो दिवसीय वालीबाल प्रतियोगिता का आयोजन



जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी

तृतीय वाहिनी सशस्त्र सीमा बल लखीमपुर खीरी द्वारा सीमा चौकी रघुनगर में वाइब्रेट गाँवों के युवाओ के मध्य 02 दिवसीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन एवं खेल सामान वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मिली जानकारी के अनुसार गत दिवस तृतीय वाहिनी. सशस्त्र सीमा बल, लखीमपुर द्वारा सीमा चौकी रघुनगर में नागरिक कल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत वाइब्रेट गाँवों के मध्य 02 दिवसीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसे शनिवार को देवानंद कमांडेंट, तृतीय वाहिनी, सशस्त्र सीमा बल, लखीमपुर खीरी के द्वारा कार्यक्रम का समापन किया गया। समापन से पूर्व उक्त प्रतियोगिता का फाइनल मैच चंदन चौकी 1/ह्य पचपेड़ा के मध्य हुआ, उक्त रोमांचक मुकाबले में चंदन चौकी गाँव की टीम विजता एवं पचपेडा गाँव की टीम उप-विजेता रही। कार्यक्रम के दौरान युवाओं को नागरिक कल्याण कार्यक्रम तहत खेल सामानों का वितरण किया गया है। इस प्रतियोगिता में सीमावर्ती क्षेत्रों के 06 गाँवों की टीमों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। यह आयोजन ग्रामीण युवाओं में खेल भावना, टीम वर्क, स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को प्रोत्साहित करने के साथ-साथ उनकी खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के साथ साथ उनकी खेल प्रतिभाओं को निखारने और आगे बढ़ने के अवसर प्रदान करेगा। इस अवसर पर भल्ला फर्म के मालिक विक्रम भल्ला, आशिक आली, प्रधान, डांगा, अजीत कुमार चौकी प्रभारी, चंदन चौकी एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं वाहिनी के जवान मौजूद रहे।

# विकास कार्यों के नाम पर प्रधान और सचिव ने डकारे 4 लाख 78 हजार, डीएम ने रिकवरी के दिए आदेश

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी




फतेहपुर। विकास खण्ड फतेहपुर क्षेत्र की ग्राम पंचायत नन्दरासी इन दिनों भ्रष्टाचार को लेकर क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है। सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आदेशों को ठेंगा दिखाकर ग्राम प्रधान व सचिव द्वारा भ्रष्टाचार का पालन पोषण किया गया है। कई लाख के हुए भ्रष्टाचार को लेकर डीएम ने ग्राम प्रधान व सचिव के विरुद्ध रिकवरी प्रक्रिया शुरू करने का आदेश जारी कर दिया है। मामला विकासखंड फतेहपुर क्षेत्र की ग्राम पंचायत नंदरासी का है। जहां पर प्रधान रामनिवास व सचिव की मिलीभगत से विभिन्न योजनाओं से निर्गत हुए चार लाख अठत्तर हजार तीन सौ तेतालीस रुपए प्रधान पुत्र के खाते में स्थानांतरण कर भ्रष्टाचार को पाला पोसा गया था। ग्राम सभा में रहने वाले वाले लोगों की शिकायत पर डीएम ने जांच कराई तो हेरा-फेरी का खुलासा हुआ। जांच कर रही टीम के खुलासे में निकलकर आया कि प्रधान रामनिवास ने नाली निर्माण व अन्य विकास कार्यों का पैसा स्वयं व अपने पुत्र अजय कुमार के खाते में भेजकर हड़प लिया है। भ्रष्टाचारी प्रधान ने 4 लाख 78 हजार 3 सौ 43 रुपये की राशि अपने पुत्र के खाते में भेजी गई है। जिसकी पुष्टि डीएम द्वारा गठित जांच टीम ने अपनी जांच रिपोर्ट में दर्शायी है। इस सम्बंध में डीपीआरओ नीतेश भोडेले से बात की गई तो उन्होंने बताया कि विगत 26 अप्रैल 2022 के शासनादेश के अनुसार ग्राम प्रधान के परिवार से संबंधित किसी भी फर्म या कंपनी को सरकारी सामग्री की आपूर्ति का ठेका नहीं दिया जा सकता। प्रधान रामनिवास ने इस नियम का उल्लंघन कर सरकारी धन का जमकर बंदरबांट किया है।

जांच टीम की आख्या मिलते ही डीएम ने प्रधान को नोटिस जारी कर स्वयं प्रस्तुत होकर लिखित ज़बाब मांगा था। गौरतलब है कि विगत समय ग्राम पंचायत नन्दरासी में भ्रष्टाचार के चलते प्रधान के वित्तीय और प्रशासनिक अधिकार सीज कर मार्च 2025 को छीन लिए गए थे। वही ग्राम पंचायत सदस्य हरिनाम को कार्यकारी प्रधान नियुक्त कर ग्राम पंचायत की बागडोर सौंपी गई थी। इससे पूर्व प्रधान रामनिवास पर भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी और ग्रामीण अभियंत्रण सेवा विभाग के सहायक अभियंता को सौंपी गई थी। उन्होंने अपनी जांच रिपोर्ट जिलाधिकारी को प्रस्तुत कर दी थी। रिपोर्ट प्राप्त होते ही जिला पंचायत राज अधिकारी ने बीती 8 जुलाई को जिला लेखा परीक्षा अधिकारी, सहकारी समितियां एवं पंचायत को पत्र जारी कर अपनी सुस्पष्ट जांच आख्या रिपोर्ट उपलब्ध कराने के निर्देश दिए थे। जिला लेखा परीक्षा अधिकारी की रिपोर्ट प्राप्त होने बाद प्रधान व सचिव दोनों को ग्राम पंचायत में हुए भ्रष्टाचार का दोषी पाए जाने पर डीएम ने प्रधान रामनिवास को वसूली की नोटिस जारी कर 15 दिन में अपना प्रत्यावेदन देने के निर्देश दिए हैं। इस संबंध में डीपीआरओ नीतेशे भोडले ने बताया कि अगर प्रधान व सचिव द्वारा समय से ज़बाब नही प्राप्त होता है। तो प्रधान और सचिव पर वैधानिक कार्रवाई कराते हुए पैसों की रिकवरी कराई जायेगी।

# डीएसी ने सेना के आधुनिकीकरण के लिए 79,000 करोड़ के प्रस्तावों को दी मंजूरी

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली



भारतीय सशस्त्र बलों की परिचालन क्षमताओं और युद्धक प्रभावशीलता को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के उद्देश्य से केंद्र सरकार ने एक बड़ा रणनीतिक निर्णय लिया है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में रक्षा अधिग्रहण परिषद (डीएसी) ने सोमवार को लगभग 79,000 करोड़ के रक्षा खरीद प्रस्तावों के लिए 'आवश्यकता स्वीकृति' प्रदान की। यह मंजूरी मुख्य रूप से भविष्य के युद्धक्षेत्र की जरूरतों, जैसे ड्रोन तकनीक, सटीक मारक क्षमता और उन्नत रडार प्रणालियों पर केंद्रित है।

### आर्थिक और औद्योगिक प्रभाव

ये सभी प्रस्ताव 'आत्मनिर्भर भारत' अभियान के तहत स्वदेशी विनिर्माण को बढ़ावा देंगे। रक्षा मंत्रालय के अनुसार, इन परियोजनाओं से भारतीय रक्षा उद्योगों, विशेषकर रक्षा क्षेत्र के सार्वजनिक उपक्रमों और निजी क्षेत्र के एमएसएमई को बड़े पैमाने पर ऑर्डर मिलेंगे, जिससे देश में रोजगार और तकनीकी नवाचार को गति मिलेगी। 79,000 करोड़ का यह निवेश न केवल सेनाओं की वर्तमान कमियों को दूर करेगा, बल्कि भारत को भविष्य के 'टेक्नोलॉजी-ड्रिवेन' युद्धों के लिए भी तैयार करेगा। पिनाका और एस्ट्रा जैसी स्वदेशी मिसाइल प्रणालियों पर भरोसा जताना वैश्विक स्तर पर भारत की बढ़ती रक्षा निर्यात क्षमताओं और रक्षा विनिर्माण में स्वावलंबन का प्रमाण है।

### वायुसेना: एयरोस्पेस सुरक्षा और लंबी दूरी की मारक क्षमता

भारतीय वायु सेना के बेड़े को और अधिक घातक बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण हथियारों और प्रणालियों की घोषणा की गई है। ये हैं–

- **एस्ट्रा एमके-II मिसाइल:** हवा से हवा में मार करने वाली इस उन्नत मिसाइल से लड़ाकू विमानों की दुश्मन को लंबी दूरी से नष्ट करने की क्षमता बढ़ेगी।
- **SPICE-1000 गाइडेंस किट:** यह किट भारतीय वायुसेना की लंबी दूरी की सटीक मारक क्षमता को और मजबूत करेगी।
- **फुल मिशन सिमुलेटर:** एलसीए तेजस के लिए सिमुलेटर पायलटों के प्रशिक्षण को अधिक किफायती, सुरक्षित और प्रभावी बनाएंगे।
- **ऑटोमैटिक टेक-ऑफ लैंडिंग रिकॉर्डिंग सिस्टम:** यह तकनीक एयरोस्पेस सुरक्षा में सुधार करेगी और हर मौसम में स्वचालित रिकॉर्डिंग उपलब्ध कराएगी।

### भारतीय सेना: ड्रोन डिटेक्शन और सटीक हमले पर जोर

थल सेना के लिए स्वीकृत प्रस्तावों में आधुनिक तकनीक का समावेश किया गया है, जो सामरिक युद्ध क्षेत्र में भारत की बढ़त सुनिश्चित करेंगे। लोइटर मुनिशन सिस्टम: सामरिक लक्ष्यों पर सटीक और घातक हमले करने के लिए इन प्रणालियों की खरीद को मंजूरी दी गई है–

- **लो लेवल लाइट वेट रडार:** ये रडार छोटे आकार के और कम ऊंचाई पर उड़ने वाले मानवरहित हवाई प्रणालियों का पता लगाने और उन पर नजर रखने में सक्षम होंगे।
- **पिनाका एमआरएलएस:** पिनाका मल्टीपल लॉन्च रॉकेट सिस्टम के लिए लंबी दूरी के निर्देशित रॉकेट गोला-बारूद को मंजूरी मिली है, जिससे उच्च मूल्य वाले लक्ष्यों को अधिक सटीकता से निशाना बनाया जा सकेगा।
- **ड्रोन डिटेक्शन सिस्टम:** एकीकृत ड्रोन डिटेक्शन एंड इंटरडिक्शन सिस्टम एमके-II भारतीय सेना की महत्वपूर्ण संपत्तियों की रक्षा करेगा।

### भारतीय नौसेना: समुद्री जागरूकता और सुरक्षित संचार

नौसेना की क्षमताओं को आधुनिक बनाने के लिए निम्नलिखित प्रस्तावों को हरी झंडी दी गई है–

- **बीपी टग्स:** ये टग्स बंदरगाहों और संकरे जलक्षेत्र में जहाजों और पनडुब्बियों की पैंतरेबाजी और लंगर डालने में सहायक होंगे।
- **सॉफ्टवेयर डिफाइंड रेडियो:** हाई फ्रीक्वेंसी एसडीआर मैनपैक के शामिल होने से बोर्डिंग और लैंडिंग ऑपरेशंस के दौरान लंबी दूरी का सुरक्षित संचार सुनिश्चित होगा।
- **HALE RPAS (पट्टा):** हिंद महासागर क्षेत्र में निरंतर निगरानी और खुफिया जानकारी जुटाने के लिए हाई एल्टीट्यूड लॉन्ग रेंज रिमोटली पायलेटेड एयरक्राफ्ट सिस्टम को पट्टे पर लिया जाएगा।

## रिकॉर्ड ऊंचाई के बाद चांदी में भारी गिरावट

# मुनाफावसूली से सोना भी फिसला



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

भारतीय कमोडिटी बाजार में सोमवार को भारी उथल-पुथल देखने को मिली। पिछले कुछ सत्रों से जारी रिकॉर्ड तोड़ तेजी पर ब्रेक लगाते हुए निवेशकों ने जमकर मुनाफावसूली की। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर चांदी की कीमतें अपने अब तक के उच्चतम स्तर से करीब 3 प्रतिशत तक टूट गईं, वहीं सोने ने भी अपनी चार दिनों की तेजी का सिलसिला समाप्त कर दिया।

### 7,000 रुपये से ज्यादा की गिरावट

सप्ताह के पहले कारोबारी दिन चांदी के वायदा कारोबार में जबरदस्त अस्थिरता रही। शुरुआती कारोबार में चांदी ने 2,54,174 रुपये प्रति किलोग्राम का नया लाइफटाइम हाई छुआ, लेकिन इस स्तर पर टिकने में नाकाम रही। ऊंचे स्तरों पर निवेशकों द्वारा मुनाफावसूली किए जाने से कीमतें तेजी से नीचे आईं। एमसीएक्स पर चांदी का वायदा भाव 7,124 रुपये यानी 2.97 प्रतिशत गिरकर 2,32,663 रुपये प्रति किलोग्राम के निचले स्तर पर आ गया। गौरतलब है कि पिछले एक सप्ताह में चांदी में करीब 15.04 प्रतिशत (31,348 रुपये) की रिकॉर्ड तेजी दर्ज की गई थी, जिसके बाद तकनीकी रूप से सुधार की उम्मीद की जा रही थी।

### सोने की चार दिनों की तेजी थमी

पीली धातु यानी सोने में भी सोमवार को सुस्ती का माहौल रहा। सोना मजबूती के साथ खुला था, लेकिन जल्द ही मुनाफावसूली के दबाव में आ गया। सोने का वायदा भाव 1,497 रुपये यानी 1.07 प्रतिशत गिरकर 1,38,376 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया। बीते शुक्रवार को ही सोने ने 1,40,465 रुपये प्रति 10 ग्राम का नया शिखर छुआ था।

### 'ओवरबॉट' टेरिटरी में कीमती धातुएं

एचडीएफसी सिक्योरिटीज में कमोडिटी के वरिष्ठ विश्लेषक सौमिल गांधी के अनुसार, 'यूरोपीय कारोबारी सत्र के दौरान सोने और चांदी की कीमतों में रिकॉर्ड ऊंचाई से गिरावट देखी गई। यह मुख्य रूप से रिकॉर्ड तोड़ तेजी के बाद व्यापारियों द्वारा की गई मुनाफावसूली का परिणाम है। ' गांधी ने आगे विश्लेषण करते हुए कहा कि लंबे समय के चार्ट पर सोना और चांदी दोनों ही 'ओवरबॉट' स्थिति में पहुंच गए हैं। यह एक सावधानी का संकेत है और बाजार में आगे बढ़ने से पहले एक स्वस्थ सुधार की आवश्यकता है। उन्होंने संभावना जताई कि महीने के अंत और साल के अंत में पोर्टफोलियो रि-बैलेंसिंग के कारण कीमतों पर और दबाव देखा जा सकता है।

### वैश्विक बाजार का हाल

अंतरराष्ट्रीय बाजारों में भी स्थिति समान रही। कॉमेक्स पर चांदी का मार्च 2026 अनुबंध अपने रिकॉर्ड स्तरों से तेजी से नीचे आया। सफेद धातु 3.49 डॉलर यानी 4.51 प्रतिशत गिरकर 73.71 डॉलर प्रति औंस पर आ गई। इससे पहले सत्र में चांदी ने पहली बार 80 डॉलर प्रति औंस के स्तर को पार करते हुए 82.67 डॉलर का रिकॉर्ड बनाया था। वहीं, अंतरराष्ट्रीय बाजार में फरवरी डिलीवरी वाला सोना 72.55 डॉलर यानी 1.59 प्रतिशत की गिरावट के साथ 4,480.15 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था। इंट्राडे सत्र में इसने 4,581.3 डॉलर का उच्च स्तर छुआ, जो शुक्रवार के रिकॉर्ड (4,584 डॉलर) के बेहद करीब था। बाजार विशेषज्ञों का मानना है कि फिलहाल बुलियन मार्केट में अस्थिरता बनी रह सकती है। निवेशक साल के अंत में अपनी पोजीशन को एडजस्ट कर रहे हैं, जिससे कीमतों में उतार-चढ़ाव स्वाभाविक है। हालांकि, तकनीकी सुधार के बाद लंबी अवधि में बुलियन की चाल वैश्विक आर्थिक संकेतों और भू-राजनीतिक स्थितियों पर निर्भर करेगी।

# सुप्रीम कोर्ट ने लगाई कुलदीप सेंगर की जमानत पर रोक

जन एक्सप्रेस । गाजियाबाद



उन्नाव बलात्कार मामले में दोषी ठहराए गए पूर्व भाजपा विधायक कुलदीप सिंह सेंगर की जमानत पर सुप्रीम कोर्ट द्वारा रोक लगाने के फैसले ने देश भर के सामाजिक कार्यकर्ताओं और महिला अधिकार संगठनों में खुशी की लहर दौड़ा दी है। दिल्ली हाईकोर्ट द्वारा हाल ही में दी गई जमानत को सुप्रीम कोर्ट ने स्थगित कर दिया, जिसके बाद सेंगर को जेल में ही रहना पड़ेगा। इस फैसले को पीड़िता के न्याय की दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा है, और कार्यकर्ता इसे न्याय व्यवस्था की जीत बता रहे हैं। यह मामला 2017 का है, जब उन्नाव की एक नाबालिग लड़की ने सेंगर पर बलात्कार का आरोप लगाया था। दिसंबर 2019 में दिल्ली की एक अदालत ने सेंगर को आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी। हाल ही में दिल्ली हाईकोर्ट ने उनकी सजा को निलंबित कर जमानत दे दी थी, जिसके खिलाफ पीड़िता की मां और सीबीआई ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की। सोमवार को सुप्रीम कोर्ट की पीठ ने हाईकोर्ट के आदेश पर रोक लगा दी और कहा कि सेंगर की रिहाई से पीड़िता की सुरक्षा को खतरा हो सकता है। अदालत ने मामले की अगली सुनवाई जनवरी 2026 में तय की है।

### यह न्याय की शुरुआत है – योगिता भयाना

सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले के बाद सामाजिक कार्यकर्ताओं ने सोशल मीडिया और सार्वजनिक मंचों पर अपनी खुशी जाहिर किया है। महिला अधिकारों और उन्नाव रेप पीड़िता को लेकर उसके लिए मुहिम चलाने वाली प्रमुख सामाजिक कार्यकर्ता योगिता भयाना ने कहा यह फैसला हमें विश्वास दिलाता है कि न्याय व्यवस्था अभी भी जीवित है। हाईकोर्ट के फैसले से हम सब स्तब्ध थे, लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने साबित कर दिया कि शक्तिशाली लोगों के खिलाफ भी कानून बराबर है। पीड़िता और उसके परिवार को अब थोड़ी राहत मिलेगी। योगिता भयाना हाल ही में जंतर मंतर पर हाईकोर्ट के जमानत फैसले के खिलाफ प्रदर्शन कर रही थीं, जहां कई कार्यकर्ताओं को दिल्ली पुलिस द्वारा हिरासत में लिया गया था। कांग्रेस महिला नेताओ रागिनी नायक और अलका लांबा ने भी सोशल मीडिया पर खुशी जाहिर करते हुए ने भी इस फैसले का स्वागत किया। उनका माने तो अपराधियों को जमानत मिलना महिलाओं के खिलाफ एक संदेश था, लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने इसे पलटकर समाज को आश्वस्त किया है। हमारी लड़ाई जारी रहेगी, लेकिन आज खुशी का दिन है। पीड़िता की मां ने फैसले पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा, हमें न्याय मिला है। सेंगर की रिहाई से हम डर गए थे, लेकिन अब थोड़ी सुकून है। परिवार ने जंतर मंतर पर प्रदर्शन किया था, जहां उन्होंने सुरक्षा की मांग की। कार्यकर्ताओं का कहना है कि इस फैसले से पीड़िताओं को अदालतों पर भरोसा बढ़ेगा।

### गाजियाबाद में दौड़ी खुशी की लहर महिलाओं ने किया स्वागत

ट्रांस हिंडन समेत गाजियाबाद में सुप्रीम कोर्ट के फैसले से खुशी की लहर दौड़ गई है। सामाजिक कार्यकताओं के साथ विपक्षी राजनीतिक दलों ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले का स्वागत किया है। सत्ता धारी संगठन से जुड़ी महिलाओं ने दबे जुबान से महिलाओं के आत्मसम्मान के फैसले पर मिली सुरक्षा पर खुशी जाहिर किया है। कांग्रेस , सपा ,बसपा ,आम आदमी पार्टी के नेताओं कार्यकर्ताओं ने इसे राजनीति में बढ़ते अपराधीकरण और भाजपा नेताओं को कटघरे ।खड़ा करते हुए सार्थक पहल बताया है। विपक्षियों ने अब उत्तराखंड में अंकिता भंडारी को न्याय दिलाने के लिए मुहिम शुरू करने की भी बात किया है।

# टाटानगर-एर्नाकुलम एक्सप्रेस के दो कोच में लगी आग, एक की मौत, फोरेंसिक टीमें जांच में जुटीं



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। विशाखापत्तनम

आंध्र प्रदेश के येलामांचिली इलाके में टाटानगर-एर्नाकुलम एक्सप्रेस के दो कोच में आग लग गई। इस हादसे में एक यात्री की मौत हो गई। आग लगने की वजह अभी पता नहीं है और इसकी फोरेंसिक जांच की जा रही है। एक अधिकारी ने बताया कि जिन दो कोच में आग लगी, उनमें से एक में 82 तो दूसरे में 76 यात्री सवार थे।

### पुलिस ने बताया रात 12.45 बजे मिली आग की सूचना

एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि उन्हें ट्रेन में आग लगने की सूचना देर रात 12.45 बजे मिली। हादसे के बाद आग की चपेट में आए बी-1 कोच में एक शव बरामद हुआ है। मृतक की पहचान चंद्रशेखर सुंदरम के रूप में हुई है। हादसे के बाद आग से प्रभावित दोनों कोचों को ट्रेन से अलग कर दिया गया और ट्रेन को उसके गंतव्य एर्नाकुलम की तरफ रवाना कर दिया गया। वहीं हादसाग्रस्त दोनों कोचों के यात्रियों को भी जल्द उनके गंतव्य की तरफ रवाना किया जाएगा। दो फोरेंसिक टीमें आग की वजह का पता लगाने में जुटी हैं।

### आग में दोनों डिब्बे जलकर खाक

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, बी-1 और एम-2 डिब्बों में आग लगी। आग जिस समय लगी, उस समय सभी यात्री आराम से सो रहे थे। लोको पायलट को जैसे ही ट्रेन में आग लगने का पता चला, वैसे ही लोको पायलट ने तुरंत ही ट्रेन को रोक दिया। दमकल कर्मियों को तुरंत सूचना दी गई। दमकलकर्मियों के पहुंचने तक दोनों डिब्बे पूरी तरह से जल चुके थे और पूरा स्टेशन धुएं से ढक गया। हादसे में एक यात्री की मौत के अलावा कुछ अन्य यात्री मामूली रूप से घायल भी हुए हैं। हालांकि यात्रियों का सारा सामान जलकर राख हो गया। हादसे के चलते विशाखापत्तनम विजयवाड़ा रूट पर चलने वाली सभी ट्रेनें फिलहाल रद्द कर दी गई हैं।

# गोवा नाइटक्लब आग मामले में लूथरा भाईयों को कोर्ट ने 9 जनवरी तक न्यायिक हिरासत में भेजा

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

बर्च बाय रोमियो लेन नाइटक्लब में लगी आग के मामले में पुलिस ने इसके संचालक लूथरा बंधुओं को गिरफ्तार किया था। अब दोनों भाइयों सौरभ और गौरव लूथरा को कोर्ट ने 9 जनवरी तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। उनका पुलिस हिरासत आज खत्म हो गई थी। कोर्ट ने अभियोजन पक्ष की दलीले सुनने के बाद उन्हें 9 जनवरी तक न्यायिक हिरासत में भेजने की मंजूरी दे दी है। उनके वकील, पराग राव ने बताया कि न्यायिक हिरासत में भेजेने का मतलब है कि पुलिस पूछताछ खत्म हो गई है। मीडिया से बात करते हुए उन्होंने बताया कि पुलिस हिरासत आज खत्म हो गई थी, लेकिन मजिस्ट्रेट ने अभियोजन पक्ष की 9 जनवरी तक उन्हें न्यायिक हिरासत में रखने की अपील को मंजूरी दे दी। राव ने आगे बताया कि दोनों भाईयों ने अभी जमानत नहीं मांगी है। दोनो भाई को दवाओं की इजाजत दी गई है। दोनों भाई पुलिस हिरासत में रहते हुए दवा ले रहे थे। पुलिस कोर्ट में मेडिकल डॉक्यूमेंट जमा करेगी। इसी के आधार पर न्यायिक हिरासत में उन्हें दवा की आपुर्ति की जाएगी। बीते छह दिसंबर की रात, अरपोरा स्थित बिर्च बाय रोमियो नाइटक्लब में अचानक आग लग गई थी।

# गाजियाबाद में हिंदू रक्षा दल द्वारा तलवार वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया

जन एक्सप्रेस। गाजियाबाद



ग़ाज़ियाबाद के शालीमार गार्डन हिंदू रक्षा दल द्वारा अपने कार्यालय पर आमजन को तलवार वितरण किया गया । इस अवसर पर पदाधिकारियों ने आत्म-सुरक्षा के उद्देश्य से हिंदू समाज को सतर्क, संगठित और तैयार रहने की जरूरत बताया। उनका दावा है कि हर परिवार के पास आत्म-रक्षा के साधन होने चाहिए। जिससे बहन-बेटियों के साथ-साथ स्वयं की सुरक्षा की जा सके। हिंदू रक्षा दल के नेताओं ने अपने बयान में कहा कि वे ऐसे हालात नहीं चाहते, जैसे हाल के समय में बांग्लादेश में हिंदुओं के साथ होने की घटनाओं को लेकर खबरें सामने आई हैं। संगठन का कहना है कि आत्म-रक्षा की तैयारी से किसी भी तरह की असुरक्षा की स्थिति से निपटा जा सकता है और हिंदू समाज को सुरक्षित रखा जा सकता है। हिंदू रक्षा दल का कहना है कि भविष्य में वे आत्म-सुरक्षा की ट्रेनिंग भी देंगे, जिसमें हथियारों के सही उपयोग और आत्म-रक्षा के तरीकों की जानकारी दी जाएगी, ताकि लोग अपने परिवार, बहन-बेटियों और समाज की सुरक्षा कर सकें।

### शांति व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन सतर्क

गाजियाबाद पुलिस आयुक्त जिले की शांति और सुरक्षा व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त करने के लिए अपने मातहतों के साथ लगातार बैठक और क्षेत्र भ्रमण कर रहे हैं। जिससे किसी भी अशांति अथवा अपराध में अपराधी के खिलाफ कार्यवाही किया जा सके। ज्ञात हों कि आपराधिक गतिविधियों में शामिल पूर्व अपराधियों के खिलाफ हर थाने में विशेष निगाहें रखी जा रही है। जिससे अपराध पर नियंत्रण किया जा सके।

# एंजेल की मौत पर विपक्ष आक्रामक, राहुल बोले, बीजेपी राज में नफरत सामान्य

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली



उत्तराखंड की राजधानी देहरादून में त्रिपुरा के छात्र एंजेल चकमा की हत्या के मामले ने अब बड़ा राजनीतिक रूप ले लिया है। इस घटना को लेकर विपक्ष ने केंद्र सरकार और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर तीखा हमला बोला है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और राज्यसभा सांसद कपिल सिब्बल ने इसे 'नफरती अपराध' करार देते हुए सरकार की चुप्पी पर सवाल उठाए हैं। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने एंजेल चकमा की हत्या की कड़ी निंदा की है। उन्होंने सोमवार को भाजपा पर हमला बोलते हुए कहा कि सत्ताधारी पार्टी ने नफरत को सामान्य बना दिया है, जिसकी वजह से ऐसी घटनाएं हो रही हैं। इसको लेकर राहुल गांधी ने एक्स पर लिखा, 'देहरादून में एंजेल चकमा और उनके भाई माइकल के साथ जो हुआ, वह नफरत का एक भयावह उदाहरण है। नफरत रातों-रात पैदा नहीं होती, बल्कि इसे रोज बढ़ावा दिया जा रहा है। दुर्भाग्यपूर्ण यह है कि हमारे युवाओं को जहरीले कंटेंट और गैर-जिम्मेदार कहानियों के जरिए प्रभावित किया जा रहा है, जिससे ऐसी हिंसा को समाज में सामान्य बनाया जा रहा है। भारत की नींव सम्मान और एकता पर टिकी है, डर और नफरत पर नहीं।

### कपिल सिब्बल की अमित शाह से अपील

वहीं, राज्यसभा सांसद कपिल सिब्बल ने भी इस मुद्दे पर केंद्र सरकार को घेरा है। उन्होंने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से अपील की कि वे नफरत भरे अपराधों के खिलाफ अपनी आवाज उठाएं। सिब्बल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, 'एंजेल चकमा की हत्या नफरत भरे अपराध और कट्टरता का एक चौंकाने वाला उदाहरण है। यह मामला सरकार और उन नेताओं की चुप्पी का सबूत भी है, जो अपनी निष्क्रियता से इसमें शामिल हैं।' सिब्बल ने गृह मंत्री अमित शाह से नफरत भरे अपराधों के खिलाफ आवाज उठाने की अपील भी की। '

# असम ही नहीं पूरे देश में बांग्लादेशी घुसपैठियों की करेंगे पहचान: शाह

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। गुवाहाटी

- अमित शाह ने पहले असम के नगांव जिले में वैष्णव संत श्रीमंत शंकरदेव के जन्मस्थान बटाद्रवा का उद्घाटन किया
- असम में हिमंत बिस्वा सरमा सरकार ने बांग्लादेशी घुसपैठियों से 1 लाख बीघा से ज्यादा जमीन खाली करवाई है



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सोमवार को असम के एक दिन के दौरे पर पहुंचे, जहां उन्होंने कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन किया। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पहले असम के नगांव जिले में वैष्णव संत श्रीमंत शंकरदेव के जन्मस्थान बटाद्रवा का उद्घाटन किया। बटाद्रवा को 227 करोड़ रुपये की लागत से पुनर्विकसित किया गया है। इस दौरान असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा, केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल और पवित्र मार्गेरिटा और राज्य के संस्कृति मंत्री बिमल बोरा मौजूद रहे।

### एक लाख बीघा जमीन अतिक्रमण से मुक्त कराई

बोरदुरवा में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए अमित शाह ने कहा, वैष्णव संत श्रीमंत शंकरदेव के जन्मस्थान को अतिक्रमण से मुक्त कराया गया। वैष्णव संत श्रीमंत शंकरदेव ने 'एक भारत' का आह्वान किया था, जिसका अब पीएम नरेंद्र मोदी पालन कर रहे हैं। अमित शाह ने दावा किया कि असम में हिमंत बिस्वा सरमा सरकार ने बांग्लादेशी घुसपैठियों से 1 लाख बीघा से ज्यादा जमीन खाली करवाई है। हम न सिर्फ असम से बल्कि पूरे भारत से सभी बांग्लादेशी घुसपैठियों की पहचान करेंगे। उन्होंने कहा, हमने उग्रवादी संगठनों के साथ शांति समझौते किए, इन समझौतों की 92% शर्तें पूरी हो चुकी हैं।

### पूरे देश से घुसपैठियों की पहचान की जाएगी

शाह ने कहा, 'बीजेपी पूरे देश से सभी घुसपैठियों को हटाने का संकल्प लेती है। क्या यह सही था कि शंकरदेव की इस जगह पर बांग्लादेशी घुसपैठिए थे? मैं हिमंत बिस्वा सरमा को यहां से घुसपैठियों को हटाने और नामघर को फिर से स्थापित करने के लिए बधाई देता हूं। एक लाख बीघा से ज्यादा जमीन घुसपैठियों से आजाद कराई गई है। कांग्रेस ने इतने वर्षों तक राज किया, लेकिन उसने असम आंदोलन में जान देने वालों के लिए कुछ नहीं किया। कांग्रेस पार्टी वर्षों तक घुसपैठियों को आगे बढ़ाती रही और 1983 में आईएमडीटी एक्ट लाकर उन्होंने घुसपैठियों को यहां बसने का कानूनी रास्ता बनाया।' केंद्रीय गृहमंत्री ने कहा, 'आज मैं भारत रत्न गोपीनाथ जी को बड़ी श्रद्धा के साथ याद करता हूं, जिन्होंने पंडित जवाहर लाल नेहरू को असम को भारत में रखने के लिए मजबूर कर दिया। गोपीनाथ जी न होते तो शायद ये असम और पूरा उत्तर पूर्व आज भारत का हिस्सा न होता।'

### वैष्णव संत श्रीमंत शंकरदेव के जन्मस्थल के पुनर्विकास प्रोजेक्ट का किया उद्घाटन

गृह मंत्री ने असम दौरे की शुरुआत गुवाहाटी में 'शहीद स्मारक क्षेत्र' में अवैध घुसपैठियों के खिलाफ असम आंदोलन के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करके की। इसके बाद बटाद्रवा पहुंचने पर गृह मंत्री का 'गायन-बयान' (गायक और ढोल वादक) द्वारा पारंपरिक स्वागत किया गया। शाह ने संत शंकरदेव के जन्मस्थल का पुनर्विकास के बाद उद्घाटन किया। उद्घाटन के बाद शाह केंद्रीय भवन में भी गए जहां 'गुरु आसन' (पूजनीय संत की सीट) रखी है। 'महापुरुष श्रीमंत शंकरदेव आविर्भाव क्षेत्र' नाम की इस जगह को फिर से विकसित करने का फैसला सबसे पहले 2021-22 के राज्य बजट में प्रस्तावित किया गया था। इस परियोजना को न केवल ऐतिहासिक स्थल बल्कि एक प्रमुख पर्यटन स्थल बनाने के लिए भी डिजाइन किया गया है। यहां महापुरुष शंकरदेव से जुड़े जीवन, आदर्शों और कलात्मक विरासत और राज्य की व्यापक सांस्कृतिक परंपराओं को भी दर्शाया गया है। सरमा ने कहा कि यह परियोजना (आविर्भाव क्षेत्र), महापुरुष श्रीमंत शंकरदेव की विरासत का सम्मान करते हुए, 'असम के सत्रों, नामघरों और सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने की हमारी प्रतिबद्धता' को मजबूत करती है।

### गुवाहाटी में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी करने वाले आईसीसीएस सेंटर की देंगे सौगात

इसके बाद अमित शाह गुवाहाटी लौटेंगे, जहां वे शहर की सुरक्षा को मजबूत करने के लिए गुवाहाटी पुलिस कमिश्नरेट की 111 करोड़ रुपये की नई इमारत और 189 करोड़ रुपये के इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सिस्टम (ढ्ढष्टष्टस्) का उद्घाटन करेंगे। ढ्ढष्टष्टस् राज्य में सुरक्षा और इमरजेंसी रिस्पॉन्स सिस्टम को मजबूत करने के लिए गुवाहाटी में 2,000 से ज़्यादा ष्टष्टञ्ज कैमरों की निगरानी करेगा। शाह शाम में नई दिल्ली रवाना होने से पहले गुवाहाटी में 291 करोड़ रुपये के ज्योति बिष्णु सांस्कृतिक परिसर का भी उद्घाटन करेंगे। यह 5,000 सीटों वाला एक ऑडिटोरियम है।